सूर्योदय 6:40 सूर्यास्त 6:24

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.0 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 17.0 न्यू | 32.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78,919 |
| निफ्टी | 24,450 |

सोना 1,59,409 चांदी 2,63,210

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | रविवार, 8 मार्च 2026 | 25 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 3, अंक 69, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# हिमाचल में रिजर्वेशन रोस्टर के नियम बदले

## लगातार 2 कार्यकाल तक आरक्षित रहीं पंचायतें अब नहीं होंगी आरक्षित, पति से अलग रह रही महिला अब निराश्रित

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में आयोजित हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की महत्वपूर्ण बैठक में राज्य के विकास, प्रशासनिक सुधार, ऊर्जा क्षेत्र, शिक्षा, खेल और पर्यटन से जुड़े कई बड़े फैसले लिए गए। इन निर्णयों से जहां पंचायत व्यवस्था में पारदर्शिता और संतुलन को बढ़ावा मिलेगा, वहीं युवाओं के लिए नए अवसर सृजित होंगे और प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को भी नई गति मिलने की उम्मीद है। सरकार ने कई विभागों में नियुक्तियों, योजनाओं के विस्तार और प्रशासनिक सुधारों को मंजूरी देकर विकास की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए हैं।

बैठक में पंचायत राज नियमों में संशोधन को मंजूरी दी गई है, जिसके तहत पंचायतों को बार-बार एक ही श्रेणी के लिए आरक्षित नहीं रखा जाएगा। वर्ष 2010 से लगातार आरक्षित पंचायतों में अब रोस्टर परिवर्तन किया जाएगा, जिससे विभिन्न वर्गों को प्रतिनिधित्व का अवसर मिल सकेगा।



सचिवालय में मंत्रिमंडल की बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू। अनंत ज्ञान

### अंशकालिक जलवाहकों की सेवाएं होंगी नियमित

कैबिनेट ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन और राज्य के विभिन्न विकास तथा प्रशासनिक मामलों में भी संशोधन को मंजूरी दी। सामाजिक सुरक्षा पेंशन नियम, 2010 में 'निराश्रित' की परिभाषा को स्पष्ट करते हुए लाभ प्राप्ति प्रक्रिया को सरल बनाने को मंजूरी दी। नई व्यवस्था के तहत पति द्वारा परित्यक्त महिलाएं, जो पति के साथ नहीं रह रही हैं और जिनकी कोई स्वतंत्र आय नहीं है, उन्हें निराश्रित महिला माना जाएगा।

कैबिनेट ने स्वर्ण जयंती ऊर्जा नीति के तहत स्थानीय क्षेत्र विकास कोष का 40 प्रतिशत बच्चों को वित्तीय सहायता देने के लिए जारी करने का निर्णय लिया। कैबिनेट ने सिरमौर जिले के शिक्षा विभाग में कार्यरत अंशकालिक जलवाहकों की सेवाओं को नियमित करने का भी निर्णय लिया है। वे कर्मचारी जिन्होंने सात वर्ष अंशकालिक जल वाहक और चार वर्ष दैनिक वेतनभोगी के रूप में 31 मार्च 2025 तक कुल 11 वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उनकी सेवाओं को नियमित किया जाएगा। इस निर्णय से लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों को राहत मिलने की उम्मीद है।

### 15 हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजनाएं रद्द

**कैबिनेट** बैठक में 15 हाइड्रोइलेक्ट्रिक परियोजनाओं को रद्द करने का निर्णय लिया गया, जो वन-टाइम छूट योजना का लाभ लेने के बावजूद चालू नहीं हो सकीं। पंडोह में 10 मेगावाट का स्मॉल हाइड्रो प्रोजेक्ट भाखड़ा बीस मैनेजमेंट बोर्ड को आवंटित करने का निर्णय, राज्य सरकार को 13 प्रतिशत मुफ्त बिजली और 5 प्रतिशत शेयर बिजली के रूप में प्राप्त होगी।

### चंडीगढ़-शिमला रूट पर हेली टैक्सी सेवा का विस्तार, अब रोज दो उड़ानें

**कैबिनेट** ने प्रदेश में पर्यटन और परिवहन क्षेत्र को गति देने के लिए चंडीगढ़-शिमला-चंडीगढ़ मार्ग पर हेली टैक्सी सेवा का विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। मंत्रिमंडल ने इस सेवा को तीन राउंड से बढ़ाकर सप्ताह में बारह राउंड करने की मंजूरी दी है, जिससे छह दिन तक प्रतिदिन दो उड़ानें संचालित होंगी। राज्य सरकार इस सेवा के लिए वायबिलिटी गैप फंडिंग प्रदान करेगी, जिससे प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा मिलने के साथ ही यात्रियों को भी अधिक सुविधाजनक हवाई संपर्क उपलब्ध हो सकेगा। इससे राज्य में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।

### हिमुडा को 80 वर्ष की भूमि लीज

**मंत्रिमंडल** ने हिमाचल प्रदेश शहरी विकास प्राधिकरण के पक्ष में भूमि लीज अवधि को 80 वर्ष तक बढ़ाने की स्वीकृति प्रदान की है। इसके लिए हिमाचल प्रदेश लीज नियम 2013 के नियम 7 में संशोधन किया जाएगा, क्योंकि इससे पहले राज्य सरकार अधिकतम 40 वर्ष के लिए ही भूमि लीज पर दे सकती थी। इसके साथ ही वर्ष 2016 में चयनित पटवारी पद के शेष सात अभ्यर्थियों को लाहौल-स्पीति और कुल्लू जिलों में रिक्त पदों पर नियुक्त करने की भी मंजूरी दी गई है।

### इंजीनियरिंग व फार्मेसी कॉलेजों में रखे जाएंगे 60 जूनियर असिस्टेंट प्रोफेसर

**मंत्रिमंडल** ने शिक्षा और खेल क्षेत्र में भी कई अहम फैसले लिए हैं। जल जीवन मिशन के अंतर्गत आउटसोर्स कर्मचारियों का वेतन अब राज्य सरकार वहन करेगी। विभिन्न इंजीनियरिंग और फार्मेसी महाविद्यालयों में 60 जूनियर असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्त किए जाएंगे, जबकि सहकारिता विभाग में दो सहायक रजिस्ट्रार और 30 निरीक्षक पद भरे जाएंगे। खेल छात्रावासों में 16 प्रशिक्षकों की नियुक्ति को भी मंजूरी दी गई है तथा हमीरपुर के खड़ीड़ी स्थित खेल छात्रावास की क्षमता बढ़ाकर 100 करने का निर्णय लिया गया है, जिसे राज्य स्तरीय उत्कृष्ट खेल केंद्र घोषित किया गया है। इसके अलावा, सूचना एवं जन संपर्क विभाग में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के तीन पद भरने को भी स्वीकृति प्रदान की गई। ऊना जिले के गागरेट में सब-डिविजनल पुलिस ऑफिस बनाने, शिमला जिले के कोटखाई और सिरमौर जिले के पांवटा साहिब में नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए भूमि हस्तांतरण की मंजूरी दी गई। इससे इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## न्यूज शॉर्ट्स

### केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**एजेंसी, लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने सुबह 10.45 बजे लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी। 30 मिनट बाद ही हेलिकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया। अंदर धुआं भरने लगा। पायलट ने तुरंत लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल यानी एटीसी को सूचना दी। इमरजेंसी लैंडिंग की परमिशन मांगी। विमान तब तक 50 किमी दूर बछरावां तक पहुंच गया था। अनुमति मिलते ही पायलट ने वापस लखनऊ एयरपोर्ट की तरफ मोड़ दिया। एयरपोर्ट पर सुबह 11.15 बजे हेलिकॉप्टर की सुरक्षित लैंडिंग करवाई। लैंडिंग तक हेलिकॉप्टर में काफी धुआं भर गया था। हेलिकॉप्टर से केशव समेत 6 लोगों को सुरक्षित नीचे उतारा गया। (अनंत ज्ञान)

### पत्रकार छत्रपति हत्याकांड में राम रहीम को किया बरी

**एजेंसी, चंडीगढ़।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट ने पत्रकार रामचंद्र छत्रपति हत्याकांड में डेरा सच्चा सौदा के राम रहीम को बरी कर दिया है। हालांकि कोर्ट ने 3 आरोपियों कुलदीप सिंह, निर्मल सिंह और कृष्ण लाल की सजा को बरकरार रखा है। इससे पहले 17 जनवरी 2019 को पंचकूला की स्पेशल सीबीआई कोर्ट ने राम रहीम समेत बाकी सभी आरोपियों को 7 साल कैद की सजा सुनाई थी, जिसके खिलाफ आरोपियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि इस हत्याकांड में राम रहीम के साजिशकर्ता होने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। जिस वजह से राम रहीम को बरी कर दिया गया। राम रहीम इससे पहले डेरा मैनेजर रणजीत हत्याकांड में पहले ही हाईकोर्ट से बरी हो चुका है। हालांकि सीबीआई ने इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण केस में 10 साल कैद की सजा हुई है। इस वजह से राम रहीम को अभी जेल में ही रहना होगा। (अनंत ज्ञान)

### जीएसटी उपायुक्त 20 लाख की घूस लेते काबू

**एजेंसी नासिक।** महाराष्ट्र के नासिक में राज्य कर (जीएसटी) विभाग के उपायुक्त सोमनाथ दत्तू पागे और एक अन्य को 20 लाख की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के अधिकारियों ने बताया कि उपायुक्त पागे और सहायक आयुक्त मच्छिंद्र विट्ठल डोंडे ने शिकायतकर्ता के नासिक स्थित कार्यालय पर छापा मारा था और जीएसटी के तहत कार्रवाई से बचाने के लिए 1.25 करोड़ रुपए की रिश्वत मांगी थी। बाद में यह रकम घटाकर 1 करोड़ रुपये कर दी गई। शिकायत मिलने पर एसीबी ने जाल बिछाया और पागे के सहयोगी अमित जाधव को 20 लाख रुपए की पहली किश्त लेते समय रंगे हाथों पकड़ लिया। पागे के कार्यालय से 2 लाख रुपए नकद और मोबाइल फोन भी बरामद किए गए। सहायक आयुक्त मच्छिंद्र विट्ठल की तलाश की जा रही है। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- हिमाचल को एनसीवीईटी से ड्यूल कैटेगरी मान्यता: रोहित -पेज 2
- 'मेरा सपना ओलंपिक में खेलने का: स्नेह लता -पेज 3
- एचआरटीसी बस और बाइक में टक्कर, दो युवकों की मौत -पेज 5
- कुल्लू-मनाली की अर्थव्यवस्था पर मंडराया संकट -पेज 11

# हिमाचल में मौसम ने बदली करवट

## प्रदेश के कई भागों में तीन दिन बारिश और बर्फबारी होने के आसार

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से हिमाचल प्रदेश में मौसम ने करवट बदली है। जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में शनिवार दोपहर बाद हल्की बर्फबारी हुई। सुबह के समय आसमान साफ था।

शनिवार को दोपहर बाद घने बादल आने से मौसम बदला तथा तापमान में भी भारी गिरावट दर्ज की गई। चंद्रभागा की ऊंची पहाड़ियों सहित घेपन पीक, शिगरी ग्लेशियर, कुंजम पास और शिति नाला की लद्दाखी पीक, फ्रेंडशिप पीक, सेवन सिस्टर्स पीक पर भी बर्फ गिरने की सूचना है। तापमान गिरने से लोगों ने गर्म कपड़े बाहर निकाल लिए हैं। बीआरओ ने अटल टनल के नॉर्थ पोर्टल से कोकसर की ओर सड़क से बर्फ हटाने का कार्य आरंभ कर दिया है। वहीं, बीते 24 घंटों के दौरान न्यूनतम तापमान सामान्य से 2-8 डिग्री सेल्सियस ज्यादा रहा। वहीं अधिकतम तापमान सामान्य से 5-14 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा।

अगले 3-4 दिनों के दौरान ऊंची चोटियों व आसपास के मध्य पहाड़ी क्षेत्रों को छोड़कर तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। ऊंचे क्षेत्रों में तापमान में धीरे-धीरे 2-8 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने की संभावना है। वहीं, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, सोलन जिले में 8 मार्च के लिए हीटवेव का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

### लाहौल-स्पीति में दोपहर बाद दर्ज की गई हल्की बर्फबारी तापमान में भी गिरावट

### कल- परसों ऊंची चोटियों पर होगी हल्की बर्फबारी

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार 9 और 10 मार्च को राज्य के ऊंची चोटियों पर कुछ जगहों पर हल्की बारिश-बर्फबारी हो सकती है। 11 से 13 मार्च तक राज्य के उच्च पर्वतीय और मध्य पर्वतीय क्षेत्रों में हल्की बारिश-बर्फबारी का पूर्वानुमान है, जबकि निचले पहाड़ी-मैदानी इलाकों में कुछ जगहों पर हल्की बारिश की संभावना है। 8 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम साफ रहने के आसार हैं।

### चंबा में एक परीक्षा केंद्र तत्काल प्रभाव से निलंबित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने प्रेस के नाम जारी निर्देशों में कहा है कि उपायुक्त चंबा की संस्तुति के आधार पर चंबा के एक निजी स्कूल में बनाए गए परीक्षा केंद्र का दर्जा आगामी आदेशों तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि उक्त विद्यालय में परीक्षा दे रहे सभी विद्यार्थियों को शेष बोर्ड परीक्षाओं के संचालन हेतु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) चंबा में स्थानांतरित किया जाए, ताकि परीक्षा प्रक्रिया बिना किसी व्यवधान के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हो सके। बोर्ड अध्यक्ष ने जिला प्रबंधक, चंबा तथा जेआए (आईटी) बीडीआईसीसी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड को निर्देशित किया है कि वे 9 मार्च, 2026 से पूर्व संबंधित विद्यालय के विद्यार्थियों तथा परीक्षा से संबंधित सभी अभिलेख एवं सामग्री को नए परीक्षा केंद्र में स्थानांतरित करने की आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें तथा इस संबंध में अनुपालन रिपोर्ट तत्काल परीक्षा संचालन-2 शाखा को प्रेषित करें।

# घरेलू एलपीजी के 60, कमर्शियल सिलेंडर के 115 रुपए बढ़े दाम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

घरेलू एलपीजी सिलेंडरों की कीमतों में 7 मार्च से वृद्धि कर दी गई है। देश भर में 14.2 किलोग्राम के घरेलू खाना पकाने वाले गैस सिलेंडर की कीमत में 60 रुपए की बढ़ोतरी हुई है। इसी तरह, 19 किलोग्राम के व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत में भी आज से 115 रुपए की वृद्धि की गई है। दिल्ली में 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर अब 913 रुपए में मिलेगा। पहले यह 853 रुपए था, वहीं 19 किग्रा वाला कमर्शियल सिलेंडर अब 1883 रुपए का मिलेगा। वहीं, शिमला में सिलेंडर अब 1015 रुपए में मिलेगा, जबकि व्यावसायिक सिलेंडर की कीमत 137 रुपए बढ़कर 2097 रुपए हो गई है। प्रदेश के अलग-अलग शहरों में परिवहन और डिलीवरी शुल्क के कारण कीमतों में थोड़ा अंतर रहेगा। बढ़ी हुई कीमतें 7 मार्च से लागू हो गई हैं। इससे पहले सरकार ने 8 अप्रैल 2025 को घरेलू सिलेंडर के दामों में 50 रुपए का इजाफा किया था।



सरकार ने गैस के दामों में बढ़ोतरी ऐसे वक्त की है जब अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग के चलते देश में गैस किल्लत की आशंका जताई गई है। सरकार ने 5 मार्च को इमरजेंसी पावर इस्तेमाल करते हुए देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का आदेश दिया था। अब रिफाइनरियां प्रोपेन और ब्यूटेन का इस्तेमाल सिर्फ रसोई गैस बनाने के लिए करेंगी। सभी कंपनियों को प्रोपेन और ब्यूटेन की सप्लाई सरकारी तेल कंपनियों को करनी होगी। (अनंत ज्ञान)

# तेलंगाना में 130 माओवादियों ने किया सामूहिक आत्मसमर्पण

**एजेंसी, हैदराबाद**

तेलंगाना में नक्सलवाद के खिलाफ चल रहे अभियान के बीच शनिवार को तब बड़ी सफलता मिली, जब 130 माओवादियों ने राज्य सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। यह सामूहिक आत्मसमर्पण हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण केंद्र में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में हुआ।

तेलंगाना पुलिस के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी नेता देवजी से जुड़ी पूरी कमेटी शामिल है। इस समूह में देवजी, बड़े चोक्का राव, नूने नरसिम्हा रेड्डी और मल्ला राजिरेड्डी जैसे प्रमुख नेता तथा उनके गनमैन भी शामिल हैं। इनके अलावा माओवादी संगठन के कंप्यूटर और सिग्नल ऑपरेटर भी सरकार के सामने आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौट आए।

### मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में डाले हथियार

इस सामूहिक आत्मसमर्पण में एक दिलचस्प तथ्य यह भी सामने आया कि तेलुगु फिल्म अभिनेता ककराला सत्यनारायण की बेटी माधवी भी आत्मसमर्पण करने वालों में शामिल थीं। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ माओवादी देवजी की पूरी पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी से जुड़े सदस्य भी इस समूह में शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### इमरान की पार्टी के 47 नेताओं को 10 वर्ष की सजा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एंटी-टेररिज्म कोर्ट ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 47 नेताओं और समर्थकों को 10-10 साल की जेल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही हर आरोपी पर 5 लाख पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। यह फैसला 9 मई 2023 को हुए हिंसक प्रदर्शनों से जुड़े मामले में दिया गया। ये प्रदर्शन उस समय शुरू हुए थे जब पीटीआई के संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को इस्लामाबाद में गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के बाद देशभर में उनके समर्थकों ने विरोध प्रदर्शन किए, जो कई जगह हिंसक हो गए और तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं। प्रदर्शन के दौरान कुछ लोगों ने रावलपिंडी स्थित सेना के जनरल मुख्यालय में घुसने की कोशिश भी की। न्यायाधीश अमजद अली शाह ने यह फैसला आरोपियों की गैरहाजिरी में सुनाया है। (अनंत ज्ञान)

# ईरान ने जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस सिस्टम को किया तबाह

## सऊदी अरब, यूएई में भी किए हमले, अमेरिका को भारी क्षति

**एजेंसी, तेहरान**

अमेरिका-इसराइल और ईरान जंग के आठवें दिन ईरान ने सऊदी अरब, यूएई और जॉर्डन में तैनात अमेरिका के टर्मिनल हाई एल्टीट्यूड एरिया डिफेंस (टीएचएएडी) सिस्टम को निशाना बनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इन हमलों में जॉर्डन के 'मुवफ्फाक साल्टी एयर बेस' पर लगे टीएचएएडी का रडार सिस्टम तबाह हो गया है। एक टीएचएएडी सिस्टम की कीमत 22 हजार करोड़ तक होती है, जबकि टीएचएएडी के रडार सिस्टम की कीमत 2700 करोड़ रुपए (300 मिलियन डॉलर) तक होती है। यह रडार टीएचएएडी सिस्टम का अहम हिस्सा होता है और दुश्मन की बैलिस्टिक मिसाइलों को पहचानने और ट्रैक करने का काम करता है। अमेरिका के पास सिर्फ 7-8 टीएचएएडी सिस्टम ही मौजूद हैं, इसलिए इसे बड़ा सैन्य नुकसान माना जा रहा है। (अनंत ज्ञान)



### 42 ईरानी नौसैनिक पोत किए तबाह : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और संचार बुनियादी ढांचे को भारी चोट पहुंची है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ने हाल के दिनों में 42 ईरानी नौसैनिक पोतों को नष्ट कर दिया गया है।

### एक ईरानी युद्धपोत भारत की कोच्चि बंदरगाह पर रुका

**कोच्चि।** ईरान का एक युद्धपोत आईआरआईएस लावन भारत के कोच्चि बंदरगाह पर रुका हुआ है। सैन्य सूत्रों ने बताया कि ईरान ने 28 फरवरी को तकनीकी खराबी आने के बाद भारत से मदद मांगी थी। भारत ने 1 मार्च को जहाज को कोच्चि में डॉक करने की अनुमति दी और इसके बाद 4 मार्च को यह बंदरगाह पर पहुंच गया। जहाज के 183 क्रू मेंबर फिलहाल कोच्चि में भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। आईआरआईएस लावन हाल ही में भारत में आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 और मिलान 2026 नौसैनिक अभ्यास में शामिल हुआ था, जो 15 से 25 फरवरी के बीच आयोजित हुए थे। इससे पहले अमेरिका ने भारत से लौट रहे ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस देना को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया था। हमले में 87 ईरानी नौसैनिक मारे गए।

# कल शुरू होगा संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण

**एजेंसी, नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से शुरू होकर 2 अप्रैल तक चलेगा।



भाजपा और कांग्रेस दोनों ने अपने लोकसभा सांसदों को 9 से 11 मार्च तक सदन में मौजूद रहने के लिए 3-लाइन व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने अपने सांसदों से कहा है कि वे इन दिनों सदन में मौजूद रहें क्योंकि लोकसभा स्पीकर को हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा की संभावना है। वहीं भाजपा ने भी सांसदों को मौजूद रहने का निर्देश दिया है। विपक्ष ने स्पीकर ओम बिरला को पद से हटाने के लिए प्रस्ताव का नोटिस दिया है। विपक्ष के 118 सांसदों ने इस प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि तृणमूल कांग्रेस के सांसदों (29) ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर नहीं किए। वहीं, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने अपनी पार्टी के चेयरपर्सन के निर्देश के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने का मन बना लिया है। सूत्रों के मुताबिक टीएमसी सांसद लोकसभा अध्यक्ष के खिलाफ वोट करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

## नाहन में होगा राज्य स्तरीय समारोह, सीएम सुक्खू देंगे सम्मान

# उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होंगी 46 महिलाएं

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिले के नाहन में 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का राज्य स्तरीय कार्यक्रम होगा। इसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 46 महिलाओं और लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। महिला एवं बाल विकास विभाग ने इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश जारी किए हैं। हिमाचल प्रदेश महिला विकास प्रोत्साहन योजना के तहत सोलन की शांति जसवाल, बिलासपुर की निर्मला धीमान, ऊना की नीशु लता और इंदौरा के ग्रामीण स्वयं स्वरोजगार संघ को एक-एक लाखका पुरस्कार दिया जाएगा। उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की बेटी और एचएएस टॉपर मेघा व और पर्वतारोही कृतिका शर्मा को भी इस दौरान सम्मानित किया जााएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशक डॉ. पंकज ललित ने बताया कि कार्यक्रम में अलग-अलग योजनाओं की लाभार्थी महिलाओं के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न जिलों से चयनित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं को पांच-पांच हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण, समाज सेवा और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया जाएगा।



### इन आंगनबाड़ी वर्कर्स को मिलेगा सम्मान

**राज्य** स्तरीय कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं के तौर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संतोष कुमारी, मीना कुमारी, कौशल्या, रेखा रानी, सोनिया कुमारी, रेखा शर्मा, सुनीता, मीनाक्षी देवी, ऊषा राठौर, कौशल्या देवी, मीता रानी, कुसुम देवी, सिमरो देवी, बीना देवी, कश्मीरी देवी, सुमींद्रा देवी, ज्ञान देवी, कमला देवी, आशा, भावना देवी, गीता रांटा, रक्षा देवी, शारदा और शमा देवी को सम्मानित किया जाएगा।

### इन लाभार्थी महिलाओं को मिलेगी धनराशि

**शिखा,** सिमरन कौर, शिया और प्रेम लता को एमएमएसएवाई के तहत विवाह अनुदान के रूप में 60-60 हजार रुपए की सहायता दी जाएगी। महबूब हसन और रवि को आवास बनाने के लिए एक-एक लाख की दूसरी किस्त दी जाएगी। मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत तीन लाभार्थियों संतोष देवी, शीला देवी और निमो देवी को 31-31 हजार रुपए की राशि प्रदान की जाएगी। विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत तीन महिलाओं नफीसा, विद्या देवी और नितेश को दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी। बबीता, सुनीता देवी और अनीता देवी को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 51-51 हजार रुपए दिए जाएंगे।

# नेपाल चुनाव: भारत विरोधी नेता केपी ओली की बड़ी हार

**एजेंसी, काठमांडू।** नेपाल में आम चुनाव की मतगणना जारी है। 165 सीटों पर शुरुआती रुझान आ चुके हैं। रैपर और काठमांडू के मेयर रहे बालेन शाह ने भारत विरोधी पूर्व पीएम केपी शर्मा ओली को 50 हजार वोटों से हरा दिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के बालेन शाह और ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। ओली को भारत विरोधी नेता माना जाता है। उन्होंने झापा-5 सीट से 2017 और 2022 का चुनाव जीता था। बालेन शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। नई पार्टी ने अब तक 62 सीटें जीत ली हैं, जबकि 60 सीटों पर आगे चल रही है। यह पार्टी सिर्फ 4 साल पहले एक पत्रकार रहे रबि लामिछाने ने बनाई थी। 5 मार्च को हुए चुनाव में 58% लोगों ने वोट डाले थे। (अनंत ज्ञान)



### बालेन शाह 50 हजार वोटों से जीते

## न्यूज ब्रीफ

### बुशहर कार्निवाल में रैली से नशामुक्ति का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर।** रामपुर उपमंडल में बुशहर कार्निवाल के रंगारंग आयोजन के बीच शनिवार को 27 महिला मंडलों ने पारंपरिक परिधानों में एक आकर्षक जागरूकता रैली निकाल कर शहरवासियों को नशामुक्ति, स्वदेशी अपनाने और मोटे अनाज का उपयोग करने के प्रति प्रेरित किया। गांधी पार्क से प्रारंभ हुई इस रैली में सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजीं, नारों और संदेशों के साथ आगे बढ़ीं। रैली शहर के मुख्य बाजार मार्ग से गुजर कर राज दरबार तक पहुंची, जहां रास्ते भर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ ने तालियों और उत्साह से स्वागत किया। महिलाओं ने नशे के खिलाफ कड़ा संदेश देते हुए स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग और मोटे अनाज को दैनिक आहार में शामिल करने का आह्वान किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर इस पहल को सामाजिक जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए लोगों ने महिला मंडलों की सराहना की।

### पेंशनर कल्याण संगठन ने की पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा

**अनंत ज्ञान, आत्मा सिंह, रामपुर बुशहर।** पेंशनर कल्याण संगठन रामपुर एवं रिकांगपिओ इकाई की मासिक बैठक शनिवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम चालक प्रशिक्षण संस्थान रामपुर के कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में संगठन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों तथा पेंशनरों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता इकाई के अध्यक्ष प्रितम चौहान ने की। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने पेंशनरों एवं कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाने को लेकर अपने विचार रखे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पेंशनरों से जुड़ी समस्याओं को शीघ्र समाधान के लिए संबंधित उच्च अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा, ताकि उनका उचित समाधान सुनिश्चित हो सके। साथ ही सभी सदस्यों ने संगठन की एकता और आपसी सहयोग को बनाए रखने पर जोर दिया। इस बैठक में लगभग 60 पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में आरके ठाकुर (सलाहकार), वीरभद्र सिंह कायथ (प्रधान), गोपाल चंद शर्मा (राज्य स्तरीय उ प्रधान), ओमप्रकाश ठाकुर (महासचिव), प्रताप वर्मा (कोषाध्यक्ष), रमेश ठाकुर, मोती नेगी, वेद राम, कर्म सिंह, राजेन्द्र ठाकुर, चुडा राम, राधे लाल, शेर सिंह तथा ज्ञान वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम से निपटने को हिमाचल तैयार : नेगी

## राज्य सरकार आपदा पूर्व तैयारी को सुदृढ़ करने में जुटी

अनंत ज्ञान

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों और प्राकृतिक आपदाओं से उत्पन्न चुनौतियों के बीच हिमाचल में आपदा पूर्व तैयारी को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है।

इसी कड़ी में जलवायु परिवर्तन और आपदा जोखिम लचीलापन, हिमालय का भविष्य, हिमाचल प्रदेश के लिए सबक, चुनौतियां और नीतिगत मार्ग विषय पर आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला शनिवार को शिमला स्थित डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) में संपन्न हुई। कार्यशाला में राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे।



कार्यशाला में राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी व अन्य। अनंत ज्ञान

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नेगी ने कहा कि हिमालयी राज्यों पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव लगातार बढ़ रहे हैं, जिसका असर कृषि, बागवानी, आधारभूत संरचना और लोगों की आजीविका पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए प्रदेश सरकार आपदा पूर्व तैयारी को मजबूत करने, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों को बेहतर बनाने तथा लचीले और सुरक्षित बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में निरंतर काम कर रही है।

राजस्व मंत्री ने यह भी कहा कि बदलते मौसम और प्राकृतिक आपदाओं के बढ़ते जोखिम को देखते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, तकनीकी सहयोग और विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय बेहद आवश्यक है। राज्य सरकार इन सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए ऐसी नीतियां और व्यवस्थाएं विकसित कर रही है, जो भविष्य में संभावित आपदाओं के प्रभाव को कम करने में सहायक हों।

विशेष सचिव (राजस्व) डीसी राणा ने आपदा जोखिम न्यूनीकरण के लिए संस्थागत क्षमता को मजबूत करने और विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला के दौरान जलवायु परिवर्तन अनुकूलन, आपदा जोखिम आकलन, प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों तथा हिमालयी क्षेत्रों में लचीले बुनियादी ढांचे के निर्माण जैसे विषयों पर विभिन्न सत्र आयोजित किए गए। राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय संस्थानों के विशेषज्ञों ने इन विषयों पर अपने अनुभव और शोध प्रस्तुत किए। इनमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की तथा काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर के विशेषज्ञ शामिल रहे।

# महिला दिवस पर शिमला में महिलाओं के लिए दौड़

अनंत ज्ञान

- **खेलों में बढ़ेगी नारी शक्ति की भागीदारी**
- **फिट इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण और राज्य सरकार के सहयोग से होगा आयोजन**

**ब्यूरो, शिमला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को शिमला में महिलाओं के लिए विशेष दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्था मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम फिट इंडिया, भारतीय खेल प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा सेवा विभाग के सहयोग से संपन्न होगा। यह आयोजन अस्मिता, एक्शन के माध्यम से महिलाओं को प्रेरित कर खेल उपलब्धियां हासिल करने' पहल के अंतर्गत किया जा रहा है, जो खेलो इंडिया महिला लीग का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस पहल का उद्देश्य देश की महिला खिलाड़ियों के साहस, संकल्प और शक्ति को मंच प्रदान करना तथा खेलों के माध्यम से उन्हें नई पहचान देना है।

आयोजकों के अनुसार इस दौड़ के माध्यम से महिलाओं और युवतियों को खेल गतिविधियों से जोड़ने, शारीरिक फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाने और समाज में खेल संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम को व्यापक और सफल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की गई हैं, ताकि अधिक से अधिक महिलाएं इसमें भाग लेकर अपनी फिटनेस के साथ-साथ खेलों के प्रति सकारात्मक सोच को भी आगे बढ़ा सकें। यह पहल महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, आत्मविश्वास बढ़ाने और खेलों में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# बुशहर कार्निवल में दिखी हिमाचली संस्कृति की झलक

## फाग मेले की दूसरी संध्या में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो शिमला।** रामपुर बुशहर में आयोजित चार दिवसीय फाग मेले के अंतर्गत बुशहर कार्निवल की दूसरी सांस्कृतिक संध्या में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। पदम राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रामपुर के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन बुशहर स्पोर्ट्स, कल्चर एंड एनवायरमेंट एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर आयोजन समिति और स्थानीय लोगों ने शिक्षा मंत्री का पारंपरिक ढंग से गर्मजोशी के साथ स्वागत किया तथा उन्हें हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर को सम्मानित करते आयोजक। अनंत ज्ञान

अपने संबोधन में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि फाग मेला और बुशहर कार्निवल क्षेत्र की समृद्ध देव संस्कृति, परंपराओं और लोक कला को सहेजने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाते हैं बल्कि स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का भी सशक्त मंच प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों और अन्य राज्यों से आए कलाकारों ने लोक नृत्य, लोक संगीत और अन्य आकर्षक प्रस्तुतियों के माध्यम से सांस्कृतिक संध्या को यादगार बना दिया। इस अवसर पर उपमंडलाधिकारी (नागरिक) रामपुर हर्ष अमरेन्द्र सिंह, उपमंडल पुलिस अधिकारी नरेश शर्मा तथा बुशहर स्पोर्ट्स, कल्चर एंड एनवायरमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राहुल सोनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को जन-जागरूकता का विषय बनाने पर दिया जोर

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से परिवहन विभाग की लीड एजेंसी रोड सेफ्टी सेल द्वारा आईआईटी मद्रास के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी के सहयोग से डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान (हिप्पा) में राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक परिवहन नीरज कुमार ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा को केवल नियमों के पालन तक सीमित न रखकर इसे जन-जागरूकता का व्यापक विषय बनाना आवश्यक है, क्योंकि सुरक्षित सड़कें सुनिश्चित करना समाज के प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग ने फरवरी 2026 में ऑनलाइन माध्यम से 'सड़क सुरक्षा लघु फिल्म महोत्सव' का आयोजन किया था, जिसमें विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा विषय पर लघु फिल्में बनाने के लिए आमंत्रित किया गया। कार्यशाला के दौरान चयनित लघु फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 24 प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में आईआईटी मद्रास के विशेषज्ञों ने पहाड़ी क्षेत्रों की सड़कों में सुरक्षा बढ़ाने के उपायों, सुरक्षित सड़क ढांचे के लिए नवाचारों तथा हिमाचल प्रदेश के लिए तैयार किए जा रहे सड़क सुरक्षा विजन पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त परिवहन लीड एजेंसी रोड सेफ्टी एसडी नेगी, आईआईटी मद्रास के प्रो. वेंकटेश बालासुब्रमणियम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष ने तेलंगाना के राज्यपाल बनने पर शिव प्रताप शुक्ल को दी बधाई

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शनिवार को लोक भवन पहुंचकर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें तेलंगाना का राज्यपाल नियुक्त होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से जुड़े विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त बातचीत भी हुई। मुलाकात के समय राज्यपाल के सचिव चंद्र प्रकाश वर्मा तथा हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा भी उपस्थित रहे।



विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट करते हुए। अनंत ज्ञान

कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि शिव प्रताप शुक्ल का हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में कार्यकाल अत्यंत सफल और मार्गदर्शक रहा है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश को हमेशा सकारात्मक दिशा और प्रेरणा मिली। पठानिया ने यह भी कहा कि उनके और राज्यपाल के बीच हमेशा पारिवारिक तथा आत्मीय संबंध रहे हैं, जिन्हें वे लंबे समय तक स्मरण रखेंगे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने राज्यपाल को गुलदस्ता, हिमाचली टोपी, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित भी किया।

# हिमाचल को एनसीवीईटी से ड्यूल कैटेगरी मान्यता : रोहित ठाकुर

अनंत ज्ञान

**देश का दूसरा राज्य बना स्कूल शिक्षा बोर्ड अब खुद तैयार करेगा व्यावसायिक पाठ्यक्रम व प्रमाणन व्यवस्था**



**ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल प्रदेश ने व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। राज्य को राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद से ड्यूल कैटेगरी मान्यता प्राप्त हुई है, जिसके साथ ही हिमाचल प्रदेश देश का दूसरा राज्य बन गया है जिसे अवॉर्डिंग बॉडी और असेसमेंट एजेंसी दोनों का दर्जा मिला है।

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने बताया कि यह उपलब्धि प्रदेश सरकार और हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। इससे पहले केवल आंध्र प्रदेश को ही यह मान्यता प्राप्त थी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस मान्यता के बाद अब हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचे के अंतर्गत व्यावसायिक पाठ्यक्रमों का निर्माण, प्रशिक्षण, मूल्यांकन और प्रमाणन स्वयं करने में सक्षम होगा। इससे विद्यार्थियों को मिलने वाले प्रमाण पत्र राष्ट्रीय स्तर पर मान्य होंगे और उन्हें देश-विदेश में रोजगार तथा उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उस उद्देश्य को भी मजबूत करती है जिसमें अकादमिक शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के बीच की दूरी को कम करने पर विशेष बल दिया गया है

उन्होंने बताया कि इस नई व्यवस्था के तहत प्रदेश सरकार ने विद्यालयों में बागवानी विषय से संबंधित व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में भी कदम बढ़ाया है। हिमाचल को देश का 'फल कटोरा' कहा जाता है और बागवानी राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। ऐसे में यह पाठ्यक्रम छात्रों को बागवानी प्रबंधन, फसल कटाई के बाद की तकनीक तथा जैविक खेती से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। इससे सेब सहित अन्य फल उत्पादन से जुड़े उद्योगों को प्रशिक्षित युवा कार्यबल भी उपलब्ध होगा और युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

# विक्रमादित्य सिंह को तथ्यों का ज्ञान नहीं : त्रिलोक कपूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिलोक कपूर ने कांग्रेस नेता एवं मंत्री विक्रमादित्य सिंह की सोशल मीडिया टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और भारत की ऊर्जा नीति पर आधा-अधूरा ज्ञान लेकर व्यंग्य करना गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव और वैश्विक तेल बाजार में अस्थिरता के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने देश की ऊर्जा सुरक्षा को पूरी तरह मजबूत रखा है।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में बताया कि सरकार ने तेल आयात के स्रोतों का व्यापक विविधीकरण किया है और अब भारत लगभग 40 देशों से कच्चा तेल प्राप्त कर रहा है, जिससे आपूर्ति व्यवस्था पहले से अधिक सुरक्षित हुई है। कपूर ने कहा कि सरकार के पास रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार और पर्याप्त ईंधन भंडारण की व्यवस्था है, जिसके कारण भारत वैश्विक आपूर्ति में किसी भी बाधा का सामना करने की क्षमता रखता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हितों को प्राथमिकता देते हुए रूस से रियायती दरों पर तेल खरीदने के निर्णय ने महंगाई को नियंत्रित रखने में भी मदद की है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं को विदेश नीति और ऊर्जा रणनीति पर टिप्पणी करने से पहले अपने शासनकाल की ऊर्जा संबंधी विफलताओं को याद करना चाहिए।

# सुक्खू सरकार ने 40 महीने भाजपा को कोसने में गंवाए, जनता के लिए कुछ नहीं किया : बिंदल

अनंत ज्ञान

**45 हजार करोड़ का कर्ज, फिर भी बंद हो रहे संस्थान**



**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सरकार ने अपने करीब 40 महीने केवल भाजपा को कोसने में ही बिता दिए, जबकि प्रदेश के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कार्य नहीं किया। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश की जनता अब कांग्रेस सरकार की कार्यप्रणाली को भली-भांति समझ चुकी है और देख रही है कि सरकार दोषारोपण की राजनीति के सहारे अपनी जिम्मेदारियों से बचने का प्रयास कर रही है।

डॉ. बिंदल ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार ने लगभग 45 हजार करोड़ रुपए का कर्ज लेने के बावजूद स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पशु चिकित्सालय और कई सरकारी कार्यालय बंद कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर केवल घोषणाएं की जा रही हैं, जबकि जमीनी स्तर पर बुनियादी सुविधाओं से लोगों को वंचित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार लगातार नए कर लगाकर आम जनता पर बोझ बढ़ा रही है। डीजल पर वैट बढ़ाने, स्टाम्प शुल्क में वृद्धि, पानी और बिजली की दरें बढ़ाने, राशन डिपो में मिलने वाले राशन की कीमतें बढ़ाने तथा परिवहन निगम की बसों के किराए में वृद्धि से आम लोगों की जेब पर भारी असर पड़ा है।

**माफिया तंत्र को संरक्षण देने का आरोप**

**भाजपा** प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में वन माफिया और खनन माफिया बेलगाम हो चुके हैं और उन्हें सत्ताधारी दल के नेताओं का संरक्षण मिल रहा है। सिरमौर जिले का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि चीड़, खैर और साल के पेड़ों की अवैध कटाई तथा खनन माफिया के सैकड़ों टिप्परों की आवाजाही से क्षेत्र प्रभावित हो रहा है, लेकिन प्रशासन मौन बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति भी चिंताजनक हो गई है और यदि सरकार ने स्थिति नहीं संभाली तो जनता आने वाले समय में इस जनविरोधी सरकार से हर फैसले का हिसाब जरूर लेगी।

# महिला दिवस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने महिलाओं को दी बधाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष विनय कुमार ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर देश और प्रदेश की सभी महिलाओं को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि विश्व की आधी आबादी महिलाओं की है और उनके सशक्तिकरण के लिए देश व प्रदेश में अनेक कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, परिश्रम और क्षमता के बल पर आगे बढ़ रही हैं और किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं।



विनय कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उन सभी महिलाओं को नमन करने का अवसर है, जिन्होंने समाज, शिक्षा, सेवा, विज्ञान, राजनीति और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देकर नई मिसालें स्थापित की हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन महिलाओं के सम्मान, उनके संघर्ष और उपलब्धियों को याद करने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का भी महत्वपूर्ण अवसर है।

**निर्णय** | **बीपीएल निर्धारण के नियमों में संशोधन, 15 मार्च तक जारी होगी पांचवें चरण की सूची**

# मनरेगा में 50 दिन काम करने वाले परिवार बीपीएल सूची में होंगे शामिल

अनंत ज्ञान

- **पुराने आवेदनों पर भी होगा विचार**

**सत्यदेव भारद्वाज, शिमला।** हिमाचल प्रदेश में गरीब परिवारों की पहचान की प्रक्रिया को अधिक व्यापक और वास्तविक बनाने की दिशा में सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब ऐसे परिवारों को भी बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) सूची में शामिल किए जाने का रास्ता खुल गया है, जिनके सभी वयस्क सदस्यों ने पिछले वित्तीय वर्ष में मनरेगा के तहत कम से कम 50 दिन कार्य किया हो। ग्रामीण क्षेत्रों में आजीविका के सीमित साधनों के बीच मनरेगा पर निर्भर परिवारों को राहत देने के उद्देश्य से यह संशोधन किया गया है, जिससे जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक प्रभावी ढंग से मिल सकेगा।



ग्रामीण विकास विभाग से उपलब्ध जानकारी के अनुसार बीपीएल परिवारों के निर्धारण से संबंधित दिशानिर्देशों में संशोधन किया गया है। विभाग द्वारा 04 फरवरी 2026 को जारी बीपीएल दिशानिर्देशों में वर्णित पैरा 1(क) (4) को पुन: संशोधित करते हुए नए प्रावधान जोड़े गए हैं। संशोधित नियमों के तहत अब ऐसे परिवार भी बीपीएल सूची में शामिल किए जा सकेंगे, जिनके सभी वयस्क सदस्यों ने पिछले वित्तीय वर्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत न्यूनतम 50 दिन कार्य किया हो। बताया गया है कि प्रथम चरण से लेकर चतुर्थ चरण तक हुए सर्वेक्षणों के दौरान प्राप्त आवेदनों पर भी इस संशोधित प्रावधान के आधार पर विचार किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पात्र परिवारों से नए आवेदन भी आमंत्रित किए गए हैं, जिन्हें 12 मार्च 2026 तक स्वीकार किया जाएगा। इस निर्णय से उन परिवारों को भी अवसर मिलेगा जो अब तक बी.पी.एल. सूची से बाहर रह गए थे, लेकिन वास्तव में आर्थिक रूप से कमजोर हैं।

विभागीय प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद 15 मार्च 2026 तक खंड स्तरीय समिति द्वारा पात्र परिवारों को पंचायत-वार अधिसूचित करते हुए बीपीएल परिवारों की पांचवें चरण की सूची प्रकाशित की जाएगी। इससे पंचायत स्तर पर पात्र परिवारों की पहचान स्पष्ट होगी और उन्हें विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

**यथावत रहेंगे पहले के निर्णय**

**इसके** अलावा प्रथम से चतुर्थ चरण तक किए गए सर्वेक्षण, तैयार की गई सूचियां और लिए गए सभी निर्णय यथावत रहेंगे तथा उनमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि पांचवें चरण के सर्वेक्षण में समावेशन और बहिष्करण के संशोधित मानदंडों के साथ-साथ सत्यापन, अनुमोदन, अपील, अभिलेख संधारण और समय-सीमा से संबंधित प्रक्रियाएं विभाग द्वारा 19 मार्च 2025 और 15 दिसम्बर 2025 को जारी अधिसूचनाओं में वर्णित प्रावधानों के अनुसार ही लागू रहेंगी।

# कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार से जुटा रही धन : कर्ण नंदा

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया संयोजक कर्ण नंदा ने कुसुम्पटी शहरी मंडल में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण शिविर के दौरान कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार भ्रष्टाचार के माध्यम से धन इकट्ठा कर दिल्ली में बैठे एक राजनीतिक परिवार को खुश करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता उस परिवार की परिक्रमा करने में ही व्यस्त हैं, जबकि प्रदेश के विकास और जनता की समस्याओं से उनका कोई सरोकार नहीं रह गया है।



कर्ण नंदा ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस के कई मंत्री अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं और बेबुनियाद बयान देकर जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि केंद्र सरकार लगातार हिमाचल प्रदेश को विकास के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने बताया कि आज प्रदेश को 465 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जबकि एक सप्ताह पहले केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय से लगभग 255 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई थी। उन्होंने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को करीब 2.12 लाख करोड़ रुपए की सहायता दी है, जिससे प्रदेश में विकास कार्यों को गति मिली है।

भाजपा नेता ने कहा कि प्रदेश में इस समय 57 राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य चल रहा है और लगभग 43 हजार करोड़ रुपए के विकास कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जो केंद्र सरकार की प्रदेश के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि दूसरी ओर प्रदेश की कांग्रेस सरकार पूरी तरह आपसी गुटबाजी और अंतर्कलह में उलझी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए भाजपा और केंद्र सरकार पर आरोप लगाती रहती है, जबकि प्रदेश की जनता सरकार की असफलताओं और भ्रष्टाचार को भली-भांति देख रही है।



# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस





अनंत ज्ञान

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** दिल में कुछ कर गुजरने की तमन्ना हो तो कोई भी बाधा मंजिल के आड़े नहीं आ सकती। इस बात को सार्थक कर दिखाया है अंतरराष्ट्रीय स्कीयर बन चुकी मनाली के एक छोटे से गांव बुरूआ की आंचल ने। नन्हीं आंचल जब नंगे पांव बर्फ पर बेखौफ भाग जाया करती थी और मां के बार-बार टोकने पर भी माईनस तापमान में अठखेलियां करने से बाज नहीं आती थी। भूख-प्यास सब कुछ भूल जाती थी। आंचल दूसरे बच्चों की तरह लकड़ी के तीन फट्टे जोड़कर आईस बन चुकी बर्फ पर फिसलने के बचपन के आनंद को कभी नहीं भुला सकती। गांव के स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर में प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त करने के दौरान वह कई बार स्कूल से छुट्टी के बाद सीधे घर नहीं आती थी, बल्कि बस्ते और किताबों की परवाह किए बगैर बर्फ की ढलानों की ओर चली जाती और देर सांय ही घर वापिस लौटती। कई बार आंचल के पिता को उसे घर वापिस लाने के लिए स्वयं जाना पड़ता था। हालांकि, आंचल के पिता भी साहसिक खेल स्कीइंग के काफी शौकीन रहे हैं जिसके चलते वह अपनी बेटी की जिद पर कभी इंकार नहीं करते थे। आंचल अब आठवीं कक्षा में हो चुकी थी और बिना बताए चुपके से एक दिन वह अपने पिता का स्कीइंग सैट लेकर बर्फ की ढलानों पर चली गई। चूंकि वह अभी स्कीइंग सैट को संभालने के काबिल नहीं थी जिसके कारण उसके पैरों और टांगों में अनेक जगहों पर चोटें आई। उसे अच्छे से स्कीइंग सैट को लगाना भी नहीं आ रहा था। पिता को यह सब देखकर एक बार बुरा अवश्य लगा, लेकिन वह आंचल के जुनून से बेखबर भी नहीं थे। वह समझ चुके थे कि आंचल अब रूकने वाली नहीं है और डांट-फटकार तो फिजूल है।

## पिता से सीखी स्कीइंग की बारीकियां

**आंचल** के पिता रोशन लाल ने स्वयं उसे प्रशिक्षण देना शुरू किया। वह सर्दियों में समय निकालकर नित्य प्रति आंचल के साथ स्कीइंग सैट को उठाकर दूर ढलानों तक जाते और उसे स्कीइंग की बारीकियां समझाते। कुछ ही हफ्तों में आंचल ने स्कीइंग सैट के साथ कम कोण की ढलानों पर स्वतंत्र रूप से खेलना शुरू कर दिया और बर्फ के दिनों स्कीइंग के खेल को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लिया था। उसका मकसद केवल और केवल स्कीइंग जैसे खतरनाक और साहसी खेल में महारत हासिल कर अपने परिवार, समाज व प्रदेश का गौरव बढ़ाना था।

### 2018 में तुर्किये में कांस्य पदक जीतकर रचा इतिहास

**आंचल** ने 2018 में तुर्किये में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा। इसके बाद 2021 में मोंटेनेग्रो में भी कांस्य पदक अपने नाम किया। दुबई में आयोजित प्रतियोगिताओं में चार रजत पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। राष्ट्रीय स्तर पर भी वे दर्जनों पदक जीत चुकी हैं। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने के बाद जब प्रधानमंत्री मोदी ने उनका नाम लिखकर ट्विट किया, तो वह क्षण उनके लिए बेहद गौरवपूर्ण रहा। आंचल का कहना है कि प्रदेश सरकार ने प्रथम श्रेणी की नौकरी देने का वादा किया था, जो आज तक पूरा नहीं हुआ।

## राष्ट्रीय स्की व स्नो बोर्डिंग स्पर्धा में सर्वश्रेष्ठ स्कीयर

**जम्मु-कश्मीर** के गुलमर्ग में 2014 में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता, औली में आयोजित जुनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता तथा 2014 में मनाली स्की कप तीनों में पहला स्थान अर्जित किया। 2017 में मनाली में सलालम राष्ट्रीय स्की एवं स्नोबोर्ड प्रतियोगिता तथा ज्वांइट सलालम प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान पर रही। मनाली में 2019 में आयोजित वरिष्ठ राष्ट्रीय स्की एवं स्नोबोर्ड प्रतियोगिता में दूसरा, जाईंट सलालम प्रतियोगिता में भी दूसरा तथा 2019 में ही उत्तराखंड के औली में सुपर-जी राष्ट्रीय स्की एवं स्नोबोर्ड प्रतियोगिता में दूसरे जबकि औली में पैरलैल स्लालम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आंकी गई। औली में राष्ट्रीय स्की एवं स्नोबोर्डिंग प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ स्कीयर घोषित की गई।

## अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गाढ़ चुकी है सफलता के झंडे

**अंतरराष्ट्रीय** स्तर की प्रतियोगिताओं पर नजर डालें तो आंचल ने लेबनॉन में वर्ष 2009 में आयोजित एशियन बाल स्की प्रतियोगिता, 2010 में इटली के एबिटोन में अंतरराष्ट्रीय बाल चैंपियनशिप, 2011 में कोरिया में एशियन बाल स्की प्रतियोगिता तथा 2011 में ही स्वीट्जरलैंड में एफआईएस रेस सेंट मोरिस में भाग लिया। ऑस्ट्रिया में 2012 में आयोजित प्रथम विंटर यूथ ओलंपिक खेलों में भाग लिया। 2013 में आस्ट्रिया में विश्व स्की चैंपियनशिप, 2015 में अमेरिका के कोलाराडो में आयोजित विश्व स्की चैंपियनशिप में भाग लेकर अंतिम दौड़ को सफलतापूर्वक पास किया। रूस के सोची में 2016 में जुनियन विश्व स्की मुकाबले में भाग लिया। 2017 में स्वीट्जरलैंड के मोरिस में विश्व स्की चैंपियनशिप में अंतिम रेस के लिए क्वालीफाई किया। जापान के सापोरो में 2017 में एशियन विंटर खेलों में भाग लिया। पिछले दिनों औली (उत्तराखंड) में आयोजित शीतकालीन खेल महाकुंभ में शानदार प्रदर्शन कर दो स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।

# हिमाचल का गौरव
# अंतरराष्ट्रीय स्कीयर आंचल ठाकुर

**बचपन में बर्फ पर अठखेलियों के शौक ने बनाया अंतरराष्ट्रीय स्कीयर**



## क्या कहती है आंचल

**आंचल** का मानना है कि दृढ़ इच्छाशक्ति और मेहनत से जीवन में किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। महिलाओं को यदि अवसर प्रदान किया जाए तो वह किसी से पीछे नहीं हैं। डीएवी चंडीगढ़ से स्नातक आंचल कहती है कि वह लड़कियों को इस प्रकार की साहसिक खेलों को अपनाने के लिए प्रेरित करने का कार्य करना जारी रखेगी।

## हिमाचल परशुराम पुरस्कार से अलंकृत

**आंचल** ने तुर्की में 2018 में आयोजित एफआईएस इंटरनेशनल एल्पाईन स्कीइंग प्रतियोगिता में भारत के लिए आज तक का पहला कांस्य पदक अर्जित कर देश व प्रदेश का गौरव बढ़ाया। आंचल ठाकुर को उनकी उपलब्धियों पर उन्हें हिमाचल परशुराम पुरस्कार-2019 से अलंकृत किया गया। इससे पूर्व उन्हें अनेक अन्य पुरस्कार मिले हैं जिनमें हिमाचल गौरव पुरस्कार-2018, हिमाचल महिला आयोग पुरस्कार-2018, बेटी पढ़ाओ-बेटी बचाओ पुरस्कार, एडवेंचर स्पोर्टस एक्सपो एशिया पुरस्कार-2018, जी टीवी स्पोर्टस पुरस्कार-2018 तथा हिंदुस्तान टाईम्स 'आउटस्टेंडिग यूथ फोरम पुरस्कार-2015 शामिल हैं। इसके अलावा आंचल को और भी कई अवार्ड मिले हैं।

## यूरोपियन देशों में ली कोचिंग

**1996** में जन्मी आंचल की प्रतिभा पर महज 13 साल की उम्र में जब भारतीय शीतकालीन खेल संघ की नजर पड़ी तो संघ ने उन्हें कोचिंग के लिए यूरोपियन देशों में भेजा। आंचल ने ऑस्ट्रिया, इटली, फ्रांस, स्विट्जरलैण्ड में स्कीइंग की कोचिंग प्राप्त की। पांच साल की आयु में स्कीइंग शुरू करने वाली आंचल ने 10 साल की आयु में ही विभिन्न स्कीइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया था। वर्ष 2006 में मनाली में हिमालय स्की कप प्रतियोगिता में तीसरा स्थान अर्जित किया। 2007 में विंटर स्पोर्टस कार्निवाल मनाली में पहले स्थान पर रही। 2008 में नारकण्डा में आयोजित कनिष्ठ चैंपियनशिप में दूसरा स्थान अर्जित किया। 2009 में मनाली में आयोजित बसन्त जुनियर चैंपियनशिप में पहले स्थान पर रही। 2011 में उत्तराखंड के औली में राष्ट्रीय प्रतियोगिता में दूसरा स्थान जबकि 2011 में जुनियर स्की ओपन चैंपियनशिप मनाली में शीर्ष पर रही।

## सीमित संसाधनों में बड़ा सपना

**आंचल** का मानना है कि भारत में शीतकालीन खेलों के क्षेत्र में अभी बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। न तो पर्याप्त आधुनिक उपकरण है और न ही अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्की स्लोप। उन्होंने आस्ट्रिया और अन्य यूरोपीय देशों में प्रशिक्षण लिया, जहां सुविधाएं भारत की तुलना में कहीं बेहतर है। पिता रोशन ठाकुर ने विशेष प्रशिक्षण के लिए आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद उन्हें विदेश भेजा। पिता के त्याग और समर्पण ने ही आंचल को मजबूत बनाया। उनका मानना है कि भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, उन्हें उचित प्रशिक्षण और आधुनिक संसाधनों की आवश्यकता है। आंचल का बचपन से ही स्की खेलने का शौक था। इसे देख पांच साल की उम्र में इसे सोलंग की स्की ढलानों में ले जाया करता था। आंचल जिद्दी थी, मन में जो ठान लिया उसे पूरा करके छोड़ती थी। वह हमेशा सहपाठियों से आगे रहती थी। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के बाबजूद आंचल को प्रशिक्षण के लिए विदेश भेजा। आंचल भी उम्मीदों पर खरी उतरी।

# बेसहारों को विजय लांबा का सहारा
# समाज के लिए बनीं मिसाल

अनंत ज्ञान

**आर मोहन चौहान, सोलन।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस नारी शक्ति के समर्पण, त्याग और सम्मान के रूप में मनाया जाता है है। ऐसे ही शख्सियत सोलन की समाजसेवी विजय लांबा उपेक्षित बच्चों, शोषित महिलाओं और मानसिक रोगियों के लिए मसीहा बन चुकी हैं। किशोर न्याय बोर्ड, बाल विकास कमेटी, बाल उत्पीड़न कमेटी, स्कूल प्रबंधन समितियों और यौवन उत्पीड़न शिकायत समिति जैसी कई संस्थाओं में सक्रिय विजय ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति से न केवल पति को मानसिक तनाव से उबारा, बल्कि जीवन भर मानसिक रोगियों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रण लिया।



सोलन की समाजसेवी विजय लाम्बा।

पिछले 20 वर्षों से लगातार सेवा में जुटी विजय ने अब तक 30 मानसिक रोगियों को नया जीवन दिया है। इस वर्ग से उनका गहरा लगाव है जरूरत पड़ते ही मदद के लिए तत्पर रहती हैं। उनके पति डॉ. विवेक लाम्बा, पशुपालन विभाग सोलन में डिप्टी डायरेक्टर, उनका भरपूर साथ देते हैं।

विजय केवल बच्चों और महिलाओं के अधिकारों तक सीमित नहीं रहीं, बल्कि पशुओं के अधिकारों, महिलाओं और अनाथ बच्चों को संपत्ति का अधिकार दिलाने का भी कार्य कर रही हैं। विजय लांबा समाज के शोषित उपेक्षित वर्ग के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसकी फेहरिस्त लंबी है। लांबा ने सोलन में सड़कों पर घूमने वाली मानसिक रूप से पीड़ित महिला का पुनर्वास केंद्र में उपचार कराया, निगम से आवास-रोजगार दिलाया। सड़क पर भटकते मानसिक रोगियों का रेस्क्यू कर घर पहुंचाया।

उन्होंने हाल ही में परमाणु में भटक रहे मानसिक रोगी को पुलिस की मदद से हरियाणा के परिजनों को सौंपा। चोरी-बेचे गए बच्चे के मामले में दोषियों पर कार्रवाई कराकर माता-पिता को संतान लौटाई।

बाल मजदूरी कर रहे और परिवार से बिछड़े बच्चों को परिजनों से मिलवाया। कूड़ा बीनने वाले प्रवासी बच्चों की शिक्षा का बीड़ा उठाए विजय झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों को न केवल पढ़ा रही हैं, बल्कि शिष्टाचार सिखाकर समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विजय ने महिलाओं से स्वाभिमानी जीवन जीने, अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति आत्मनिर्भर बने, सामाजिक कुरीतियां मिटाए और देश के विकास में कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़े।

# महिला अधिकारी के प्रोत्साहन ने बदल दी मोनिका की जिंदगी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** एक महिला अधिकारी के प्रोत्साहन ने महिला की जिंदगी को बदली दिया। कांगड़ी धाम बनाकर मोनिका चौधरी ने अपना अलग मुकाम हासिल किया है। उसी के तहत हाल ही में मोनिका कर्नाटक कर दौरा फूड प्रोसेसिंग के टिप्स लेकर लौटी हैं। उन्हें लगातार कांगड़ी धाम के ऑर्डर आ रहे हैं, इस कार्य में उन्हें परिवार में पति और ससुर का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। हम जिक्र कर रहे हैं धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र की पद्दर पंचायत निवासी मोनिका चौधरी का। मोनिका जय दुर्गा सेल्फ हेल्प ग्रुप की सदस्य हैं। बीडीओ कार्यालय धर्मशाला में कार्यरत एक महिला अधिकारी मोनिका के पकवानों की मुरीद हैं, जिन्होंने एक ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत मोनिका व उनकी सहयोगी को 50 के करीब लोगों का खाना बनाने की बात कही। जिसे मोनिका ने सहर्ष स्वीकार किया, जबकि उनकी सहयोगी ने इंकार कर दिया। ट्रेनिंग में आए लोगों को मोनिका द्वारा बनाई कांगड़ी धाम इतनी पसंद आई कि हर जगह उसकी तारीफ होने लगी और मोनिका को कांगड़ी धाम के ऑर्डर आना शुरू हो गए।



- कांगड़ी धाम बनाकर मोनिका बना रही अलग मुकाम
- कर्नाटक से फूड प्रोसेसिंग की टिप्स लेकर लौटी मोनिका

शिमला में 500 लोगों को परोसी धाम मोनिका द्वारा शिमला में आयोजित सरस मेले में करीब 500 लोगों को कांगड़ी धाम परोसी गई। वहीं, दिसंबर माह में तपोवन में आयोजित विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान भी मोनिका ने अपनी सहयोगियों के साथ स्टाल लगाकर अच्छी कमाई की।

बकौल मोनिका चौधरी, बीडीओ कार्यालय की महिला अधिकारी द्वारा दिए गए प्रोत्साहन से उनका हौंसला बढ़ा और उन्होंने कांगड़ी धाम बनाने में ही नाम कमाने का फैसला ले दिया।

## शादी समारोह के ऑर्डर भी करेंगी पूरे

**मोनिका** चौधरी बताती हैं कि कांगड़ी धाम में उन सभी व्यंजनों को शामिल किया जाता है, जो कि शादी समारोह में परोसे जाते हैं। उनका कहना है कि अभी उन्हें 100 से 200 लोगों के लिए कांगड़ी धाम के ऑर्डर आ रहे हैं, यदि भविष्य में शादी व अन्य बड़े समारोह में कांगड़ी धाम का ऑर्डर आता है तो उसे भी पूरा किया जाएगा। उनका कहना है कि नए-नए व्यंजन बनाने का शौक उन्हें पहले से था, ऐसे में प्रोत्साहन मिला और उन्होंने आगे कदम बढ़ा दिया। कांगड़ी धाम के जरिए लोगों में पहचान बनाने का मोनिका के कदम लगातार आगे बढ़ रहे हैं, जिसमें परिवार भी उनका भरपूर सहयोग कर रहा है।

# प्रशासनिक सेवा में मिसाल बनीं शैलजा शर्मा

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज हम एक ऐसी प्रेरणादायक महिला शख्सियत की चर्चा कर रहे हैं, जिन्होंने अपने समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदार कार्यशैली से प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई है। आबकारी एवं कराधान विभाग की वरिष्ठ अधिकारी शैलजा शर्मा आज न केवल प्रशासनिक सेवा में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं, बल्कि समाज की महिलाओं और युवतियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरी हैं।



- जोगिंद्रनगर में अतिरिक्त ईटीओ के रूप में संभाली जिम्मेदारी

शैलजा शर्मा ने हाल ही में जोगिंद्रनगर में आबकारी विभाग में अतिरिक्त ईटीओ (एक्साइज एंड टैक्सेशन ऑफिसर) के पद का कार्यभार संभाला है। अपने लंबे प्रशासनिक अनुभव और पारदर्शी कार्यशैली के कारण वे विभाग में एक सक्षम और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी के रूप में जानी जाती हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान हमेशा जनहित को प्राथमिकता देते हुए जिम्मेदारियों का निर्वहन किया है, जिससे उन्हें अधिकारियों और आम लोगों के बीच समान रूप से सम्मान प्राप्त हुआ है।

शैलजा शर्मा की कार्यशैली का सबसे बड़ा गुण उनकी ईमानदारी, अनुशासन और सकारात्मक सोच है। वे मानती हैं कि किसी भी जिम्मेदारी को निभाने के लिए समर्पण और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। अपने प्रशासनिक दायित्वों के साथ-साथ वे समाज में सकारात्मक संदेश देने और युवाओं को प्रेरित करने का कार्य भी निरंतर करती रही हैं। उनकी उत्कृष्ट सेवाओं और समाज के प्रति योगदान को देखते हुए उन्हें विभिन्न संस्थाओं और सामाजिक संगठनों द्वारा समय-समय पर कई सम्मान और पुरस्कारों से भी नवाजा जा चुका है। उनके कार्यों को विभागीय स्तर पर भी सराहा गया है और कई अवसरों पर उन्हें उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया है।

हाल ही में आयोजित देवभूमि शाइनिंग स्टार ग्रैंड फिनाले कार्यक्रम में भी शैलजा शर्मा ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। इस कार्यक्रम में उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी विशेष बना दिया। आयोजकों ने उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने युवाओं और प्रतिभागियों को जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास का महत्व बताया।

अपने संबोधन में शैलजा शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति के भीतर कोई न कोई प्रतिभा अवश्य होती है। आवश्यकता केवल उस प्रतिभा को पहचानने और उसे सही दिशा देने की होती है। उन्होंने युवाओं और विशेषकर युवतियों को प्रेरित करते हुए कहा कि यदि महिलाएं शिक्षा और आत्मनिर्भरता को अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें, तो वे हर क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल कर सकती हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि समाज में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। आज महिलाएं शिक्षा, प्रशासन, विज्ञान, खेल और सामाजिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। ऐसे में समाज को भी महिलाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए, ताकि वे अपनी क्षमताओं का पूरा उपयोग कर सकें।

महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर शैलजा शर्मा जैसी सशक्त और प्रेरणादायक महिलाएं यह संदेश देती हैं कि मेहनत, लगन और दृढ़ संकल्प के बल पर कोई भी महिला अपने सपनों को साकार कर सकती है। उनका जीवन और कार्य आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का एक सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया है। स्थानीय लोगों का भी मानना है कि शैलजा शर्मा जैसी अधिकारी न केवल अपने विभाग की जिम्मेदारियों को कुशलता से निभा रही हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक सोच और प्रेरणा का संदेश भी दे रही हैं। यही कारण है कि आज वे जोगिंद्रनगर क्षेत्र में एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में देखी जा रही हैं।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सुलोचना के जज्बे को सलाम

# 16 घंटे मेहनत कर परिवार किया स्टैंड
# 35 साल से बेच रही अखबार

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** हमीरपुर बस स्टैंड के एग्जिट गेट के बाईं ओर अखबार और चाय बेचकर परिवार को पाल रही सुलोचना की कहानी भी निराली है। 16 घंटों तक इसी काम में पिछले तीन दशकों से व्यस्त सुलोचना अब परिवार को स्टैंड करने में कामयाब हो रही हैं।



अखबार बेचने की शुरुआत 1995 के आसपास उसने शुरू की थी। तब बस स्टैंड के सामने पुरानी खोखा मार्केट हुआ करती थी। उसी में छोटी सी दुकान उसकी भी थी। बरसात में पानी भी छत से टपकता था, लेकिन अखबारों की दुनिया तब बेहतर शुरुआत के साथ आगे बढ़ रही थी। उसने भी बस स्टैंड के गेट के ठीक सामने खुद का खोखा होने की वजह से अखबार का काम शुरू कर दिया। इसमें उसे फायदा भी हुआ। धीरे-धीरे अखबार बढ़ाने में कामयाब रहीं। करीब 200 अखबारों से शुरुआत की और फिर 2000 तक रोजाना अखबार बेचने का भी उसने बीड़ा उठाया। लगभग सभी अखबारें वह यहां पर अब भेजती है। दूर-दूर तक बसों में बंडल बनाकर अखबार में भेजने का काम भी वह बखूबी करती हैं। उसकी एक बेटी है और बेटा यह दोनों उसका हाथ बंटाते हैं। बेटी भी उसी के साथ जगह-जगह अखबार ड्राप करने का काम करती हैं। बेटा भी बस स्टैंड पर इसी में मशक्कत करता है।

- खोखे उखड़े तो सुलोचना को नहीं मिला बसेरा, बस स्टैंड के एग्जिट गेट की बाईं ओर फुटपाथ पर अखबार और चाय बेचकर परिवार का चला रही गुजारा

खास बात यह है कि सुलोचना सबसे पहले 2:00 बजे बस स्टैंड पर पहुंच जाती है। क्योंकि कई अखबारें जल्दी पहुंच जाती है और उसी के बाद वह इन अखबारों के बंडलों को इधर-उधर भेजने के काम में मसरूफ हो जाती हैं। उसके बाद दोनों बच्चे भी आ जाते हैं।

## मेहनत के साथ यूं ही चल रहा जिंदगी का सफर

**सुलोचना** बताती हैं की बरसात हो सर्दी हो गर्म मौसम हो जिंदगी का यह सफर मेहनत के साथ यूं ही चल रहा है। कई बार विपरीत परिस्थितियों भी सामने आईं, लेकिन उन्होंने हौंसले को कभी भी पस्त नहीं होने दिया। कुछ साल पहले हमीरपुर की जब पुरानी खोखा मार्केट को हटा दिया गया और 10-12 लोगों को छोड़कर बाकी सभी को नई दुकानों में कारोबार के लिए सजा दिया गया, तो वे बहुत परेशान हुईं, लेकिन मौजूदा सरकार में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने हौंसला दिया और कहा कि उन्हें भी दुकान बना कर बसाया जाएगा। अब करीब 10 लोगों के लिए पास नई दुकान तैयार हो रही हैं, उनमें एक दुकान सुलोचना को भी मिलेगी। इस आस के साथ आगे की जिंदगी के लिए पक्का ठिकाना रोजमर्रा के लिए उपलब्ध हो जाएगा। वह कहती हैं अखबार भेजने का काम तो जब तक जिंदा है, करती रहेंगी। लेकिन वह यह भी कहती हैं कि कोरोना काल के बाद अखबारों का काम कमजोर पड़ गया और इसी वजह से जितनी अखबार पहले बेचा करती थीं लोग पढ़ने का शौक रखते थे, उसमें अच्छी खासी कमी आई है। मगर ऐसी बात नहीं है, काम अब भी है और उम्मीद यही है कि उसकी जिंदगी का यह सफर अखबार बेचने के काम में आगे बढ़ता रहेगा।

# 'मेरा सपना भारत की हैंडबॉल टीम ओलंपिक में खेलने का : स्नेह लता

**ग्रामीण** क्षेत्र से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने वाली हैंडबॉल खिलाड़ी और कोच स्नेह लता आज सैकड़ों बेटियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं। मोरसिंघी में स्थापित उनकी हैंडबॉल अकादमी से अब तक 80 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं, जबकि लगभग 250 बच्चे यहां नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अनंत ज्ञान जिला बिलासपुर ब्यूरो प्रभारी अरुण डोगरा रीतू ने स्नेह लता से विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश:-

**पथरीले पहाड़ को काटकर बनाया मैदान, आज मोरसिंघी से निकल रहे अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी, 80 खिलाड़ी कर चुके हैं टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व**

**हैंडबॉल खिलाड़ी एवं कोच स्नेह लता**
**अनंत ज्ञान विशेष बातचीत**

*प्रश्नः आपकी खेल यात्रा की शुरुआत कैसे हुई?*
**उत्तर :** मेरी खेल यात्रा सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुठेड़ा से कबड्डी खिलाड़ी के रूप में शुरू हुई। उसके बाद डीपी बलदेव जी ने मुझे एथलेटिक्स में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

*प्रश्नः हैंडबॉल की ओर आपका रुझान कैसे हुआ?*
**उत्तर :** घुमारवीं कॉलेज में डीपी प्रवेश शर्मा ने मुझे हैंडबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। वहीं से मेरी असली शुरुआत हुई और मैं इंटर यूनिवर्सिटी, सीनियर नेशनल और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक हैंडबॉल खेली।

*प्रश्नः कोचिंग की शुरुआत आपने कैसे की?*
**उत्तर :** मैंने सबसे पहले अपने गांव के बच्चों को एकत्र किया और उन्हें हैंडबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। लगभग 30-35 बच्चियों के साथ प्रशिक्षण की शुरुआत की।

*प्रश्नः शिक्षा विभाग में नियुक्ति के बाद खेल को कैसे आगे बढ़ाया?*
**उत्तर :** मेरी पहली नियुक्ति जिला सोलन के नवगांव स्कूल में हुई। जिन बच्चियों को मैं अपने गांव में हैंडबॉल सिखाती थी, उनमें से 7 बच्चियां मेरे साथ नवगांव गईं। वहां की बच्चियों ने भी खेलना शुरू किया और हमने जिला और राज्य स्तर पर कई खिताब जीते। इसके अलावा जूनियर नेशनल में गोल्ड मेडल भी जीता।

## आपका सबसे बड़ा सपना क्या है?



**उत्तर :** मेरा सपना है कि भारत की हैंडबॉल टीम एक दिन ओलंपिक में खेले। जूनियर एशियन गेम्स में भारत गोल्ड मेडल जीत चुका है, इसलिए मुझे पूरा विश्वास है कि यह सपना भी जरूर पूरा होगा।

*प्रश्नः मोरसिंघी में अकादमी की स्थापना कैसे हुई?*
**उत्तर :** मोरसिंघी में जहां अकादमी बनाई गई, वह जगह मेरे पिताजी ने मुझे दी। हमने पथरीले पहाड़ को काटकर मैदान तैयार किया। यह हमारे लिए एक बड़ा चैलेंज था, लेकिन दिन-रात मेहनत करके वहां से प्रोफेशनल खिलाड़ी तैयार किए।

*प्रश्नः आज अकादमी की क्या स्थिति है?*
**उत्तर :** आज मोरसिंघी की अकादमी का देशभर में नाम है। इसके पीछे बच्चों की कड़ी मेहनत है। वर्तमान में यहां लगभग 250 बच्चे प्रशिक्षण ले रहे हैं।

*प्रश्नः अब तक कितने खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेला है?*
**उत्तर :** अब तक मेरी अकादमी से 80 खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं।

*प्रश्नः ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के प्रति अभिभावकों का रुझान कैसा रहा?*
स्नेह लताः पहले ग्रामीण क्षेत्रों में माता-पिता का सहयोग कम मिलता था, लेकिन अब समय बदल गया है। अब अभिभावक स्टेप बाय स्टेप बच्चों का सहयोग कर रहे हैं।

*प्रश्नः खेल और नशे की बढ़ती प्रवृत्ति को आप कैसे देखती हैं?*
**उत्तर :** खेल युवाओं को नशे से दूर रखने में बहुत मददगार है। जब बच्चे मैदान में मेहनत करते हैं तो उनका ध्यान नशे की ओर जाता ही नहीं, उनके लिए मैदान ही सब कुछ बन जाता है।

*प्रश्नः सरकार से आपकी क्या अपेक्षाएं हैं?*
**उत्तर :** सरकार खेलों के लिए अच्छा काम कर रही है। खिलाड़ियों के लिए 3 प्रतिशत नौकरियों का प्रावधान भी है, लेकिन अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। जगह-जगह इंडोर स्टेडियम बनाए जाने चाहिए, ताकि खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं की बेहतर तैयारी कर सकें।

# धर्मशाला के सकोह व नड्डी में इसी माह शुरू होंगे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

## सकोह प्लांट में ट्रीट होगा एमसी मर्ज एरिया का सीवरेज, सीवरेज लाने के लिए हो चुकी है ट्रैक्टर खरीद

अनंत ज्ञान

**राजेश कुमार, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा मुख्यालय धर्मशाला के नड्डी और सकोह में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का कार्य लगभग पूरा हो चुका है, जिसे इसी माह शुरू कर दिया जाएगा। सकोह में बन रहे आधुनिक एसटीपी का निर्माण विशेषकर नगर निगम धर्मशाला के मर्ज एरिया को ध्यान में रखकर किया गया है।

नगर निगम की ओर से मर्ज एरिया के सीवरेज को प्लांट तक लाने के लिए चार ट्रैक्टर भी खरीदे जा चुके हैं। वहीं सीवरेज उठाने को लेकर निर्धारित दरों की समीक्षा करने पर भी विचार किया जा रहा है। गौरतलब है कि नगर निगम धर्मशालजा के वार्ड एक से लेकर दस तक सीवरेज सिस्टम है, ऐसे में सकोह स्थित प्लांट का निर्माण निगम के मर्ज एरिया के लिए किया गया है। जब तक नगर निगम के मर्ज एरिया में सीवरेज सिस्टम की व्यवस्था नहीं होती, तब तक मर्ज एरिया के सीवरेज को ट्रैक्टरों के माध्यम से लाकर सकोह के प्लांट में ट्रीट किया जाएगा।



### नड्डी एसटीपी से ढाई हजार आबादी होगी लाभान्वित

**जल** शक्ति विभाग धर्मशाला जोन के चीफ इंजीनियर दीपक गर्ग ने बताया कि स्मार्ट सिटी के तहत धर्मशाला में दो सेप्टिक ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) बन रहे हैं। जिसमें एक नड्डी क्षेत्र में है, जिसकी क्षमता 1.55 एमएलडी है, जिससे करीब ढाई हजार की आबादी लाभान्वित होगी। करीब 5 करोड़ की लागत से बन रहे एसटीपी का कार्य अंतिम चरण में है, जिसे जल्द पूरा करके इसी माह इस प्लांट को चालू करवा दिया जाएगा। वहीं साढ़े दस करोड़ की लागत से सकोह में प्रदेश का पहला एफएसटीपीएम बन रहा है, जिसके माध्यम से लोगों के घरों से सीवरेज को लाकर सकोह प्लांट में ट्रीट किया जाएगा। जिसका कार्य भी अंतिम चरण में है। इस संबंध में स्मार्ट सिटी से बातचीत चल रही है, इस प्लांट को भी 31 मार्च से पहले शुरू कर दिया जाएगा।

### 5 किमी दूर से सीवरेज उठाने के 3500 तय: गर्ग

**बकौल** दीपक गर्ग सकोह के प्लांट के लिए सीवरेज उठाने को लेकर दरें नगर निगम धर्मशाला की ओर से तय की गई है तथा चार ट्रैक्टरों की खरीद भी की गई है। मर्ज एरिया से सीवरेज उठाने के लिए प्लांट से पांच किलोमीटर दूरी तक के लिए 3500 रुपए की दरें तय की गई है, जबकि पांच किलोमीटर से अधिक दूरी होने पर 500 रुपए अतिरिक्त लिए जाएंगे। यदि कोई शहरवासी सीवरेज को प्राइवेट ट्रैक्टर से प्लांट में लाता है तो उससे एक हजार रुपए लिए जाएंगे।



## चरस मामले के दोषी को 8 वर्ष का कारावास, 1 लाख जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विशेष न्यायाधीश (वक्फ ट्रिब्यूनल) जसवंत सिंह की अदालत ने 415 ग्राम चरस सहित पकड़े गए आरोपी अनिल कुमार को दोषी करार दिया है। अदालत ने दोषी को 8 वर्ष के कारावास और 1 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में दोषी को 1 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मिली जानकारी के अनुसार 27 नवंबर 2021 को पेश आए इस मामले के तहत पुलिस थाना नूरपुर की टीम अपनी गश्त पर थी। इस दौरान करीब रात 8.15 बजे रात एक व्यक्ति गांव थौड़ा की तरफ से अनुण चौक की तरफ पैदल आया। जिसने अपने दाहिने हाथ में एक कैरी बैग उठा रखा था। मौके पर मौजूद पुलिस को देखकर उक्त व्यक्ति घबरा गया और पीछे मुड़कर भागने लगा। शक होने पर पुलिस द्वारा उपरोक्त व्यक्ति को कैरी बैग सहित पकड़ा गया। जब पुलिस द्वारा कैरी बैग को खोलकर जांचा गया तो बैग में से काले रंग का ठोस पदार्थ प्राप्त हुआ जो सुंघने व अनुभव के आधार पर चरस पाया गया। पुलिस द्वारा डिजिटल तराजू पर बरामद चरस को तोला गया तो इसकी मात्रा 415 ग्राम पाई गई। पुलिस द्वारा आरोपी अनिल कुमार के खिलाफ पुलिस थाना नूरपुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर छानबीन की गई। साथ ही उक्त चरस की जांच राज्य फोरेंसिक लैब जुंगा शिमला में भी गई, जिसमें चरस होने की पुष्टि पाई गई। न्यायालय की ओर से पुलिस थाना नूरपुर में दर्ज मामले के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई है। मामले की पैरवी जिला न्यायवादी संजीव राणा ने की है।

# स्वास्थ्य बीमा क्लेम खारिज करने वाली कंपनी उपभोक्ता को दे नौ फीसदी ब्याज सहित राशि

अनंत ज्ञान

◆ जिला उपभोक्ता आयोग की अदालत ने जारी किए आदेश

**ब्यूरो, धर्मशाला।** उपभोक्ता आयोग जिला कांगड़ा के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा, सदस्य आरती सूद व नारायण ठाकुर की अदालत ने एक अहम फैसले में स्वास्थ्य बीमा क्लेम खारिज करने वाली बीमा कंपनी को उपभोक्ता के पक्ष में राहत देने का आदेश दिया है। आयोग ने बीमा कंपनी द्वारा शिकायतकर्ता उपभोक्ता को 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित 35,103 रुपए की राशि अदा करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा बीमा कंपनी द्वारा उपभोक्ता को 10,000 रुपए मानसिक पीड़ा व उत्पीड़न के लिए तथा 10,000 रुपए मुकदमे के खर्च के रूप में अदा करने होंगे।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता उपभोक्ता ने आयोग में दर्ज अपनी शिकायत में बताया था कि उन्होंने वर्ष 2014 में एक बीमा कंपनी से स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली थी, जिसे उन्होंने वर्ष 2018 में पोर्ट कराकर एक स्वास्थ्य बीमा कंपनी में स्थानांतरित कर दिया। उन्होंने वर्ष 2022-23 के लिए अपनी मेडिकल पॉलिसी 5.50 लाख की बीमित राशि के साथ नवीनीकृत करवाई और इसके लिए करीब 75,892 रुपए प्रीमियम का भुगतान किया। 26 मई 2022 को डॉ. बस्सी को तीव्र एलर्जिक ब्रोंकाइटिस की शिकायत होने पर उन्हें जिला के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती होना पड़ा, जहां 28 मई, 2022 तक उनका उपचार चला। इस दौरान करीब 35,103 रुपए का चिकित्सा खर्च आया। उपचार के बाद उन्होंने बीमा कंपनी के पास क्लेम प्रस्तुत किया, लेकिन कंपनी ने यह कहते हुए क्लेम खारिज कर दिया कि शिकायतकर्ता को पिछले 20 वर्षों से सीओपीडी (क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) की बीमारी है, जिसका खुलासा पॉलिसी लेते समय नहीं किया गया था।

शिकायतकर्ता ने आयोग के समक्ष दायर याचिका में कहा कि अस्पताल के डिस्चार्ज समरी में किसी पुरानी बीमारी का उल्लेख नहीं है और पॉलिसी में प्री-एक्सिस्टिंग बीमारी के लिए 48 महीने की वेटिंग अवधि भी वह पहले ही पूरी कर चुके हैं। इसलिए क्लेम खारिज करना सेवा में कमी है। आयोग ने मामले की सुनवाई के बाद पाया कि शिकायतकर्ता वर्ष 2014 से लगातार बीमा कवर में था और पॉलिसी पोर्ट करने के बाद भी वेटिंग पीरियड की शर्त पूरी हो चुकी थी। आयोग ने पाया कि बीमा कंपनी ने जिस दस्तावेज के आधार पर बीमारी का दावा किया, वह किसी डॉ. द्वारा प्रमाणित नहीं था व ठोस चिकित्सीय रिकॉर्ड भी प्रस्तुत नहीं किया गया। आयोग ने इसे बीमा कंपनी की सेवा में कमी मानते हुए शिकायत को स्वीकार कर लिया तथा उपभोक्ता द्वारा पेश सारे दस्तावेजों व दलीलों के आधार पर उपभोक्ता के पक्ष में फैसला सुनाते हुए बीमा कंपनी को उपरोक्त आदेश जारी किए।

## न्यूज ब्रीफ

### कार्तिक राणा बने इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** बैजनाथ के कार्तिक राणा ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कार्तिक राणा मूल रूप से बैजनाथ के चौबिन पंचायत के ददीण गांव के निवासी हैं। उनके पिता कुलविंदर राणा केसीसी बैंक के निदेशक और पंचायत के प्रधान भी रहे हैं जबकि कार्तिक की माता सीमा राणा भी ब्लॉक समिति की सदस्य रह चुकी है कार्तिक की दो बहनें है जिनकी शादी हो चुकी है। कार्तिक राणा की प्रारंभिक शिक्षा भारती विद्यापीठ स्कूल बैजनाथ में हुई जबकि सैनिक स्कूल सुजानपुर टीहरा से जमा दो की पढ़ाई करने के बाद चंडीगढ़ से डिग्री हासिल की। उसके बाद सीडीएस क्वालीफाई कर आवश्यक ट्रेनिंग के उपरांत लेफ्टिनेंट बन गए हैं। कार्तिक राणा की इस सफलता पर नव निर्वाचित सांसद अनुराग शर्मा स्थानीय विधायक किशोरी तथा पूर्व विधायक मुल्क राज प्रेमी ने बधाई दी है तथा उज्ज्वल भविष्य कामना की है।



### 45 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

**अनंत ज्ञान, देहरा।** विधायक कमलेश ठाकुर ने शुक्रवार को अपर प्रागपुर से कडोल वाया डडारी सड़क के सुधारीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। इस कार्य पर लगभग 30 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सड़क के सुधारीकरण से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी और स्थानीय विकास को भी गति मिलेगी। इसके बाद विधायक ने धियोरी पंचायत का दौरा कर लम्मी पुखर खड्ड से नैनबेही तक बनने वाली सड़क का भूमि पूजन किया। इस सड़क के निर्माण पर करीब 15 लाख रुपये की लागत आएगी। कमलेश ठाकुर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क सुविधाओं को मजबूत करना सरकार की प्राथमिकता है और क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत लगातार कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याएं भी सुनीं और अधिकारियों को उनके शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। साथ ही कम्युनिटी हॉल के लिए 5 लाख रुपये स्वीकृत करने की जानकारी भी दी।

### स्वास्थ्य व लैंगिक समानता पर लगी कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के स्वास्थ्य, लैंगिक समानता तथा टीबी और एचआईवी जैसी सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौतियों पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. विवेक करोल रहे। डॉ. विवेक करोल ने कहा कि महिला दिवस समाज को महिलाओं के अधिकार, सम्मान और समान अवसरों के प्रति जागरूक करने का महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने बताया कि सामाजिक और पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण कई बार महिलाएं अपने स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देती हैं, जिससे टीबी जैसी बीमारियों की पहचान देर से होती है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरकेसूद ने कहा कि एचआईवी से संक्रमित महिलाओं में टीबी का खतरा अधिक होता है, इसलिए समय पर जांच और उपचार जरूरी है। कार्यक्रम में टीबी-एचआईवी से जुड़े भेदभाव को समाप्त करने के लिए 'भेदभाव नहीं चलेगा' संदेश आधारित जागरूकता सामग्री भी जारी की गई।

### अनुराग को प्रत्याशी बनाने पर जताई खुशी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** कांग्रेस द्वारा अनुराग शर्मा को राज्यसभा के लिए प्रत्याशी बनाए जाने पर प्रदेश ब्राह्मण कल्याण सभा बैजनाथ के सदस्यों ने खुशी जताते हुए केंद्रीय कांग्रेस नेतृत्व तथा प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है। सभा के सदस्यों आनंद भूषण शर्मा (नंदी), गोविंद शर्मा व मुनीश गावरू ने कहा कि अनुराग शर्मा को राज्यसभा के लिए प्रत्याशी बनाना क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि अनुराग शर्मा लंबे समय से सामाजिक व राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय रहकर लोगों की आवाज़ को मजबूती से उठाते रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा में पहुंचकर अनुराग शर्मा प्रदेश व विशेषकर कांगड़ा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाएंगे। ब्राह्मण कल्याण सभा के सदस्यों ने इस निर्णय के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश सरकार का धन्यवाद किया। सदस्यों ने उम्मीद जताई कि अनुराग शर्मा के राज्यसभा में जाने से हिमाचल प्रदेश और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

### आईटीआई नेहरनपुखर में 12 को कैंपस इंटरव्यू

**अनंत ज्ञान, पिंकी, डाडासीबा।** जिला कांगड़ा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नेहरनपुखर में 12 मार्च 2026 को कैंपस इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा। यह इंटरव्यू लुधियाना की किटी इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड द्वारा लिया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया में लड़कियों के लिए 40 और लड़कों के लिए 20 पद निर्धारित किए गए हैं। इस इंटरव्यू में सभी ट्रेड के आईटीआई पास उम्मीदवार भाग ले सकते हैं, जबकि केवल 10वीं पास नॉन-आईटीआई अभ्यर्थियों को भी अवसर दिया जाएगा। उम्मीदवारों की आयु 18 से 37 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित युवाओं को कंपनी में ऑन-रोल नौकरी दी जाएगी। कंपनी की ओर से लगभग 20,468 रुपए सीटीसी और करीब 16,000 रुपए टेक-होम सैलरी के साथ पीएफ, ईएसआई और ग्रेच्युटी की सुविधा दी जाएगी। इसके अलावा मुफ्त भोजन, परिवहन, रहने की सुविधा और 8 घंटे की ड्यूटी भी मिलेगी। इच्छुक उम्मीदवार अपने दस्तावेजों के साथ इंटरव्यू में शामिल हो सकते हैं।

### नौकरी लेने के लिए 19 को आएं बैजनाथ

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बैजनाथ में 19 मार्च को कांचीपुरम स्थित लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड (एल एंड टी) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया जाएगा। संस्थान की प्रधानाचार्या रीता शर्मा ने बताया कि इस साक्षात्कार में किसी भी मान्यता प्राप्त आईटीआई से प्रशिक्षित फिटर, वेल्डर, कारपेंटर, प्लंबर और इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को प्रारंभ में दो माह का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा और प्रशिक्षण पूरा होने पर नेशनल स्किल प्रशिक्षण प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इसके बाद योग्य अभ्यर्थियों को कंपनी में नियमित पदों पर नियुक्त किया जाएगा। चयनित युवाओं को लगभग 20 हजार रुपए प्रतिमाह सीटीसी के साथ ईएसआई, पीएफ और अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। इच्छुक अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साक्षात्कार के दिन अभ्यर्थियों को अपने साथ आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य होगा।

# प्रवक्ता पदोन्नति के बाद रुकी इंक्रीमेंट

## राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई वेतनवृद्धि देने की मांग

अनंत ज्ञान

◆ वरिष्ठता विवाद के बीच 749 टीजीटी को नोशनल प्रमोशन देने की उठी मांग

**ब्यूरो, धर्मशाला।** अगस्त 2025 में 642 टीजीटी को प्रमोट करते हुए प्रवक्ता बनाया गया। इसमें 28 टीजीटी ने प्रमोशन के लिए मना कर दिया और 614 टीजीटी ने प्रवक्ता पद पर ज्वाइन किया। एफआर 22(I)(ए)(1) के तहत पदोन्नति के बाद वेतन निर्धारण हेतु विकल्प एक माह के भीतर दे दिया। इस तरह उनको पदोन्नति तिथि या वार्षिक वेतन वृद्धि की तिथि से प्रवक्ता स्केल में इंक्रीमेंट लेने का विकल्प चुना। जिन शिक्षकों ने वार्षिक वेतनवृद्धि की तिथि को ही पदोन्नति की इंक्रीमेंट लेने का निर्णय लिया, उनको शिक्षा विभाग ने पदोन्नति वाली इंक्रीमेंट आज तक नहीं दी और इसके चक्कर में वार्षिक वेतनवृद्धि भी नहीं दी।

इस तरह टीजीटी से प्रवक्ता पदोन्नति इनके लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। ऐसे में 614 टीजीटी की सालाना इंक्रीमेंट और प्रमोशन स्केल में प्रमोशन वाली इंक्रीमेंट देने की मांग राजकीय टीजीटी कला संघ ने उठाई है। संघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश कौशल,उपाध्यक्ष विजय बरवाल और महासचिव विजय हीर सहित समूची राज्य और जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने सरकार और शिक्षा विभाग से अपील की है कि पदोन्नति के बाद वार्षिक इंक्रीमेंट नहीं रोकी जाए और पदोन्नति वाली इंक्रीमेंट प्रवक्ता स्केल में देने हेतु शीघ्र आदेश जारी किए जाएं। अनेक शिक्षक मार्च 2026 में ही सेवानिवृत्त हो रहे हैं और ऐसे में उनको पेंशन में भी बड़ा नुकसान होगा। अगर वरिष्ठता विवाद हाईकोर्ट में चल रहा है तो उस केस के अंतिम निर्णय पर निर्भर करते हुए पदोन्नति के आर्थिक लाभ जारी कर दिए जाएं। डिमोशन की दशा में इनकी रिकवरी संभव है मगर डिमोशन स्टे के मध्य प्रमोट शिक्षकों के आर्थिक लाभ रोकना अनुचित है। 653 शिक्षक इस माह सेवानिवृत्त होने के बाद अनेकों पद रिक्त हो जाएंगे और 749 टीजीटी को प्रवक्ता प्रमोट करने हेतु पर्याप्त पद कैडर में उपलब्ध हो जाएंगे। ऐसे में शिक्षा विभाग पात्र 749 टीजीटी को भी 23 अगस्त,2025 से नोशनल प्रमोट करते हुए इस वरिष्ठता विवाद का अंत करे और शिक्षा विभाग में उपजे इस विवाद का हल निकाले।

## झूठे वादों, खोखले भाषणों और आरोपों की राजनीति से हिमाचल नहीं चलेगा: परमार

**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** भाजपा उपाध्यक्ष एवं विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार आज अपने कार्यकाल के तीन वर्ष से अधिक समय पूरा कर चुकी है। इतने लंबे समय के बाद भी यदि मुख्यमंत्री और उनके मंत्री मंचों से केवल आरोपों की राजनीति करते नजर आएं, तो यह प्रदेश की जनता के साथ एक बड़ा मजाक है। जनता ने सरकार इसलिए नहीं चुनी थी कि वह हर मंच से भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार को कोसती रहे, बल्कि इसलिए चुनी थी कि वह प्रदेश के विकास के लिए ठोस और ईमानदार काम करे। परमार ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि आज प्रदेश के मुख्यमंत्री बड़े-बड़े मंचों से यह कहते फिर रहे हैं कि अगर 70 हजार करोड़ रुपये मिल जाते तो हिमाचल कर्जमुक्त हो जाता। यह बयान अपने आप में इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस सरकार के पास न कोई ठोस आर्थिक नीति है, न कोई दूरदृष्टि और न ही प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुधारने की स्पष्ट योजना। परमार ने कहा कि कांग्रेस सरकार का पूरा कार्यकाल केवल एक ही बात के इर्द-गिर्द घूमता नजर आता है बीजेपी को दोष दो और अपनी जिम्मेदारी से बचो। यह राजनीति ज्यादा दिन तक नहीं चल सकती। प्रदेश की जनता सब कुछ देख और समझ रही है। आज जरूरत इस बात की है कि मुख्यमंत्री व उनकी सरकार आत्ममंथन करें। जनता को यह बताएं कि तीन साल में उन्होंने प्रदेश के लिए क्या ठोस उपलब्धियां हासिल कीं।

# इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक कैंप में 100 से अधिक ने करवाया रजिस्ट्रेशन

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक एसोसिएशन एवं आरोग्य भारती हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित एक दिवसीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन अंतरराज्यीय बस स्टैंड पर स्थित श्री कृष्णा इलैक्ट्रोहोम्योपैथी सेंटर में हुआ। जिसमें नूरपुर के अलावा जवाली, सदवां, कोटला, गंगथ, राजा का तलाब और पठानकोट के लगभग 100 से अधिक मरीजों ने रजिस्ट्रेशन करवाकर हर्बल चिकित्सा के विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श लेकर उपचार का लाभ उठाया।

इस अवसर पर प्रदेशाध्यक्ष डॉ. रवि कुमार रबिसन ने बताया कि भारतीय आयुर्विज्ञान क्षेत्र में हर्बल आधारित इलैक्ट्रोहोम्योपैथी के प्रचार प्रसार के तहत आरोग्य भारती के सहयोग से प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं । नूरपुर स्थित स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉ नेहा शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं व बच्चों के लिए विशेष सुविधा उपलब्ध कराई गई है जहां लाइलाज बीमारियों से ग्रसित रोगियों को बिना ऑपरेशन के उपचार दिया जाता है। डॉ. रवि ने बताया कि इस कार्यक्रम में हेडा सलाहकार समिति के समन्वयक डॉ उत्तम चंद कौंडल और जिला कांगड़ा के महासचिव डॉ प्रवीण कुमार ने निःस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. नेहा शर्मा ने इस कैंप के सफल आयोजन के लिए धर्मशाला स्थित सर्वोदय इंस्टीट्यूट ऑफ इलैक्ट्रोहोम्योपैथी की टीम का आभार जताया व पालमपुर से आई फिजियोथिरैपिस्ट डॉ महिमा की प्रशंसा करते हुए उन्हें सम्मानित किया।



उल्लेखनीय है कि इस शिविर में कई रोगियों को यह दवाएं रामबाण साबित हुई हैं जिन्होंने चिकित्सकों के समक्ष अपने अनुभव साझा किए। यह भी कहा कि इस तरह का शिविर नगरोटा बगवां के गांव धलूं पंचायत में 29 मार्च को आयोजित होगा।

# वोकेशनल शिक्षा से हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में खुल रहे नए आयाम

अनंत ज्ञान

◆ फतेहपुर स्कूल के 16 छात्र मारुति कंपनी में दे रहे हैं सेवाएं

**रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा के तहत दी जा रही वोकेशनल शिक्षा विद्यार्थियों के लिए रोजगार के नए रास्ते खोल रही है। कक्षा 9वीं से 12वीं तक विद्यार्थियों को विभिन्न ट्रेड्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ तकनीकी कौशल भी हासिल कर रहे हैं। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फतेहपुर में भी इस योजना के सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। स्कूल में आईटीईएस और ऑटोमोबाइल विषय पढ़ाए जाते हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को कंप्यूटर सेवाओं और वाहन तकनीक से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्कूल के ऑटोमोबाइल ट्रेड के छात्रों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए कबाड़ और पुराने वाहन पार्ट्स से एचआरटीसी बस, जेसीबी, ट्रैक्टर और क्रेन के आकर्षक मॉडल तैयार किए हैं, जो उनकी तकनीकी समझ और मेहनत को दर्शाते हैं। स्कूल के शिक्षकों के अनुसार फतेहपुर स्कूल से पढ़ाई कर चुके करीब 16 छात्र आज मारुति कंपनी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जबकि कुछ छात्र अपना स्वयं का काम भी शुरू कर चुके हैं। यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है। ऑटोमोबाइल शिक्षक रविन्द्र सिंह का कहना है कि वोकेशनल शिक्षा के तहत विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे तकनीकी रूप से दक्ष बन रहे हैं और भविष्य में रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त कर सकते हैं।

ऑटोमोबाइल शिक्षक युद्धबीर सिंह के अनुसार विद्यार्थियों को प्रयोग करने और नई चीजें सीखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। फतेहपुर स्कूल के छात्रों द्वारा कबाड़ से तैयार किए गए मॉडल उनकी रचनात्मकता और तकनीकी समझ का प्रमाण हैं। यह पहल दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी भी बड़ी उपलब्धियां हासिल कर सकते हैं।

## सीजीएचएस, प्रदेश पैरामिल्ट्री कल्याण बोर्ड गठन पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** भूतपूर्व अर्द्धसैनिक बल कल्याण संगठन जिला कांगड़ा की त्रैमासिक बैठक शनिवार को सामुदायक भवन 39 मील शाहपुर में जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर की अध्यक्षता में संपन्न हुई । बैठक में विभिन्न मुद्दों व केंद्र और प्रदेश सरकार के पास लंबित विभिन्न मांगों पर चर्चा हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष एमएल ठाकुर ने बैठक में सदस्यों को संबोधित करते हुए कार्यालय भवन बनाने के लिए सदस्यों से चर्चा की। साथ ही उन्होंने लंबित विभिन्न मांगों जिसमे मुख्य सीजीएचएस, प्रदेश पैरामिल्टरी कल्याण बोर्ड का गठन, सीएलएमएस आदि पर भी चर्चा की। उन्होंने सरकार से सेना की तर्ज पर सुविधाएं देने की मांग की। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी विभिन्न मांगो को अत्यंत देरी हो चुकी है इनको शीघ्र पूरा किया जाए। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष बलदेव सिंह राणा, सचिव यशवीर सिंह, कोषाध्यक्ष कुशल राणा, मूलतान सिंह, इंद्र पॉल सिंह, वीरनारियां सुजाता देवी, आशा भदवाल आदि सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# महिलाएं हर क्षेत्र में मनवा रहीं प्रतिभा का लोहा: डॉ. अनु

## द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत में विमेन सेल के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ. रिपिन हीरा, प्रबंधक पल्स मेडिसिटी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल शाहपुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि डॉ. अनु यार्की मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके पश्चात विमेन सेल की संयोजिका कुसुम ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण शर्मा तथा सेल के पदाधिकारियों ने मुख्यातिथि और मुख्य वक्ता को पारंपरिक पहाड़ी टोपी एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस दौरान महाविद्यालय की छात्राओं ने कामयाब महिलाओं के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी। साथ ही सशक्त नारी स्वस्थ्य नारी को लेकर गुप डिस्कशन भी हुआ जिसमें छात्राओं की शंकाओं का समाधान किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अनु यार्की ने कहा कि आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। उन्होंने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने, शिक्षा के महत्व को समझने तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सशक्त भारत के निर्माण में सशक्त नारी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज की महिला घर-परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने पेशेवर दायित्वों को भी पूरी निष्ठा और कुशलता से निभा रही है। कार्यक्रम के दौरान महिला सशक्तिकरण और समाज में महिलाओं की भूमिका पर भी विस्तृत चर्चा की गई। मुख्यातिथि डॉ. रिपिन हीरा ने अपने संबोधन में कहा कि 'यत्र पूज्यंते नारी, रमंते तत्र देवता, अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवताओं का वास होता है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की इस वर्ष की थीम गिव टू गेन पर अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज में महिलाओं को सम्मान, अवसर और सहयोग देना आवश्यक है, तभी समाज का समग्र विकास संभव है। उन्होंने पल्स मेडिसिटी अस्पताल में द्रोणाचार्य कॉलेज के विद्यार्थियों के किसी भी तरह की फ्री चेकअप की घोषणा की।



द्रोणाचार्य कॉलेज रैत में महिला दिवस मनाया। अनंत ज्ञान

## कार्यक्रम: शाहपुर मिनी सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

# सुख शिक्षा योजना से 6700 माताएं लाभान्वित: पठानिया



शाहपुर मिनी सचिवालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व दिन पर शनिवार को शाहपुर के मिनी सचिवालय परिसर में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। पठानिया ने कहा कि महिला दिवस महिलाओं के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिन्होंने समाज के विकास में अहम भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रतिबद्ध है और इसके लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं एवं कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में इस वित्त वर्ष के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं और बच्चों को लगभग 30 करोड़ रुपये के वित्तीय लाभ प्रदान किए जा चुके हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत वर्ष 2025-26 में जिला कांगड़ा की 421 बालिकाओं को जन्म उपहार के रूप में लगभग 1 करोड़ 15 लाख 28 हजार रुपये की राशि प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री शगुन योजना के तहत इस वित्त वर्ष में 1377 बेटियों को 4 करोड़ 26 लाख 87 हजार रुपये की अनुदान राशि वितरित की गई है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार ने पिता की भूमिका निभाते हुए इस वित्त वर्ष में 586 बेटियों के विवाह हेतु 2 करोड़ 8 लाख 86 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की है।

उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना के तहत लगभग 6700 बच्चों की माताओं को प्रतिमाह 1000 रुपये सामाजिक सुरक्षा सहायता प्रदान की जा रही है तथा बच्चों की शिक्षा का पूरा खर्च भी सरकार उठा रही है। इस योजना के तहत इस वर्ष लगभग 8.50 करोड़ रुपये व्यय किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला कांगड़ा में वर्षभर उत्कृष्ट कार्य करने वाली 65 महिलाओं जिनमें अधिकारी, महिला कार्यकर्ता और स्कूली छात्राएं शामिल थीं,को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# असम राइफल्स के जेसीओ चंद्र प्रकाश को सैकड़ों लोगों ने दी अंतिम विदाई



विधायक केवल सिंह पठानिया ने दी श्रद्धांजलि। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**शाहपुर।** शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की रेहलू पंचायत के नागनी गांव निवासी चंद्र प्रकाश के अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि चंद्र प्रकाश असम राइफल्स में जेसीओ के पद पर कार्यरत थे और तीन दिन पहले असम के सिलचर में तैनात रहते हुए उनका अचानक निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। चंद्र प्रकाश अपने पीछे दो बेटे और एक बेटी छोड़ गए हैं। उल्लेखनीय है कि करीब छह माह पहले ही उनकी धर्मपत्नी का भी निधन हो गया था, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। अंतिम संस्कार के दौरान जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए सलामी दी और पूरे सैन्य सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी। विधायक केवल सिंह पठानिया ने स्वर्गीय चंद्र प्रकाश की सेवाओं को याद करते हुए कहा कि देश की सेवा में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### आदतन आरोपी को पीट-एनडीपीएस के तहत जेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशा तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई के तहत 34 वर्षीय लक्की निवासी हरसर, तहसील जवाली के विरुद्ध पीट-एनडीपीएस एक्ट 1988 की धारा 3(1) के अंतर्गत निरोधात्मक हिरासत की कार्रवाई की गई है। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में एनडीपीएस के अंतर्गत 3 मामले पुलिस थाना जवाली व नूरपुर में दर्ज हैं। बार-बार गिरफ्तारी एवं कानूनी कार्रवाई के बावजूद आरोपी नशे के अवैध कारोबार में संलिप्त पाया गया। हिमाचल प्रदेश सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी निरुद्ध आदेश के अनुपालन में 6 मार्च को आरोपी को हिरासत में लेकर जिला कारागार धर्मशाला भेज दिया गया है, जहां उसे 3 माह की अवधि तक निरोधात्मक हिरासत में रखा गया है। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी नूरपुर कुलभूषण वर्मा ने बताया कि पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई भविष्य में भी जारी रहेगी।

### धर्मशाला में पंजाब किंग्स की प्रेक्टिस जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** आईपीएल सीजन-2026 के शुरू होने से पहले अपने दूसरे होम ग्राउंड एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में पंजाब किंग्स की टीम का प्रेक्टिस कैंप शनिवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। पंजाब के खिलाड़ियों ने तीसरे दिन नेट पर बैटिंग व बॉलिंग की प्रेक्टिस करते हुए अपनी तैयारियों को और मजबूती दी। पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों में नेहल बढ़ेरा व हरप्रीत बराड़ ने नेट पर बैटिंग का अभ्यास किया। साथ ही एचपीसीए के गेंदबाजों ने भी पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों को बॉलिंग करते हुए जमकर अपना पसीना बहाया। गौरतलब है कि पंजाब किंग्स की टीम 10 मार्च तक अभ्यास करते हुए अपनी तैयारियों को मजबूती देगी, जबकि इस पूरे प्रेक्टिस शेड्यूल के तहत तैयारियों को मजबूती देने के बाद टीम इस सीजन में उतरेगी। गत वर्ष भी पंजाब किंग्स की टीम ने धर्मशाला स्टेडियम में आईपीएल सीजन से पहले कैंप आयोजित कर सभी खिलाड़ियों को एक टीम में ढालते हुए धर्मशाला में अभ्यास किया था।

### डरोह में महिला सुरक्षा पर कोर्स आयोजित



**अनंत ज्ञान, राकेश डोगरा, डरोह।** पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली के तत्वावधान में पीटीसी डरोह के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा पर तीन दिवसीय कार्यशाला 5 से 7 मार्च तक पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय डरोह में आयोजित की गई। इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं इकाइयों के 30 अन्वेषण अधिकारियों ने भाग लिया। कोर्स में महिलाओं व बच्चों से संबंधित अपराधों के अन्वेषण, वैज्ञानिक पद्धति, भौतिक साक्ष्य और डीएनए का महत्व, सोशल मीडिया उपयोग, घरेलू हिंसा से संरक्षण, गुमशुदगी मामलों में त्वरित कार्रवाई, न्यायालयीन निर्णय और नवीनतम कानूनी प्रावधानों पर प्रशिक्षण दिया गया। सुदीप सिंह, टेक चंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रशिक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। कोर्स समापन पर डॉ. खुशहाल शर्मा ने प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए। पुलिस अधीक्षक भूपिंदर सिंह कंवर ने बताया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### ढलियारा कॉलेज के मेधावी छात्र पुरस्कृत

**अनंत ज्ञान, शिव गुलेरिया, देहरा।** राजकीय महाविद्यालय ढलियारा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समारोह में विधायक कमलेश ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए और शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कमलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा में उत्कृष्टता और पारदर्शिता स्थापित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। उन्होंने महाविद्यालय की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त की और बीवोक के विद्यार्थियों द्वारा आयोजित फूड फेस्टिवल का अवलोकन कर उनकी रचनात्मकता की सराहना की। इस अवसर पर 10 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन स्वरूप 10 हजार रुपए की राशि देने की भी घोषणा की गई। उन्होंने छात्रों को मेहनत और कौशल के दम पर आगे बढ़कर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### ढलियारा में गूंजा बाबा बालकनाथ का भजन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** ढलियारा क्षेत्र में हाल ही में बाबा बालक नाथ जी के भजन की शूटिंग श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई। इस भजन में स्थानीय कलाकारों ने अपने अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। भजन में नीरज हिमाचली की माता लता हिमाचली (पहाड़ी मम्मी) ने माता रत्नो का किरदार निभाया, जिसे लोगों ने काफी सराहा। वहीं नीरज हिमाचली ने भी भजन में अहम भूमिका निभाई। सबसे खास बात यह रही कि परिवार के ही छोटे बच्चे फांदू ने बाबा बालक नाथ जी का रूप धारण कर अपनी मासूम और भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी का दिल जीत लिया। उसके अभिनय और भाव-भंगिमा ने भजन को और अधिक जीवंत बना दिया। कलाकारों ने बताया कि उन्हें बाबा बालक नाथ जी के भजन में माता रत्नो और बाबा जी के पात्र निभाने का सौभाग्य मिला, जिसे वे बाबा जी की कृपा मानते हैं। भजन की शूटिंग के दौरान पूरा माहौल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर रहा। स्थानीय लोगों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक भजनों के माध्यम से स्थानीय संस्कृति और आस्था को बढ़ावा मिलता है।

### ट्रेनी एसोसिएट के भरे जाएंगे 58 पद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने सूचित किया है कि लिवगार्ड एनर्जी टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड बद्दी में टेऊनी एसोसिएट के 58 पद भरे जाने हैं। इन पदों हेतु जिन आवेदकों ने जमा दो, आईटीआई (इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, फिटर, वेल्डर) किया हुआ है उन आवेदकों के 50 पद प्रोडक्शन विभाग एवं 8 पद मेंटेनेंस विभाग के भरे जाने हैं। इन पदों हेतु आयु 18 से 25 वर्ष तक रखी गई है। आवेदक को कम्पनी द्वारा रूपए 13100 से 20 हज़ार प्रतिमाह वेतन व अन्य सुविधाएं कंपनी के नियमानुसार दी जाएंगी। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साइज़ फोटो, रिहायशी प्रमाण पत्र, मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा की कॉपी व अनुभव प्रमाणपत्र यदि हो तो साथ लेकर 10 मार्च को उप रोजग़ार कार्यालय पालमपुर में, 11 मार्च को उप रोजग़ार कार्यालय नगरोटा बगवां में, 12 मार्च को उप रोजग़ार कार्यालय, देहरा में सुबह 11 बजे पहुंचकर उक्त कंपनी के समक्ष साक्षात्कार के लिए उपस्थित हो सकते हैं।

# एचआरटीसी बस और बाइक में टक्कर, दो युवकों की मौत

## निर्माणाधीन सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा परिसर के पास पेश आया हादसा

अनंत ज्ञान



दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करता पुलिस जवान। अनंत ज्ञान

**पिंकी, डाडासीबा।** निर्माणाधीन सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा परिसर के पास शनिवार को एचआरटीसी बस और बाइक की जोरदार टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई। यह दोनों निवासी गांव कनोल चनौर के हैं। हादसे के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार दो युवक कांगड़ा से ढलियारा होते हुए अपने गांव कनोल (डाडासीबा के पास) लौट रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक निर्माणाधीन सेंट्रल यूनिवर्सिटी देहरा के समीप पहुंची, सामने से आ रही एचआरटीसी बस से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल युवक को एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया, जहां उसकी भी मृत्यु हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही देहरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और दुर्घटना स्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार दोनों युवक डाडासीबा के नजदीक गांव कनोल के रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# पुलिस ने गश्त के दौरान 6.74 ग्राम चिट्टे के साथ युवक किया गिरफ्तार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ निरंतर जारी विशेष अभियान के अंतर्गत पुलिस थाना धर्मशाला की टीम द्वारा गश्त के दौरान शक के आधार पर अतुल (29) निवासी मोहल्ला शंकर नगर होशियारपुर, पंजाब के कब्जे से 6.74 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पुलिस थाना धर्मशाला में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार पुलिस थाना धर्मशाला की गश्त पर थी तो एक युवक से जनजातीय भवन से टी फैक्टरी की ओर जाने वाली सड़क के पास एक व्यक्ति से शक के आधार पर 6.74 ग्राम चिट्टा के साथ धर दबोचा।

मामले की पुष्टि करते हुए एसपी कांगड़ा अशोक रत्न ने कहा कि जिला कांगड़ा पुलिस का नशे के विरुद्ध यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा। नशे और अन्य अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आमजन से अपील है कि नशे के सौदागरों की सूचना तुरंत पुलिस को दें-आपकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

## हैप्पी बर्थडे



शाही (ज्वालापुर) गांव के अक्षित बजीर को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### महिलाएं आज हर क्षेत्र में प्राप्त कर रही उल्लेखनीय उपलब्धियां : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में नूरपुर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और महिलाओं के सशक्तिकरण के बिना किसी भी समाज की प्रगति संभव नहीं है। उपायुक्त ने कहा कि आज महिलाओं ने शिक्षा, प्रशासन, खेल, उद्योग और सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं ने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को समान अवसर प्रदान करना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता पर भी विशेष जोर दिया। उपायुक्त ने कहा कि एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन महिलाओं और किशोरियों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर से बचाव में प्रभावी भूमिका निभाती है। उन्होंने अभिभावकों और समाज से अपील की कि वे अपनी बेटियों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए एचपीवी वैक्सीन के बारे में जागरूक हों और समय पर टीकाकरण करवाएं। हेमराज बैरवा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से मजबूत बनाना है।

# छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों और आत्मसम्मान के महत्व से करवाया अवगत

अनंत ज्ञान

◆ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर बैजनाथ कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विमेंस डेवलपमेंट कमेटी की संयोजक डॉ. चेतना शर्मा ने प्रेरणादायक व्याख्यान प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों, आत्मसम्मान तथा आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने भी छात्राओं को संबोधित किया। उन्होंने छात्राओं को महिलाओं के अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा और आत्मविश्वास के बल पर महिलाएं हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकती हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेहंदी प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में आरती ने प्रथम स्थान, कृतिका ने द्वितीय स्थान तथा अंशिका ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलक्ष्य पर केक काटकर कार्यक्रम को और अधिक उत्साहपूर्ण बनाया गया। इस अवसर पर डॉ. स्वाति महाजन, डॉ. चेतना शर्मा, डॉ. तृप्ता शर्मा, प्रोफेसर रेनू भाटिया, डॉ. सुलक्षणा शर्मा, प्रोफेसर सुनीता, डॉ. अंजली भारद्वाज तथा शबनम ठाकुर भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। अंत में विजेता छात्राओं को बधाई दी गई तथा सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# महिला सशक्तिकरण के लिए समानता व उत्कृष्टता को बढ़ावा देना जरूरी: कुलपति

अनंत ज्ञान



कृषि विवि में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अनंत ज्ञान

**अजय पाल, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ विश्वविद्यालय के डॉ. जीसी नेगी पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय में मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में महिलाओं के अमूल्य योगदान को सम्मानित करना तथा विद्यार्थियों को लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण के प्रति प्रेरित करना था।

कार्यक्रम में कुलपति प्रो. डॉ. अशोक कुमार पांडा मुख्य रूप से शिरकत करते हुए पशु चिकित्सा विज्ञान, कृषि, अनुसंधान और प्रशासन के क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ करने तथा पशुधन विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है और विद्यार्थियों को अपने जीवन एवं करियर में समानता, समर्पण और पेशेवर उत्कृष्टता के मूल्यों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी एवं महाविद्यालय की प्रतिष्ठित पूर्व छात्रा डॉ. तरुणा कमल ने एक प्रेरणादायक अतिथि व्याख्यान दिया। उन्होंने एक पशु चिकित्सा स्नातक से सफल सिविल सेवक बनने तक की अपनी प्रेरक यात्रा साझा करते हुए विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और अपने लक्ष्यों को दृढ़ संकल्प एवं परिश्रम के साथ प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने महिलाओं के विरुद्ध अपराध, साइबर सुरक्षा तथा साइबर धोखाधड़ी से बचाव के उपायों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया और आज की प्रतिस्पर्धी दुनिया में अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास के महत्व पर बल दिया। कार्यक्रम को अधिक रोचक और सहभागितापूर्ण बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए कविता पाठ, गायन तथा नारा लेखन जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनका विषय महिला सशक्तिकरण और सामाजिक समानता था। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. पल्लवी भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका और उपलब्धियों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।

## विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद में पीएम से संवाद कर लौटे युवा

# नितिन और सचिन ने साझा किए विचार

अनंत ज्ञान



**ब्यूरो, धर्मशाला।** केंद्र सरकार द्वारा जारी बजट में विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद के विचारों की झलक नजर आई है। केंद्र सरकार के विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद में देश भर के चुने गए युवाओं ने नए आइडिया पीएम नरेंद्र मोदी से सांझा किए थे, जिन्हें केंद्र सरकार बजट में भी शामिल किया है। विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद कार्यक्रम के तहत पीएम से संवाद कर लौटे दो हिमाचली युवाओं सचिन कोरला और नितिन शर्मा ने अपने अनुभव सांझा किए।

नितिन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश का गौरव और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा नामांकित मॉडरेटर नितिन शर्मा ने कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। नितिन 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए चुने गए थे। उन्होंने विकसित भारत युवा नेतृत्व संवाद 2026 में हिमाचल का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार युवा संसद के माध्यम से दिए गए सुझावों और नवाचारी विचारों को केंद्रीय बजट 2026 में शामिल किया गया है। बकौल नितिन जब युवाओं के विचार नीति निर्माण का हिस्सा बनते हैं, तभी सही मायने में लोकतंत्र मजबूत होता है। बजट 2026 में हमारे विजन का शामिल होना इस बात का प्रमाण है कि सरकार युवाओं की आवाज सुन रही है।

सामाजिक उद्यमिता के क्षेत्र में सचिन कोरला एक वैश्विक नाम बन चुके हैं। उद्यमवेल के संस्थापक और सीईओ के रूप में उन्होंने ग्रामीण भारत की तस्वीर बदली है। सचिन रेक्स कर्मवीर चक्र विजेता हैं और उन्होंने विश्व युवा महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी सफलता की कहानी न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित टाइम्स स्क्वायर पर भी प्रदर्शित की जा चुकी है। सचिन ने ओएनडीसी के माध्यम से ग्रामीण और महिला उद्यमियों को डिजिटल बाजार से जोड़ा है। सरकारी योजनाओं से उद्यमिता को नई उड़ान दी है, वहीं, दूसरे यूथ आइकॉन सचिन कोरला ने युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया कि कैसे छोटे स्तर के उद्यमी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर आगे बढ़ सकते हैं। सचिन ने बताया कि सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली इंटर्नशिप योजनाओं से युवाओं को व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है।

## पेंशनर्स ने लंबित मांगों को लेकर सरकार व बोर्ड प्रबंधन से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, रविंद्र चौधरी, फतेहपुर।** फतेहपुर में विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम इकाई फतेहपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक स्थानीय निजी रिजॉर्ट में आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पेंशनरों ने भाग लिया और अपने लंबे समय से लंबित मुद्दों तथा समस्याओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। बैठक में मुख्य सलाहकार धर्मवीर कपूर ने कहा कि वर्षों तक ईमानदारी से सेवाएं देने वाले पेंशनरों को आज भी अपनी ही हक की सुविधाओं के लिए इंतजार करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि बैठक में प्रस्ताव पारित कर सरकार और बोर्ड प्रबंधन से पेंशनरों की लंबित मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि कई पेंशनर अब भी लीव इनकैशमेंट और ग्रेच्युटी के भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं, जो उनके लिए आर्थिक सहारा है। ऐसे में इनका शीघ्र भुगतान किया जाना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही सभी पेंशनरों को संशोधित वेतन का एरियर और महंगाई भत्ते की किस्त भी जल्द जारी करने की मांग उठाई। धर्मवीर ने कहा कि पिछले काफी समय से करुणामूलक आधार पर नौकरियां देने की बातें तो की जा रही हैं, लेकिन अभी तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने सरकार व बोर्ड प्रबंधन से अपील की कि करुणामूलक आधार पर जल्द से जल्द भर्तियां की जाएं, ताकि लंबे समय से नौकरी की उम्मीद लगाए बैठे अभ्यर्थियों और उनके परिवारों को राहत मिल सके।

# परीक्षा केंद्रों पर बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश की 'डिजिटल स्ट्राइक'

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं को पूरी तरह पारदर्शी और चीटिंग-प्रूफ बनाने के लिए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने अब तकनीक का मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि परीक्षा केंद्रों पर तैनात सुपरिटेंडेंट और डिप्टी सुपरिटेंडेंट के लिए बोर्ड द्वारा विकसित एग्जाम मित्र ऐप का उपयोग करना केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्य शर्त है।

डॉ. शर्मा ने दो-टूक शब्दों में निर्देश दिए हैं कि परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए इस ऐप पर नियमित अपडेट देना होगा। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए रियल-टाइम सूचना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि परीक्षा से संबंधित हर आवश्यक जानकारी और अपडेट को तुरंत एग्जाम मित्र ऐप पर अपलोड किया जाए। इससे न केवल बोर्ड मुख्यालय को केंद्रों की पल-पल की जानकारी मिलेगी, बल्कि परीक्षा के दौरान होने वाली किसी भी संभावित गड़बड़ी को तुरंत पकड़ा जा सकेगा।

**लापरवाही बरती तो सेंटर कोऑर्डिनेटर करेंगे रिपोर्ट**

**अध्यक्ष** ने सख्त लहजे में सुपरिटेंडेंट एवं डिप्टी सुपरिटेंडेंट को आगाह किया कि रिपोर्टिंग में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस डिजिटल प्रक्रिया की निगरानी के लिए केंद्र समन्वयकों को विशेष अधिकार दिए हैं। ये समन्वयक सीधे तौर पर नजर रखेंगे कि ऐप पर विवरण सही और समयबद्ध तरीके से अपडेट हो रहे हैं या नहीं। डॉ. शर्मा का मानना है कि इस त्रिस्तरीय निगरानी से परीक्षा प्रक्रिया की विश्वसनीयता और बढ़ेगी। शिक्षा बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए आधुनिक तकनीक का दायरा बढ़ा रहा है। एग्जाम मित्र ऐप इसी कड़ी का एक हिस्सा है, जो मैन्युअल रिपोर्टिंग में होने वाली देरी और गड़बड़ियों को खत्म करेगा।

# अजय वर्मा ने तकीपुर कॉलेज को स्टेज व 20 कंप्यूटर की दी सौगात



तकीपुर कॉलेज के मेधावियों को सम्मानित करते हुए अजय वर्मा। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कांगड़ा।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी तरह के शिक्षण संस्थानों की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया है जिसके सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहे हैं। यह उद्गार हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम के उपाध्यक्ष अजय वर्मा ने अटलबिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर के वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि बनकर पहुंचने पर कहे। उन्होंने समस्त प्रशासन और छात्रों को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह 2026 के भव्य आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा यह महाविद्यालय छात्रों के भविष्य को उज्जवल बनाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय की स्टेज बनाने, 20 कंप्यूटर और बीसीए की कक्षाएं शुरू करने की घोषणा की। उन्होंने हेड पम्प की मोटर लगाने की भी घोषणा की। इस से पूर्व महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर आरएस गिल ने मुख्य अतिथि के समक्ष वार्षिक रिपोर्ट का विस्तृत विवरण दिया। उन्होंने खाली पदों को भरने की मांग रखी। उन्होंने कहा विद्यालय को एनसीसी मिलना हमारे लिए एक बड़ी उपलब्धि रही। उन्होंने बताया महाविद्यालय के छात्रों ने शिक्षा में जहां मेरिट में जगह पाई है वहीं छात्र खिलाड़ियों महिला और पुरुष टीम ने खेलों में भी भाग लिया है। कशिश बेस्ट एथलीट गर्ल्स व सुजल लडक़ों में बेस्ट एथलीट रहा। उन्होंने बताया यहां के पुस्तकालय में 3 हजार से अधिक किताबें हैं। पुस्तकालय में महाविद्यालय के अतिरिक्त गांव के 35 युवा पढ़ने आ रहे हैं और विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया महाविद्यालय में 126 विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।

## सलमा-रेखा ने नारी शक्ति पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियों से मोहा मन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय रिड़कमर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर तीन दिवसीय सांस्कृतिक और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध हिमाचली लोक गायिका सुजाता भारद्वाज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं की समाज में भूमिका, उनके संघर्ष, उपलब्धियों और महिला सशक्तिकरण का संदेश विद्यार्थियों और समाज तक पहुंचाना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ मधुर स्वागत गीत से हुआ, जिसे सुहानी ने प्रस्तुत किया। इसके बाद सलमा और रेखा ने नारी शक्ति, आत्मविश्वास और सम्मान पर आधारित आकर्षक प्रस्तुतियां दी। अवंतिका ने महिला दिवस के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिया। सिमरन, स्वाति, महक और सोनम ने स्लोगन राइटिंग के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का संदेश प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि सुजाता भारद्वाज ने अपने लोकगीतों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में संगीत की मिठास जोड़ी। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. मनोज कुमार ने प्रतिभागियों और मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में जागरूकता, आत्मविश्वास और समाज में समानता की भावना को मजबूत बनाते हैं।

**स्पर्धा** कौलापुर में चामुखा महादेव क्लब की ओर से आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट का समापन

# खेल युवाओं को नशे से दूर रखने में सहायक: पराशर

अनंत ज्ञान



वॉलीबाल टूर्नामेंट की विजेता टीम अंब के खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। अनंत ज्ञान

ब्यूरो, धर्मशाला। जसवां प्रागपुर क्षेत्र की कौलापुर पंचायत में चामुखा महादेव क्लब की ओर से आयोजित वॉलीबाल टूर्नामेंट का समापन शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। समापन समारोह में कैप्टन संजय पराशर बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने खिलाडियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेलों का युवा जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है और यह मनोरंजन के साधन के साथ व्यक्तित्व निर्माण का एक सशक्त माध्यम भी है।

उन्होंने कहा कि खेलों के माध्यम से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। खेल युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढक़र भाग लें, ताकि उनका शारीरिक और मानसिक विकास संतुलित रूप से हो सके। उन्होंने कहा कि आज के दौर में खेलों के क्षेत्र में भी युवाओं के लिए करियर की अनेक संभावनाएं उपलब्ध हैं, इसलिए खेलों को गंभीरता से अपनाने की आवश्यकता है। कैप्टन संजय पराशर ने इस अवसर पर टूर्नामेंट के सफल आयोजन के लिए चामुखा महादेव क्लब के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। समापन समारोह के दौरान मुख्य अतिथि ने विजेता टीम अंब और उपविजेता टीम रैल को ट्रॉफी और पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा सभी खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर क्लब के पदाधिकारियों प्रदीप, गोपाल, दीपक, निखिल, मनी, अनु, कार्तिक, गोविंद, ऋषभ, शिवम, अबू, अभिषेक रॉबिन, विशाल, अमन, निखिल, विशाल कुमार,सुजल, विकास ,शिवम , ने मुख्य अतिथि संजय पराशर का स्वागत किया। कार्यक्रम में स्थानीय उप प्रधान वीरेंद्र ठाकुर, विनय, हरनाम जटा द मुंडू, राजिंदर, प्रमोद, अशोक, सुभाष, बलबीर, दिलबाग, काका, शौकत, रविंदर, सुनील, लक्की,विजय। अश्वनी , उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### शिवांशु बने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, अनिल कुमार, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय, हमीरपुर के पूर्व छात्र शिवांशु ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर न केवल अपने विद्यालय बल्कि पूरे जिला हमीरपुर और हिमाचल प्रदेश का नाम रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शिवांशु ने 2020 में विद्यालय से स्कूली शिक्षा पूरी की और अणु डिग्री कॉलेज से बीएससी तथा डिफेंस एंड नेशनल सिक्योरिटी स्टडीज में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। वर्ष 2025 में उनका चयन ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई के लिए हुआ और कठोर सैन्य प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर वे सेना में लेफ्टिनेंट बने। शिवांशु हमीरपुर जिले के नादौन क्षेत्र के बढ़ेतर जिहान के निवासी हैं। उनके पिता विपन ठाकुर भारतीय सेना से सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर हैं और माता सविता गृहिणी हैं।

### ढटवालिया ने निपटाई ग्रामीणों की समस्याएं



**अनंत ज्ञान, एसके ठाकुर, बड़सर।** कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने ग्राम पंचायत टिप्पर का दौरा करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार ने विपरीत परिस्थितियों में भी हिमाचल प्रदेश के उत्थान और युवाओं के रोजगार के लिए विभिन्न परियोजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने बताया कि इन प्रयासों से प्रदेश को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम हो रहा है। ढटवालिया ने ग्रामीणों को राज्य सरकार की विकास योजनाओं की जानकारी दी और उनके सामने आई समस्याओं का मौके पर निपटारा किया। उन्होंने अन्य मांगों और जटिल समस्याओं को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के माध्यम से पूरा कराने का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पवन शर्मा सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

### राज्यसभा टिकट को लेकर दुबई में हुई डील: राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल बीजेपी के वरिष्ठ प्रवक्ता एवं सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने राज्यसभा चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री पर तीखा हमला बोला। राणा ने कहा कि प्रदेश में आर्थिक और राजनीतिक इमरजेंसी जैसी स्थिति बन गई है और सत्ता में बैठे नेता अपनी कुर्सी बचाने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्यसभा उम्मीदवार अनुराग शर्मा को आम कार्यकर्ता बताने की कोशिश की जा रही है, जबकि पिछले दो वर्षों में उन्हें करोड़ों रुपये के सरकारी टेंडर और बड़े आर्थिक लाभ मिले हैं। राणा ने सवाल उठाया कि राज्यसभा सीट को लेकर दुबई में कब और कितने की डील हुई, इसका जवाब सीधे मुख्यमंत्री को देना चाहिए। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया जा रहा है और केवल मित्रों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि हिमाचल की जनता इस पूरे घटनाक्रम को देख रही है और समय आने पर इसका जवाब देगी।

### निर्धारित गति में चलाएं वाहन: एसएसओ

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों पर जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें टैक्सी और ट्राला यूनियन के पदाधिकारी एवं चालक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी इंस्पेक्टर निर्मल सिंह ने की। निर्मल सिंह ने चालकों को निर्देश दिए कि वे अपने वाहनों को निर्धारित गति सीमा के भीतर चलाएं, ओवरस्पीडिंग और ओवरलोडिंग से बचें और सभी यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने नशे की हालत में वाहन न चलाने, सीट बेल्ट पहनने और वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करने पर भी जोर दिया। एसएचओ ने सभी चालकों को अपने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र वैध रखने के निर्देश भी दिए।

### बाहरी अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपने से नाराजगी

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में मंदिर अधिकारी की नियुक्ति न होने से मंदिर के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। बड़सर उपमंडल में पांच राजस्व अधिकारी और दो तहसीलदार होने के बावजूद बाहरी अधिकारी को मंदिर की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे श्रद्धालुओं में नाराजगी है। एक अधिकारी के आदेश जारी होने के सात घंटे बाद ही रद्द कर दिए जाने से सवाल उठ रहे हैं कि बड़सर के अधिकारियों पर विश्वास क्यों नहीं किया जा रहा। भाजपा नेताओं ने भी इस निर्णय पर चुटकी ली है। यदि बाहरी अधिकारी भोटा या गलोड से आएंगे, तो आने-जाने में समय और ईंधन का अतिरिक्त खर्चा होगा। इससे मंदिर प्रबंधन और चैत्र मास मेला प्रभावित होने का खतरा है, और प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं।

### पंडित दीनदयाल के संदेश का बताया महत्व

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** भाजपा भोरंज मंडल द्वारा दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक, वैचारिक और तकनीकी विषयों की जानकारी दी गई। प्रथम सत्र में प्रदेश सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रभारी प्रियव्रत शर्मा ने भाजपा के इतिहास और संगठनात्मक विस्तार पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में प्रदेश प्रवक्ता राजेंद्र सिंह राणा और आईटी सेल सह संयोजक जग सिंह ठाकुर ने सोशल मीडिया, नमो ऐप और सरल ऐप के प्रभावी उपयोग की जानकारी दी। तृतीय सत्र में हमीरपुर जिला महामंत्री अजय रिंटू ने बूथ प्रबंधन और संगठन सशक्तिकरण पर चर्चा की। चतुर्थ सत्र में बलदेव धीमान ने वैचारिक अधिष्ठान पर अपने विचार साझा किए और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के संदेश का महत्व बताया। पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर सहित कई उपस्थित रहे।

### महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया

**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई कॉलेज ऑफ एजुकेशन कल्लर जलाड़ी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डीएलएड के प्रशिक्षु वर्ग द्वारा कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के सम्मान, सशक्तिकरण तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। कार्यक्रम में कॉलेज के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महिलाओं की शक्ति, संघर्ष, त्याग एवं उपलब्धियों पर आधारित प्रभावशाली कविताएं प्रस्तुत कीं। प्रशिक्षु वर्ग की रचनाओं ने उपस्थित सभी छात्रों तथा अध्यापक वर्ग को प्रेरित किया तथा महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ ओपी भारद्वाज तथा समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### स्पोर्ट्स कांप्लेक्स से नादौन की सुंदरता प्रभावित

**अनंत ज्ञान, नादौन।** प्रदेश सरकार ने नादौन बस अड्डा के पास भव्य स्पोर्ट्स कांप्लेक्स का निर्माण कर शहर की सुंदरता पर असर डाला है। भाजपा गोवंश प्रकोष्ठ के सह संयोजक सुनील शर्मा ने कहा कि स्पोर्ट्स कांप्लेक्स की बुराई नहीं की जा रही है, लेकिन इसे शहर और वासियों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए किसी अन्य स्थान पर बनाया जा सकता था। सुनील शर्मा ने बताया कि यह पहले मैदान पहले बाय स्कूल नादौन का था, जहां बच्चे खेलते थे और बुजुर्ग घूमते थे। अब शहर वासियों और बच्चों के लिए खुले में खेलने की जगह नहीं बची है, जिससे कई मुश्किलें उत्पन्न हो रही हैं। उन्होंने कहा कि यह कंपलेक्स चुनिंदा खिलाड़ियों के लिए ही होगा, जबकि शहर वासियों के लिए उपयोगिता भविष्य में ही स्पष्ट होगी। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि छोटे भौगोलिक क्षेत्र और व्यापारिक गतिविधियों के कारण इस फैसले से नादौन के विकास और व्यापार पर भी असर पड़ सकता है।

### ऑर्थोपेडिक टीम ने विधायक से की भेंट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा जागरूकता और सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से फोर्टिस अस्पताल लुधियाना की ऑर्थोपेडिक टीम ने विधायक आशीष शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। बैठक में टीम ने ऑर्थोपेडिक्स में रोबोटिक सर्जरी की नवीनतम प्रगति पर चर्चा की, विशेषकर रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट और सर्जरी की सटीकता, शीघ्र स्वस्थ होने और बेहतर रोगी परिणामों में इसके योगदान पर ध्यान केंद्रित किया। डॉ. संजीव महाजन, डॉ. सोम गुप्ता, ज्योति, रवि चौहान और अनूप शर्मा ने वार्ता का नेतृत्व किया। इस अवसर ने आधुनिक ऑर्थोपेडिक देखभाल और अत्याधुनिक रोबोटिक तकनीक को समुदाय के करीब लाने की फोर्टिस अस्पताल लुधियाना की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

### पुराने सामान की नीलामी 24 मार्च को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** जिला न्यायिक परिसर हमीरपुर के अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों के पुराने एवं नकारा घोषित सामान की नीलामी 24 मार्च को शाम चार बजे न्यायिक परिसर में की जाएगी। जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति को 24 मार्च शाम साढे तीन बजे तक दो हजार रुपये की सिक्योरिटी जमा करवानी होगी। इच्छुक व्यक्ति जिला न्यायिक परिसर में आकर पुराने सामान का अवलोकन कर सकते हैं।

# यूजीसी के खिलाफ स्वर्ण समाज का गांधी चौक हमीरपुर में जोरदार प्रदर्शन

## सांसदों से जवाब मांगते हुए जताया विरोध, सरकार को चेतावनी देते हुए सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर।** जब तक यूजीसी एक्ट रद्द नहीं होता, स्वर्ण समाज चुप नहीं बैठेगा। सांसदों से भी पूछेगा कि वे आखिर दिल्ली में कर क्या रहे हैं, जिन्होंने उन्हें चुनकर भेजा है। शनिवार को हमीरपुर के गांधी चौक में स्वर्ण समाज के लोगों ने जोरदार रैली की। इस रैली को संबोधित करते हुए नेताओं ने केंद्र सरकार की किस एक्ट को लेकर तगड़ी आलोचना की।

इसके नेताओं राकेश ठाकुर, जोगिंदर ठाकुर, पुरुषोत्तम ठाकुर, सुमित कुमार ठाकुर सहित कई लोगों ने रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि समाज के भीतर जो खाई अब धीरे-धीरे खत्म हो रही थी उसे और ज्यादा पटने का प्रयास मोदी सरकार ने किया है। यह किसी भी सूरत में कबूल नहीं है। उच्च संस्थानों में पढ़ने वाले बच्चों को दो हिस्सों में बांट दिया गया है। अब इसका फायदा समाज को कितना होना है यह सरकार भी जानती है। केवल वोट की राजनीति को लेकर उसे हर वक्त सोते नहीं रहना चाहिए।



रोष रैली में शामिल स्वर्ण समाज के लोग और अन्य। अनंत ज्ञान

राकेश ठाकुर ने कहा कि जितने लोग यहां आए हैं वह ले नहीं गए खुद आए हैं और राजनीतिक पार्टियों की तरह इन्हें लाया नहीं गया यह अपनी पीड़ा बयां करने यहां पहुंचे हैं और यह किसी भी हद तक जाने के लिए बेबशी का शिकार किए गए हैं। मीडिया से बातचीत करते हुए नेताओं ने कहा कि संघर्ष आंदोलन का रूप ले रहा है और यदि सरकार नहीं मानी तो इस सरकार के लिए यह आंदोलन अंतिम कील साबित होगा। उनका यह भी कहना था कि अपने ही समाज के चुने हुए प्रतिनिधि छुरा घोंपने का प्रयास कर रहे हैं। इसमें नुकसान उन्हीं का होगा क्योंकि उनकी करनी और कथनी लोग समझ चुके हैं। जब तक लॉ ऑफ जस्टिस नहीं मिलेगा यह वर्ग किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार बैठा है। चाहे अपना बलिदान ही क्यों ना देना पड़े, लेकिन यह लड़ाई अब हर हाल में लड़ी जाएगी।

उनका कहना है कि उच्च शिक्षा में छात्रों को छात्र ही रहने देना चाहिए उन्हें विभाजित करने के या प्रयास किसी भी सूरत में शिक्षा के हित में नहीं है ना ही समाज हित में है। अब सरकार को जागना चाहिए और हर हाल में इस समाज की अंदरुनी पीड़ा को समझ लेना चाहिए, नहीं तो अंजाम अच्छा नहीं होगा।

# पीएम जन औषधि योजना से सस्ती व अच्छी दवाइयां उपलब्ध: अनुराग

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने प्रधानमंत्री जन औषधि दिवस 2026 के अवसर पर इस योजना से लाभान्वित हुए लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जन-जन को सस्ती व अच्छी दवाएं उपलब्ध कराने में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना एक मजबूत और प्रभावी पहल है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि स्वस्थ भारत की दिशा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू हुई प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाइयों के जरिए करोड़ों गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को बड़ी राहत मिल रही है। जन औषधि केंद्र आम लोगों के लिए महंगी ब्रांडेड दवाओं का सस्ता और भरोसेमंद विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं। इन केंद्रों पर मिलने वाली दवाएं आमतौर पर ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक सस्ती होती हैं, जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य पर होने वाला खर्च काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि आज इस योजना के तहत देशभर में 18,000 से अधिक जन औषधि केंद्र कार्य कर रहे हैं और केंद्र सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक इनकी संख्या बढ़ाकर 20,000 करने का है, ताकि देश के हर जिले और दूर-दराज के क्षेत्रों में भी लोगों को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध हो सकें। इस पहल से एक ओर जहां आम लोगों को राहत मिल रही है, वहीं दूसरी ओर युवाओं और उद्यमियों के लिए रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर भी सृजित हो रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आर्थिक सशक्तिकरण को भी बढ़ावा मिल रहा है।



अनुराग ने कहा कि प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत वर्तमान में 2,110 से अधिक दवाएं और 315 सर्जिकल उत्पाद उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इनमें हृदय रोग, कैंसर, मधुमेह, संक्रमण, एलर्जी और पाचन संबंधी बीमारियों की कई आवश्यक दवाएं शामिल हैं।

## बिझड़ी विकास खंड में सरकारी जेनरेटर गायब होने का मामला

# पूर्व प्रधान और चौकीदार के खिलाफ एफआईआर

अनंत ज्ञान

**एसके ठाकुर, बड़सर।** बिझड़ी विकास खंड कार्यालय में सरकारी संपत्ति के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। ब्लॉक विकास अधिकारी (बीडीओ) राजेश कुमार की शिकायत पर बड़सर पुलिस ने ग्राम पंचायत बिझड़ी के पूर्व प्रधान और कार्यालय के चौकीदार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

शिकायत के अनुसार, 3 फरवरी 2026 को बिजली गुल होने पर जैनरेटर चालू करने की कोशिश की गई, तो पता चला कि जेनरेटर कार्यालय से गायब है। दिसंबर 2025 के अंतिम सप्ताह में चौकीदार ने कथित तौर पर किसी उच्च अधिकारी को सूचित किए बिना जैनरेटर पूर्व प्रधान को दे दिया था। शिकायत में आरोप लगाया गया कि पूर्व प्रधान ने जैनरेटर अपनी दुकान पर मंगवा लिया। बाद में 12 फरवरी को जैनरेटर कार्यालय वापस आया।

पुलिस अब संपत्ति के दुरुपयोग की गहनता से जांच कर रही है। स्टोर कीपर की भूमिका भी संदेह के दायरे में है, क्योंकि यदि संपत्ति लंबे समय तक गायब रही तो उसकी ड्यूटी पर सवाल उठते हैं। कुछ दिन पहले कार्यालय में सरकारी गाड़ी और दरवाजे खुले रहने की घटनाएं भी हुईं।

बीडीओ राजेश कुमार ने कहा कि जैनरेटर अब कार्यालय में है, लेकिन सवाल यह उठता है कि यदि जैनरेटर लौट आया है तो स्नद्ध, का क्या मतलब है। मामला अधिकारी संलिप्तता के आरोपों के साथ भी जुड़ा हुआ है और चौकीदार को बलि का बकरा बनाए जाने की संभावना पर भी चर्चा हो रही है।

# जाहू में 70 लाख से बनेगा पार्क व चौक: सुरेश

## विधायक ने लोक निर्माण व बिजली बोर्ड के अधिकारियों के साथ किया निरीक्षण

अनंत ज्ञान

**जाहू।** तीन जिलों हमीरपुर, बिलासपुर व मंडी के संगम स्थल जाहू में ऊना से वाया अग्घार कलखर मुख्य सड़क के किनारे पार्क और चौक का निर्माण होगा। इसके निर्माण पर करीब 70 लाख रुपए खर्च होंगे।

भोरंज विधायक सुरेश कुमार ने शनिवार शाम जाहू में पार्क और चौक के निर्माण स्थल की भूमि का निरीक्षण किया तथा लोक निर्माण और बिजली बोर्ड के अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्युत उपमंडल भरेड़ी को पार्क के निर्माण स्थल से बिजली के ट्रांस्फार्मर व बिजली के खंभों को दूसरी जगह बदलने के निर्देश दिए। इसके अलावा पार्क स्थल की भूमि का सही प्रयोग करके तथा शौचालय के निर्माण और पानी की निकासी की सही व्यवस्था करने के आदेश लोक निर्माण विभाग को दिए। विधायक ने कहा कि जाहू तीन जिलों को संगम स्थल है, लेकिन वर्षों से विकास में उपेक्षित रहा है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल व विधायक बनने के बाद विकास के नए आयम स्थापित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जाहू बाईपास पर चौक की सड़क का विस्ताकरीकरण किया गया है व यहां पर सुंदर वर्षाशालिका बनकर तैयार हो गई है। इसके साथ ही अब पार्क का निर्माण कार्य शुरू हुआ है। पार्क के निर्माण पर 40 लाख और चौक के निर्माण पर करीब 30 लाख रुपए खर्च होंगे। विधायक ने कहा कि जाहू बस अड्डे की मरम्मत व नालियों का निर्माण भी जल्द शुरू हो रहा है। इस अवसर पर जाहू पंचायत के पूर्व प्रधान चमन लाल शर्मा, जाहू पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष राजन कपिल, राघव कपिल, संजय कुमार सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल भरेड़ी, राजेश कुमार सहायक अभियंता लोक निर्माण विभाग उपमंडल भोरंज, विजय ठाकुर कनिष्ठ अभियंता भोरंज, मनोज शर्मा कनिष्ठ अभियंता जाहू अनुभाग व अन्य उपस्थित रहे।




विधायक सुरेश कुमार निरीक्षण करते हुए। अनंत ज्ञान

## भोरंज की बच्चों की शिक्षा को दिए 45.47 लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित खंड स्तरीय समितियों की बैठक शनिवार को एसडीएम शशिपाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें इन सभी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। एसडीएम ने कहा कि भोरंज ब्लॉक में 234 आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से 6 माह से 6 वर्ष तक के 2603 बच्चों को तथा 690 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषाहार प्रदान किया जा रहा है। इसकी गुणवत्ता और वितरण में किसी भी तरह की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि इस वित्त वर्ष के दौरान भोरंज में अभी तक मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की 2 लाभार्थियों को 1.02 लाख, मुख्यमंत्री शगुन योजना की 8 लाभार्थियों को 2.48 लाख, विधवा पुनर्विवाह की एक लाभार्थी को दो लाख, बेटी है अनमोल योजना की 7 लाभार्थियों को 1.47 लाख, इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना की 259 लाभार्थियों को 45.47 लाख की राशि प्रदान की जा चुकी है। भोरंज के 28 बेसहारा बच्चों को मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना से लाभान्वित किया जा रहा है।

# बड़ई में शामिल करने पर ग्रामीण नाराज बोले-करोट पंचायत में ही रहना चाहते हैं



एडीसी को ज्ञापन सौंपता हुआ प्रतिनिधिमंडल। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, हमीरपुर।** सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक कै. रंजीत सिंह राणा भी 'हमें' गुमराह कर रहे हैं। हमारी समस्या को लेकर वे जरा भी 'रिस्पांड' नहीं कर रहे। हमें नई बनाई जा रही बड़ई ग्राम पंचायत में शामिल नहीं होना है। हमारी मूल रूप से सारी सुख सुविधाएं ग्राम पंचायत करोट के साथ ही जुड़ी हुई हैं। शनिवार को दाड़ला के कचोटी गांव की महिला और पुरुषों का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी गंधर्वा राठौर से मिलने आया था, लेकिन उनकी अनुपस्थिति में यह प्रतिनिधिमंडल एडीसी आशीष गर्ग के साथ मिला।

प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि उन्हें करोट पंचायत में ही बनाए रखा जाए। नई बनाई जा रही पंचायत के मुख्यालय को जाने के लिए तीन से चार किलोमीटर का सफर करना पड़ेगा। जबकि करोट पंचायत का मुख्यालय और वहां की सुख सुविधाएं हासिल करने के लिए उन्हें केवल 100 मीटर की दूरी तय करनी पड़ती है।

बीती 3 मार्च को भी उन्होंने सुजानपुर के एसडीएम को ज्ञापन दिया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब यदि एक दिन के भीतर उनके इस ज्ञापन पर कार्रवाई नहीं हुई, तो फिर लोगों की नाराजगी का प्रशासन को सामना करना पड़ेगा। लोगों को कहना है कि अब गुमराह न करें नहीं तो वह सभी तरह के चुनावों का बहिष्कार करेंगे।

# जून तक 200 सिंचाई योजनाओं का लक्ष्य तय: डॉ. चौहान

## जाइका कृषि परियोजना के कार्य तेजी से बढ़ेंगे, फसल विविधीकरण व सामाजिक नेटवर्क करेंगे मजबूत

अनंत ज्ञान

**हमीरपुर।** ग्रामीण हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को किसानों के परिवारों के आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से मजबूत बनाने के लिए परियोजना के कार्यों को मैदान स्तर पर तेजी से आगे बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना -II, जाइका-ओडीए के परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान ने शनिवार को ये विचार परियोजना इकाइयों के प्रतिनिधियों की बैठक में व्यक्त किए। डॉ. चौहान पिछले माह हुई जायका मध्यावधि समीक्षा मिशन की यात्रा, राष्ट्रीय कार्यशाला एवं कार्य-योजना की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में वर्ष 2025-26 की वित्तीय एवं भौतिक योजनाओं की समीक्षा की गई तथा 2026-27 के लिए वार्षिक कार्य-योजना पर भी चर्चा की गई।

डॉ. चौहान ने कहा कि परियोजना की गतिविधियों को इस प्रकार समन्वित किया गया है कि वे अंततः राज्य सरकार के उस लक्ष्य को पूरा करें जिसके अंतर्गत किसानों के परिवारों की आय बढ़ाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाना है। उन्होंने कहा कि यह कार्य सतत कृषि प्रणालियों के निर्माण और परियोजना के उद्देश्यों को प्राप्त करने के साथ-साथ सरकार द्वारा अपनाई गई नीतियों के अनुरूप है, जिसका नेतृत्व माननीय मुख्यमंत्री सुक्खू कर रहे हैं।




परियोजना निदेशक डॉ. सुनील चौहान बैठक करते हुए। अनंत ज्ञान

परियोजना निदेशक ने कहा कि सभी फील्ड यूनिट प्रमुखों को सब-प्रोजेक्ट स्तर से लेकर राज्य परियोजना प्रबंधन इकाई स्तर तक ऐसी रणनीति तैयार करनी होगी जिससे पहले से तैयार मासिक कार्ययोजनाओं के अनुसार सभी गतिविधियों को समय पर पूरा किया जा सके और परियोजना के कार्यों को तेज गति दी जा सके। डॉ. चौहान ने सभी इकाई प्रमुखों को जून, 2026 तक परियोजना क्षेत्र में 200 सिंचाई योजनाओं को पूरा करके किसानों को समर्पित करने का लक्ष्य दिया ताकि किसानों को और सशक्त बनाया जा सके।

जायका मध्यावधि समीक्षा मिशन की यात्रा और पहली राष्ट्रीय कार्यशाला के बाद यह बैठक आत्ममंथन का अवसर है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में दीर्घकालिक सफलता का मार्ग और अधिक सुगम होगा। उन्होंने आगे कहा कि हिमाचल प्रदेश जायका कृषि परियोजना के इकाई प्रमुखों ने परियोजना में कार्य करने की रणनीति को समझ लिया है और उन्हें चाहिए कि वे योजना निर्माण, क्रियान्वयन, फीडबैक तथा अनुवर्ती कार्यों की बारीकियों को सभी स्तरों पर नए कर्मियों तक पहुंचाएं, ताकि कार्य केवल एक वर्ग की कार्य-शक्ति पर निर्भर न रहे।

डॉ. चौहान ने बताया कि परियोजना के लगभग सभी बुनियादी ढांचा कार्य पहले ही आवंटित किए जा चुके हैं। अब हमें मुख्य रूप से फसल विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करना होगा, अर्थात उत्पादन बढ़ाने और स्वयं सहायता समूहों, समान रूचि समूहों और किसान उत्पादक संगठनों (SHGs, CIGs, FPOs) जैसे सामाजिक नेटवर्क को मजबूत बनाने पर जोर देना होगा। इसके साथ-साथ कटाई के बाद की गतिविधियों को सुदृढ़ करते हुए उत्पादों की ब्रांडिंग कर उन्हें आंतरिक, बाहरी और अंतरराज्यीय बाजारों से जोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि इन सभी कार्यों को दीर्घकालिक रणनीति के साथ युद्ध स्तर पर आगे बढ़ाना होगा।

**उम्मीद** लींडी खड्ड पर फगलोट-कक्कड़ में बने पुराने पुल को तोड़ने का कार्य शुरू

# 3.78 करोड़ से बनाया जाएगा नया पुल

अनंत ज्ञान

**भोरंज।** बस्सी-तताहर सड़क मार्ग पर स्थित लींडी खड्ड में फगलोट-कक्कड़ के पास बने पुराने पुल को तोड़ने का कार्य शनिवार को शुरू कर दिया गया। यहां पर करीब 3.78 करोड़ रुपए की लागत से 38.33 मीटर लंबा दो स्पेन वाला नया पुल बनाया जाएगा।

यह पुल बस्सी-तताहर सड़क पर प्रस्तावित तीन नए पुलों में से एक है। विधानसभा क्षेत्र भोरंज और सरकाघाट को जोड़ने वाली करीब 11 किलोमीटर लंबी इस सड़क पर कुल 12 करोड़ 49 लाख रुपये की लागत से तीन नए पुलों का निर्माण किया जाएगा। प्रस्तावित राशि की स्वीकृति मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग ने टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली है और निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जा रहा है। योजना के तहत चैंथ खड्ड में नगरोटा खड्ड बाजार के पास 4.52 करोड़ रुपये की लागत से 38.33 मीटर लंबा दो स्पेन वाला पुल बनाया जाएगा। इसके अलावा डली में सीर खड्ड पर 4.16 करोड़ रुपये की लागत से 44.33 मीटर लंबा दो स्पेन वाला पुल निर्मित होगा।



फगलोट-कक्कड़ में पुराने पुल को तोड़ने का कार्य शुरू। अनंत ज्ञान

तीनों पुलों की चौड़ाई प्राकलन के अनुसार 11 मीटर रखी जाएगी। साथ ही पैदल चलने वाले लोगों की सुविधा के लिए पुल के दोनों ओर फुटपाथ का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे वाहनों और पैदल यात्रियों की आवाजाही सुरक्षित हो सकेगी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इन स्थानों पर बने पुराने पुल काफी समय से जर्जर अवस्था में थे, जिससे आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। कक्कड़ पंचायत के प्रधान विनोद कुमार, भुक्कड़ के किशोर चंद तथा पूर्व ब्लॉक समिति सदस्य पवन कुमार ने बताया कि नए पुल बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी और यातायात भी सुगम होगा।

◆ **फुटपाथ सहित नए पुलों से वाहन और पैदल यात्री दोनों को सुविधा**

कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि पुल के निर्माण कार्य के दौरान वाहन चालकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए पास ही वैकल्पिक सड़क का निर्माण कर दिया गया है, ताकि यातायात सुचारु रूप से चलता रहे। नए पुलों के निर्माण से भोरंज और सरकाघाट क्षेत्र के लोगों के लिए बस्सी-तताहर सड़क मार्ग पर आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम होने की उम्मीद है।

### तकनीकी विवि में महिला कर्मी किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर की कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष ननोटी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि तकनीकी विवि के अधिष्ठाता शैक्षणिक डॉ राजेश शर्मा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का कार्यक्रम गिन टू गेन थीम पर आधारित रहा। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाना और समाज में लैंगिक समानता व नेतृत्व की भावना को बढ़ावा देना था। वहीं, तकनीकी विवि में कार्यरत पांच महिला कर्मचारियों को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। इस मौके पर विद्यार्थियों की भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, मॉडल और पोस्टर मेकिंग स्पर्धा भी करवाई गई। इस दौरान तकनीकी विवि के उप कुलसचिव सुरेंद्र शर्मा, प्राध्यापक डॉ जेपी शर्मा सहित अन्य प्राध्यापक, कर्मचारी व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### बकाया राशि का भुगतान करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** हिम-आंचल पेंशनर्स संघ नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक शनिवार को ब्लॉक के अध्यक्ष जगदीश चंद्र शर्मा की मौजूदगी कांगू में हुई। बैठक का संचालन महासचिव जगदीश चंद शर्मा ने किया और इसमें संगठन की। बैठक में पेंशनरों की मांगों एवं समस्याओं पर विस्तार से मंथन किया गया। अध्यक्ष ने बताया कि जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों की लंबित ग्रैच्युटी, लीव-एनकैशमैंट की संशोधित बकाया राशि का एकमुश्त भुगतान करने की मांग दोहराई गई। प्रधान जगदीश चंद्र शर्मा ने 80 वर्ष से ऊपर आयु वर्ग के पेंशनरों से अनुरोध किया है कि वे अपने पैन कार्ड की प्रति व नया फोटो ज़िला कोषाधिकारी, हमीरपुर को स्वयं या वाहक के माध्यम से अवश्य जमा करवाएं। जिला प्रधान देव राज पटियाल ने उपस्थित सदस्यों को संघ गतिविधियों के वारे तथा अन्य विषयों के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारियां दी गई। बैठक में जगदीश चन्द शर्मा कारगू, प्रशोत्तम दास शर्मा, जगदीश शर्मा सासन, अवनीश कुमार, देश राज शर्मा, व्रह्म दास, अमर नाथ शर्मा, सुखदेव शर्मा, वक्शी राम शर्मा, माधो राम, अजीत सिंह, दिले राम, उधम सिंह, परविंद सिंह पटियाल, अमर नाथ, किशोर चंद, ओमप्रकाश सुमन सहित अन्य पेंशनर भी उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

## 23 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अजीत सिंह, अनंत ज्ञान, डलहौजी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में डलहौजी छावनी के किंडर गार्टन स्कूल में को आर्मी द्वारा 6 जेके राइफल मनकोट डलहौजी कैंट के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आर्मी के जवानो सहित स्थानीय लोगो ने भी रक्तदान किया। कुल 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया जिसमें 18 सैनिक और 5 स्थानीय लोगों ने रक्तदान किया। यह रक्तदान शिविर डीएचए डिवीजन द्वारा ब्लड बैंक जेएलएनजीएमसी चंबा के सहयोग से आयोजित किया गया। रक्तदान शिविर में डॉ. रूपप्रीत कौर जेएलएनजीएमसी चंबा की उपस्थिति में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक किया गया। कैंटोनमेंट बोर्ड किंडरगार्टन स्कूल, डलहौजी कैंट में लगाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करना और लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक करना है। आयोजकों ने क्षेत्र के लोगों, युवाओं और सामाजिक संगठनों से अपील की है कि जब भी कहीं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएं तो रक्तदान के इस मानवीय कार्य में अपना योगदान करें।

## चंबा में 16 मार्च को लघु रोजगार मेला

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला रोजगार कार्यालय बालू, चंबा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से 16 मार्च 2026 को लघु रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। यह मेला सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय परिसर में आयोजित होगा, जिसमें विभिन्न निजी कंपनियों के कुल 260 पदों को भरा जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि पर अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण प्रमाण पत्र, आधार कार्ड तथा बायोडाटा साथ लाना अनिवार्य होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि मेले में पंजाब और हिमाचल प्रदेश की प्रतिष्ठित कंपनियां भर्ती प्रक्रिया में भाग लेंगी। मोहाली स्थित एलेना ऑटो इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड में मशीन ऑपरेटर के पदों के लिए 10वीं, 12वीं तथा आईटीआई पास पुरुष उम्मीदवार आवेदन कर सकेंगे। वहीं बद्दी की ऑरो टेक्सटाइल्स कंपनी में मशीन ऑपरेटर पदों के लिए पुरुष और महिला दोनों उम्मीदवार पात्र होंगे। इसके अलावा टेरियर सिक्योरिटी सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सुरक्षा गार्ड के पदों के लिए भर्ती की जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को वेतन के साथ पीएफ, ईएसआईसी व अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी।

## 31 मार्च तक करवाएं हिमकेयर कार्ड का नवीनीकरण

**अनंत ज्ञान, चंबा।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग चंबा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. जालम भारद्वाज ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि हिमाचल सरकार की महत्वाकांक्षी हिमकेयर योजना के तहत बनाए गए कार्डों के नवीनीकरण के लिए पोर्टल 31 मार्च तक खोल दिया गया है। योजना का लाभ ले रहे लोगों से समय रहते अपने हिमकेयर कार्ड का नवीनीकरण करवाने की अपील की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने नए हिमकेयर कार्ड बनाने और पुराने कार्ड की वैधता समाप्त होने पर उनके नवीनीकरण के लिए ऑनलाइन पोर्टल खोल दिया है। यदि लाभार्थी निर्धारित अवधि में कार्ड नहीं बनवाते या नवीनीकरण नहीं करवाते है, तो उन्हें अगली अवधि यानी जून तक इंतजार करना पड़ेगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के अनुसार जिला चंबा में एक जनवरी 2019 से अब तक 61,558 हिमकेयर कार्ड बनाए जा चुके हैं, जिनमें से अधिकांश का नवीनीकरण होना बाकी है। उन्होंने बताया कि सरकार ने कार्ड बनाने और नवीनीकरण के लिए वर्ष में चार महीने–मार्च, जून, सितंबर और दिसंबर–निर्धारित किए हैं। इसलिए पात्र लाभार्थियों से समय पर प्रक्रिया पूरी करने की अपील की गई है।

## एसएमसी की बैठक में शिक्षा व स्वच्छता पर जोर

**शलेला बाड़ी, अनंत ज्ञान, तीसा।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला शलेला बाड़ी में आज स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष हाशु शेख ने की। बैठक में विद्यालय के विकास, साफ-सफाई, बच्चों की वर्दी तथा अभिभावकों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने जैसे विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित अभिभावकों ने विद्यालय की प्रगति और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए। उन्होंने कहा कि पाठशाला की बेहतरीन तरक्की के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा और बच्चों को अच्छा वातावरण उपलब्ध कराना आवश्यक है। इस अवसर पर अध्यापकों ने भी अभिभावकों के साथ संवाद स्थापित किया और बच्चों की पढ़ाई, अनुशासन तथा नियमित उपस्थिति पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया। शिक्षकों ने बताया कि विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आगामी समय में हर महीने स्कूल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें अध्यापक और अभिभावक मिलकर विद्यालय के विकास और बच्चों के सर्वांगीण उत्थान के लिए संयुक्त रूप से कार्य करेंगे।

## भरोड़ी-मंगला लिंक रोड महीनों से बंद

**अनंत ज्ञान, चंबा।** चंबा जिले की ग्राम पंचायत मंगला के अंतर्गत आने वाली भरोड़ी-मंगला लिंक रोड पिछले करीब 1-2 महीनों से बंद पड़ी है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क बंद होने के कारण लोगों को आने-जाने तथा रोजमर्रा का सामान लाने-ले जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार इस सड़क के मरम्मत कार्य के लिए विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया भी पूरी की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। सड़क बंद होने से सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और किसानों को हो रही है। इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता सुधीर चौहान ने उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात कर समस्या से अवगत करवाया। उन्होंने डीसी से आग्रह किया कि भरोड़ी-मंगला लिंक रोड का कार्य जल्द शुरू करवाने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके। सुधीर चौहान ने कहा कि सड़क लंबे समय से बंद होने के कारण क्षेत्र के लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है और प्रशासन को इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करना चाहिए।

## एमटीबी चंबा क्रॉस कंट्री साइकिलिंग रेस 21-22 मार्च


**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में चलो चंबा अभियान के तहत 21-22 मार्च को आयोजित होने वाली एमटीबी चंबा क्रॉस कंट्री साइकिलिंग रेस की तैयारियों की समीक्षा के लिए उपायुक्त कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने बताया कि यह रेस चंबा साइकिलिंग एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की जाएगी। करीब 65 किलोमीटर लंबी इस प्रतियोगिता का रूट चंबा से भद्रम, गैला, दियोलीहटी, सुंगल, कोहा, चमीणु, सराहन, पेनेला, वाट, कुमारका, बाड़ीदेहरा और ब्रजेश्वरी मंदिर होते हुए चंबा परिधि गृह तक रहेगा। प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों की श्रेणियों में देशभर के प्रतिभागी हिस्सा लेंगे।

## अस्पतालों में न हैं डॉक्टर और न हो रहे टेस्ट, दिखावे के लिए रोबोटिक सर्जरी का ढिंढोरा: राकेश जम्वाल

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, मंडी।** अस्पतालों में बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं मजबूत नहीं होंगी, तब तक रोबोटिक सर्जरी जैसी महंगी तकनीक का कोई वास्तविक लाभ आम जनता को नहीं मिल पाएगा।

भाजपा के मुख्य प्रवक्ता राकेश जम्वाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर स्वास्थ्य सेवाओं की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए कहा कि हिमाचल के अस्पतालों में जहां मूलभूत सुविधाओं का गंभीर अभाव है, वहीं सरकार रोबोटिक सर्जरी जैसे महंगे और दिखावटी प्रोजेक्ट पर ध्यान केंद्रित जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। जम्वाल ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा मेडिकल कॉलेज नेरचौक में रोबोटिक सर्जरी यूनिट शुरू की है, लेकिन प्रदेश के अस्पतालों की वास्तविक स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। कई अस्पतालों में रेडियोलॉजी विभाग तक बंद पड़े हैं और जहां रेडियोलॉजिस्ट हैं भी, वहां एक डॉक्टर की छुट्टी से पूरा विभाग ठप हो जाता है। कई बड़े अस्पतालों में आज तक कैथ लैब जैसी महत्वपूर्ण सुविधा उपलब्ध नहीं है और मरीजों को रूट्ठ जैसी जरूरी जांच के लिए भी लंबा इंतजार करना पड़ता है, जिस रोबोटिक सर्जरी यूनिट की इतनी चर्चा की जा रही है,



उसके संचालन के लिए प्रशिक्षित स्टाफ तक उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि रोबोटिक सर्जरी के लिए विशेष प्रशिक्षण और विशेषज्ञ डॉक्टरों की आवश्यकता होती है, लेकिन प्रदेश के अस्पतालों में पहले से ही डॉक्टरों और तकनीकी कर्मचारियों की भारी कमी है। ऐसे में बिना पर्याप्त तैयारी के रोबोटिक सर्जरी सिस्टम लाना केवल दिखावे की राजनीति प्रतीत होती है। सबसे गंभीर बात यह है कि रोबोटिक सर्जरी न तो हिमकेयर और न ही आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आती है। ऐसे में इसका सीधा लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाएगा।

# विपरीत परिस्थितियों में संघर्ष और साहस की मिसाल बनी कांता ठाकुर

अनंत ज्ञान

**राहुल सहगल, चंबा।** कभी–कभी जीवन इंसान को ऐसी परिस्थितियों में खड़ा कर देता है, जहां हर रास्ता बंद नजर आता है, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जो अंधेरों के बीच भी उम्मीद की रोशनी जलाए रखते हैं। ऐसी ही साहस व संघर्ष की कहानी है कांता ठाकुर की, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों के सामने झुकने के बजाय उन्हें अपनी ताकत बना लिया।

जम्मू–कश्मीर के कठुआ से संबंध रखने वाली कांता ठाकुर की शादी मात्र 16 वर्ष की उम्र में हिमाचल प्रदेश के चंबा में हुई। कम उम्र में ही उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाना शुरू कर दिया। समय बीता और चार बच्चों का जन्म हुआ, लेकिन जिंदगी का सबसे बड़ा झटका तब लगा जब चार बच्चों की मां बनने के बाद उनके पति ने दूसरी शादी कर ली और परिवार की जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया। अचानक कांता ठाकुर के सामने चार मासूम बच्चों का भविष्य खड़ा था। न कोई सहारा, न आर्थिक मदद, लेकिन उन्होंने हार मानने के बजाय अपने साहस को हथियार बनाया। उन्होंने अपने माता–पिता से भी किसी प्रकार की आर्थिक सहायता नहीं ली। बेहद

### जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष : कांता ठाकुर



**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर कांता ठाकुर महिलाओं को एक मजबूत संदेश देती हैं। उनका कहना है कि जीवन का दूसरा नाम ही संघर्ष है और इससे कभी घबराना नहीं चाहिए। हर महिला को कठिनाइयों का सामना हिम्मत, धैर्य और आत्मविश्वास के साथ करना चाहिए। वे कहती हैं कि भारतीय नारी दुर्गा और काली का रूप है, इसलिए उसे कभी खुद को कमजोर नहीं समझना चाहिए और किसी भी सामाजिक या पारिवारिक दबाव को अपने ऊपर हावी नहीं होने देना चाहिए। कांता ठाकुर की कहानी सिर्फ एक महिला की कहानी नहीं है, बल्कि यह उस अटूट मातृत्व, साहस और आत्मसम्मान की कहानी है, जो हर कठिनाई के बावजूद अपने बच्चों के भविष्य के लिए लड़ती रहती है। वास्तव में, कांता ठाकुर यह साबित करती हैं कि जब इरादे मजबूत हों तो सबसे कठिन संघर्ष भी एक दिन जीत में बदल जाता है।

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष*

कठिन परिस्थितियों में उन्होंने दर्जी का काम शुरू किया व खुद से एक संकल्प लिया कि हर दिन कम से कम 100 रुपए कमाने हैं, ताकि किसी तरह घर का चूल्हा जल सके। वह दौर इतना कठिन था कि कई बार घर में चूल्हा जलाने तक के पैसे नहीं होते थे और बच्चों को भूखे पेट ही सोना पड़ता था, लेकिन एक मां का हौसला इन हालातों से भी बड़ा था। कांता ठाकुर हर दर्द और मुश्किल को सहते हुए अपने बच्चों के लिए डटी रहीं। परिवार की हालत देखकर उनकी बड़ी बेटी ने भी छोटी उम्र में ही प्राइवेट नौकरी शुरू कर दी, ताकि मां के संघर्ष में हाथ बंटा सके। कांता बताती हैं कि वह समय मानसिक व आर्थिक रूप से बेहद कठिन था। कई बार उन्होंने भगवान से शिकायत भी की। एक समय ऐसा भी आया, जब निराशा ने उन्हें पूरी तरह घेर लिया व उन्होंने जीवन समाप्त करने का फैसला तक कर लिया। गुस्से और दर्द में उन्होंने भलेई माता की तस्वीर अपने सिर पर मार दी। तस्वीर का कांच टूट गया, लेकिन उन्हें कोई चोट नहीं आई। उसी पल उन्हें लगा कि शायद ईश्वर उन्हें हार न मानने का संदेश दे रहे हैं। उसी दिन उन्होंने खुद से वादा किया कि अब चाहे कैसी भी परिस्थितियां आएं, वे कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। इसके बाद उनका पूरा जीवन एक ही उद्देश्य को समर्पित हो गया अपने बच्चों का भविष्य संवारना। वर्षों के संघर्ष, मेहनत और त्याग का परिणाम आज सामने है। कांता ठाकुर गर्व से कहती हैं कि उनके चारों बच्चे आज सही रास्ते पर हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने कभी भी बच्चों की पढ़ाई और उनके सपनों से समझौता नहीं किया। उनकी एक बेटी रितिका ठाकुर आज पूरे हिमाचल प्रदेश में अपनी पहचान बना चुकी हैं। हाल ही में 26 जनवरी, गणतंत्र दिवस के अवसर पर रितिका ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक झांकियों का प्रतिनिधित्व किया, जिसकी सराहना प्रदेश के कई नेताओं ने अपने सोशल मीडिया पर भी की। आज कांता ठाकुर गर्व के साथ कहती हैं 'मैंने अपनी पहचान किसी के सहारे नहीं, बल्कि अपने संघर्ष और मेहनत से बनाई है।'

# दुर्गेढ नाले पर बना पुल जर्जर पंचायतों के लोगों की बढ़ी चिंता

अनंत ज्ञान

**देशराज कश्यप, धरवाला।** मैहला ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत दाडवी के गांव दुर्गेढ नाले पर बने पुल की हालत बेहद दयनीय हो चुकी है।

यह पुल दाडवी, बकान, धिमला सुनारा, ब्रैही, मैहला, फागड़ी, बंदला, चडी, सहित कई पंचायतों को जोड़ने वाला एकमात्र मार्ग है। साथ ही भरमौर क्षेत्र से पंजाब व कांगड़ा की ओर जाने वाले गुज्जर व भेड़ पालक इसी रास्ते से होकर गुजरते हैं तथा वापसी अपने मवेशियों को लेकर भरमौर पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। पुल के फट्टे निकल चुके हैं व साइड पर लगी रेलिंग वॉल निकल चुकी है, जिससे स्थिति और भी डरावनी व खतरनाक हो गई है। पूर्व प्रधान प्रवीण चौहान सहित स्थानीय ईशा खान, लतीफ मोहम्मद, हनीफ मोहम्मद ,दिनेश कुमार, खेमराज, केवल कपूर, तिलक राज, और संजय ठाकुर ने बताया कि आपदा के समय भी या पुल एकमात्र विकल्प रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार हम पुल की बेहद खराब स्थिति से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन प्रशासन द्वारा अब तक कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों का



कहना है की जल्द पुल की बेहद जर्जर हालत को प्राथमिकता के आधार पर सुधारा जाए, ताकि कोई भी अप्रिय घटना यहां न हो व भेड़ पालक गुज्जर व स्थानीय लोग अपने मवेशियों सहित पुल को बिना किसी भय के पार कर सके।

## फार्मासिस्ट की ट्रांसफर रोकने व कृत्रिम गर्भाधान सुविधा शुरू करने की मांग

अनंत ज्ञान



**भरमौर।** भरमौर पंचायत के स्थानीय लोगों ने पशु चिकित्सालय में कार्यरत फार्मासिस्ट की ट्रांसफर रोकने तथा क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध करवाने की मांग को लेकर सहायक निदेशक पशुपालन को प्रार्थना पत्र सौंपा है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में एक पशु चिकित्सालय है, जहां रवि कुमार फार्मासिस्ट के पद पर कार्यरत हैं। क्षेत्र दूरदराज व पहाड़ी होने के कारण पशुपालकों को पशुओं के इलाज, दवाइयों तथा अन्य सुविधाओं के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि यदि यहां से फार्मासिस्ट का स्थानांतरण कर दिया जाता है, तो क्षेत्र के पशुपालकों को अपने पशुओं के इलाज व अन्य सुविधाओं के लिए काफी दूर जाना पड़ेगा। पंचायत के अंतर्गत धारकोटा, खरिया, गोआ, सेरी सहित कई गांव आते हैं और इन सभी गांवों के पशुपालक इसी पशु चिकित्सालय पर निर्भर हैं। इसके अलावा स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा भी बहुत जरूरी है, जिससे पशुपालकों को लाभ मिल सके और पशुधन की नस्ल में सुधार हो सके। इस संबंध में पशु चिकित्सा अधिकारी भरमौर डॉ. अंशुल सूद ने आश्वासन दिया कि मामले पर गंभीरता से ध्यान दिया जाएगा और समस्या के समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## आज अस्मिता लीग खेल प्रतियोगिता होगी आयोजित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को अस्मिता लीग खेल प्रतियोगिता का पुलिस मैदान वारगाह में आयोजन किया जाएगा। जिला युवा अधिकारी विवेक कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य बालिकाओं तथा महिलाओं को खेलों से जोड़कर उनकी अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उन्हें सशक्त बनाना है। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में एथलेटिक्स प्रतिस्पर्धाओं के तहत 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ तथा स्थानीय मनोरंजन खेल गतिविधियां आयोजित की जाएगी। लक्षित प्रतिभागियों की जानकारी देते हुए उन्होंने यह भी बताया कि प्रतियोगिता में कॉलेज तथा विद्यालय में अध्यनरत छात्राएं तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वयं सहायता समूहों सहित जिले से संबंधित बालिकाएं एवं महिलाएं हिस्सा लेंगी।

# 1028 राजस्व मामलों का किया समाधान: डीसी

अनंत ज्ञान

**चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में विशेष राजस्व लोक अदालत से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में चल रहे विशेष अभियान के तहत राजस्व मामलों के निस्तारण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में डीसी ने जानकारी देते हुए बताया कि विशेष राजस्व लोक अदालत के अंतर्गत जिले में अब तक कुल 1028 राजस्व मामलों का निपटारा किया जा चुका है। इनमें 263 तकसीम, 419 सीमांकन तथा 346 राजस्व अभिलेख दुरुस्ती से संबंधित मामले शामिल हैं। डीसी ने गत सप्ताह के निर्धारित लक्ष्यों की समीक्षा करते हुए उपमंडल दंडाधिकारियों, तहसीलदारों तथा नायब तहसीलदारों को निर्देश दिए कि लंबित मामलों के त्वरित समाधान के लिए प्रति सप्ताह निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप मामलों का निपटारा सुनिश्चित किया जाए।



राजस्व लोक अदालत से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते डीसी मुकेश रेपसवाल।

उन्होंने कहा कि तीन माह की विशेष अभियान अवधि के दौरान पुराने एवं लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण पर विशेष ध्यान दिया जाए।

उपायुक्त ने कहा कि छह माह तथा एक वर्ष से अधिक समय से लंबित सभी मामलों का समाधान 31 मार्च तक करना सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को निर्देश दिए कि खंड विकास अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर विभिन्न तहसीलों और उप–तहसीलों में पटवार एवं कानूनगो भवनों के मुरम्मत कार्यों से संबंधित औपचारिकताएं शीघ्र पूर्ण करें, ताकि आवश्यक मरम्मत कार्य समय पर शुरू किए जा सकें। बैठक में ई–गवर्नेंस और ई–डिस्ट्रिक सेवाओं को लेकर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में उपमंडल अधिकारी प्रियांशु खाती, सहायक आयुक्त राहुल धीमान, जिला राजस्व अधिकारी विक्रमजीत सिंह सहित विभिन्न उपमंडलों के एसडीएम, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे।

## मैहला घार के समीप वाहनों की आवाजाही अस्थायी रूप से होगी नियंत्रित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** डीसी मुकेश रेपसवाल ने राष्ट्रीय उच्च मार्ग–154ए चक्की–चंबा–भरमौर मार्ग के अंतर्गत मैहला घार में जारी भूस्खलन रोकथाम (लैंडस्लाइड मिटिगेशन) कार्यों के दृष्टिगत जनहित व सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 31 मार्च तक वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से नियंत्रित करने के आदेश जारी किए हैं। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 115 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31 मार्च तक प्रतिदिन प्रातः 6 से सायं 6 बजे तक कार्य के दौरान आवश्यकता अनुसार प्रति घंटे 25 से 30 मिनट तक वाहनों की आवाजाही को अस्थायी रूप से रोककर (होल्ड कर) यातायात नियंत्रित करने के आदेश जारी किए गए हैं। डीसी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि लोक निर्माण विभाग के राष्ट्रीय उच्च मार्ग प्रभाग चंबा द्वारा सूचित किए जाने तथा लैंडस्लाइड मिटिगेशन से संबंधित जारी कार्यों के दौरान जन–सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं।

## माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल के स्टूडेंट्स ने सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा में लहराया परचम

अनंत ज्ञान



**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** माउंट मौर्या इंटरनेशनल स्कूल जोगिंद्रनगर के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस परीक्षा में स्कूल के कई विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त कर आगामी चयन प्रक्रिया के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है। लिखित परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों में अद्विक ठाकुर, अद्विक राठौर, आयशा ठाकुर, अकुल ठाकुर, अर्षित, आर्यांश ठाकुर, हर्षिता थापा, कुवम, रेयांश महाजन, रेयांश सूद, रियांशी ठाकुर, सात्विक व अथर्व गोस्वामी शामिल हैं। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से स्कूल प्रबंधन, अभिभावकों व क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज ठाकुर ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और उत्कृष्टता की भावना विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य योगेश ठाकुर ने भी सभी सफल विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को बधाई देते हुए कहा कि सैनिक स्कूल जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा को पास करना गर्व की बात है। यह उपलब्धि दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और दृढ़ संकल्प के साथ विद्यार्थी बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

## रामोत्सव व धर्म रक्षा निधि कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** सुंदरनगर के पुराना बाजार स्थित श्री महामाया त्रिपुर सुंदरी मंदिर में विश्व हिंदू परिषद संगठनात्मक जिला सुंदरनगर की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष रोहतास वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई और रामोत्सव के अंतर्गत 13 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की योजना बनाई गई। इसके साथ ही धर्म रक्षा निधि अर्पण कार्यक्रम को लेकर भी रणनीति तय की गई। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल को सुंदरनगर और थुनाग में दो स्थानों पर आयोजित किया जाएगा, जिसमें क्षेत्रीय संगठन मंत्री नीरज दोनोरिया कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। जिला मंत्री महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि बैठक में क्षेत्रीय मंत्री लेखराज राणा, प्रांत उपाध्यक्ष रमेश परमार, प्रांत मातृशक्ति संयोजिका रजनी ठाकुर, विभाग मंत्री कृष्ण वर्मा, विभाग मातृशक्ति संयोजिका कांता शर्मा, विभाग सेवा प्रमुख पूर्ण चंद चौहान, जिला धर्माचार्य प्रमुख इंद्र सिंह ठाकुर, जिला मंत्री महेंद्र सिंह राणा, जिला उपाध्यक्षा रीमा शर्मा, नगर अध्यक्ष गोपाल कृष्ण, नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र कटोच, जिला समरसता सह प्रमुख हेमराज, जिला बजरंग दल सह संयोजक रमेश कुमार, प्रखंड मातृशक्ति संयोजिका सुनील कुमारी, अनिता कुमारी, ललिता देवी, हंस राज, बालक राम, जीवन कुमार तथा नगर प्रखंड सह मंत्री खेमराज सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बतैल में गंदे पानी से बंद नालियां बनी जी का जंजाल

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट-घुमारवीं स्टेट हाईवे पर स्थित ग्राम पंचायत भांबला के मुख्य कस्बे बतैल में सड़क किनारे पानी की निकासी के लिए बनी नालियां बंद होने से जी का जंजाल बन गई हैं। पानी की सही निकासी न होने के कारण नालियों में गंदा पानी भर गया है। इस कारण बदबू फैलने से स्थानीय दुकानदार तथा गुजरने वाले राहगीर भी खासे परेशान हैं। नालियों में गंदा पानी जमा होने से संक्रामक रोग का डर बना हुआ है। इसको लेकर जिम्मेदार भी चुप्पी साधे हुए हैं। बतैल में गंदा पानी जमा होने से मच्छरों के पनपने व संक्रामक रोगों के फैलने का डर भी बना हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों व दुकानदारों अश्विनी कुमार, विशाल कुमार, सुनील कुमार, देव राज, सुरेश कुमार प्यार चंद और बलवीर कुमार ने बताया कि स्टेट हाईवे बनने के समय पानी की निकासी के लिए बनाई नालियां सही ढंग से नही बनाई गई है, जिस कारण पानी की निकासी नही हो रही है जिससे सारा गन्दा पानी नालियों में ही जमा हो रहा है। जिसके कारण यह समस्या उत्पन हुई है। इस समस्या बारे लोक निर्माण विभाग बल्द्वाडा के सहायक अभियंता भूपेंद्र पाल ने कहा कि मामला संज्ञान में आ चुका है, जल्द ही नालियों की साफ -सफाई करवा दी जाएगी।

**अदालती नोटिस**
**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पामलपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
किस्म मुकदमा तकसीम
मुकदमा न. 813525/2026
तारीख पेशी 19.03.2026
**संजीव कुमार बनाम विपन कुमार आदि**
**समन बनामः-** 1. विपन कुमार 2 विवेक कुमार पुत्रान व 3 श्रीमति मनोरमा देवी पुत्री कृष्ण कुमार 5 प्रवीन कुमार 6 शिव कुमार पुत्र व 7 कविता शर्मा पुत्री व 8 श्रीमति अजुध्या देवी विध्वा वेली राम पुत्र मुरलीधर निवासी महाल भ्यार तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा हि. प्र.।
**विषयः-** भूमि तकसीम खाता न. 138 खतौनी न. 217 ता 219 खसरा न. किता-7 रकवा तादादी 0-22-67 हैक्ट. स्थित महाल भ्यार, तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा हि0प्र0 जमाबन्दी वर्ष 2023-24 उपरोक्त मुकदमा इस न्यायालय में विचाराधीन है। इसमें प्रतिवादी को कई बार समन किये गये परन्तू साधारण तरीके से तामील न हो रही है। अतः अब इश्तहार द्वारा प्रतिवादी उपरोक्त को सूचित किया जाता है कि इस केस बारे कोई भी एतराज पेश करना हो तो वह दिनांक 19.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में हाजिर होकर पेश कर सकता है। गैर हाजिर की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
आज दिनांक 05.03.2026 को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी हुआ।
क्रमांक 122/रीडर/दिनांक 6/3/2006
**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**

**अदालती नोटिस**
**व अदालत नायव-तहसीलदार एंव कार्यकारी दण्डाधिकारी तहसील पालमपुर जिला काँगड़ा हि0प्र0।**
मुकदमा न.-/NT/26
तारीख पेशीः- 12.03.2026
रेखा देवी पुत्री वतन चन्द वर्तमान पता पत्नी हेम राज निवासी वार्ड न. 5 गांव व डा. कच्छयारी तहसील व जिला कांगड़ा हि0प्र0।
**बनाम आम जनता**
प्रार्थना पत्र अधिनियम धारा 13 (III) जन्म एंव मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969
श्रीमति रेखा देवी पुत्री वतन चन्द वर्तमान पता पत्नी हेम राज निवासी वार्ड न. 5 गांव व डा. कच्छयारी तहसील व जिला कांगड़ा हि0प्र0 इस कार्यालय में प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म दिनांक 02.04.1970 को गांव टाण्डा डा. राजपुर में हुआ है। जोकि ग्राम पंचायत/ नगर निगम के अभिलेख में दर्ज न है।
चुकिं आम जनता व स्थानीय लोगों को सधारण तरीके से ईतलाह नहीं की जा सकती। अतः अब इतलाह वजरिया अखवारी ईश्तहार करवाकर सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि रेखा देवी पुत्री वतन चन्द का जन्म पंजीकरण करने बारे किसी व्यक्ति को कोई भी उज्ज्र / एतराज हो तो वह दिनांक 12.03.2026 को अधोहस्ताक्षरी की अदालत में असालतन या वकालतन प्रातः 11:00 बजे हाजिर होकर अपनी उज्र/एतराज दर्ज करवा सकता है। बाद गुजरने मियाद कोई भी उजर या एतराज काविले गौर न होगा तथा उपरोक्त जन्म पंजीकरण को स्वीकार करते हुए इसे दर्ज करने के आदेश सम्वन्धित नगर निगम पालमपुर को पारित कर दिये जायेंगे।
आज दिनांक को हमारे हस्ताक्षर व मोहर सहित जारी किया गया।
**कार्यकारी दण्डाधिकारी पालमपुर।**

# मंदिर में आग लगाने की घटना से आक्रोश

अनंत ज्ञान

**चंबा।** जिला चंबा के विकासखंड चंबा की ग्राम पंचायत जडेरा के अंतर्गत आने वाले कंल्यू गांव में स्थित प्राचीन मां जालपा माता मंदिर में आग लगाए जाने की घटना के बाद क्षेत्र में रोष का माहौल बन गया है।

इस घटना में मंदिर में रखे माता रानी के वस्त्र व चुनरियां जलकर राख हो गईं, जबकि मंदिर में स्थापित माता रानी की मूर्ति को भी क्षति पहुंचने की जानकारी सामने आई है। वहीं मंदिर में विराजमान भगवान शिव के शिवलिंग पर चढ़ाया गया वस्त्र भी आग की चपेट में आकर जल गया। राहत की बात यह रही कि आग से मंदिर की मुख्य संरचना सुरक्षित रही। स्थानीय लोगों के अनुसार इस घटना को एक नाबालिग मुस्लिम युवक (लगभग 12 वर्ष) द्वारा अंजाम दिए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि उक्त बालक मदरसे में पढ़ाई करता है और उसके पिता पेशे से शिक्षक बताए जा रहे हैं। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्रों में



लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। घटना को लेकर बजरंग दल और स्थानीय ग्रामीणों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को जिला उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व नागेन्द्र राणा ने किया। ज्ञापन में कहा गया कि 6 मार्च 2026 को कंल्यू गांव के प्राचीन मंदिर में आग लगाने की घटना बेहद निंदनीय है, जिससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। उन्होंने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष और गहन जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से यह भी आग्रह किया कि जिले में धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सतर्कता बढ़ाई जाए और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। साथ ही संबंधित संस्थानों की जांच और निगरानी बढ़ाने की भी मांग की गई। इस मामले में जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रशासन घटना को गंभीरता से ले रहा है और पुलिस द्वारा जांच जारी है। उन्होंने कहा कि कानून के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी और जिले में शांति व भाईचारा बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वहीं दूसरी ओर, आरोपी बालक के पिता ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि बच्चे से गलती हुई है और ऐसा नहीं होना चाहिए था। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है और प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

**Office of the Commissioner, Municipal Corporation Palampur Distt. Kangra (HP)**
No. MCP/DB/2026-10843 Dated: 05/03/2026

**E-Procurement Notice**

Online bids are hereby invited on behalf of Municipal Corporation Palampur in electronic tendering system in 2 cover system for the under mentioned works from approved and eligible contractors/firms registered in appropriate class.

| S. No. | Name of Work | Estimated Cost (Rs.) | EMD (Rs.) | Time period | Cost of Tender Form (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Supplying of Construction material for various development works in differnent wards in MC Palampur | 900000.00 | 18000.00 | 6 Months | 500+18%GST |

For any other information visiton website https://hptenders.gov.in.

**Commissioner**
**Municipal Corporation Palampur (HP)**

हम अमन चाहते हैं जुल्म के खिलाफ, फैसला गर जंग से होगा, तो जंग ही सही।

–राम प्रसाद बिस्मिल

## संपादकीय

# भ्रष्टाचार से लड़ाई

भ्रष्टाचार एक ऐसा घुन है जो किसी भी समाज और व्यवस्था को भीतर से खोखला कर देता है। जब यह किसी राज्य की प्रशासनिक व्यवस्था में घर कर जाता है तो विकास की गति धीमी पड़ जाती है और जनता का भरोसा भी शासन से उठने लगता है। यही कारण है कि किसी भी सरकार की विश्वसनीयता इस बात से तय होती है कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ कितनी सख्ती और ईमानदारी से कदम उठाती है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का यह कहना कि भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को जेल भेजा जाएगा, निश्चित रूप से एक साहसिक और महत्वपूर्ण संदेश है।

मुख्यमंत्री ने यह दावा किया है कि सरकार ने भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों की एक विस्तृत सूची तैयार कर ली है और जल्द ही इसका खुलासा सार्वजनिक तौर पर किया जाएगा। यदि यह दावा धरातल पर सच साबित होता है तो यह प्रदेश की राजनीति और प्रशासन में पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। सरकार शुरू से ही यह कहती आई है कि वह भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाए हुए है। ऐसे में यह जरूरी है कि इस नीति को केवल बयानबाजी तक सीमित न रखा जाए बल्कि उसे ठोस कार्रवाई के रूप में भी सामने लाया जाए।

मुख्यमंत्री का यह दावा भी काफी अहम है कि उनके मंत्रिमंडल का कोई भी सदस्य भ्रष्टाचार में लिप्त नहीं है। यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि राजनीति में अक्सर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलता रहता है। यदि सरकार अपने ही तंत्र को पारदर्शी और जवाबदेह बनाए रखने में सफल होती है तो इससे जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। मुख्यमंत्री द्वारा यह बयान पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के गृह जिले में दिया जाना भी राजनीतिक दृष्टि से काफी मायने रखता है। इससे यह संदेश देने की कोशिश भी दिखाई देती है कि सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ किसी भी प्रकार का राजनीतिक दबाव स्वीकार नहीं करेगी।

हालांकि, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केवल घोषणाओं से नहीं जीती जा सकती। इसके लिए मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ-साथ प्रभावी प्रशासनिक कार्रवाई भी जरूरी होती है। कई बार देखा गया है कि भ्रष्टाचार के मामलों में जांच लंबी चलती रहती है और दोषियों को सजा मिलने में वर्षों लग जाते हैं। ऐसे में लोगों का भरोसा कमजोर पड़ने लगता है। इसलिए सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि जिन लोगों पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, उनके खिलाफ त्वरित और निष्पक्ष जांच हो तथा दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाए। भ्रष्टाचार के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश के सामने नशे की समस्या भी एक गंभीर चुनौती बनकर उभर रही है। खासकर चिट्टा नामक सिंथेटिक ड्रग ने प्रदेश के युवाओं को तेजी से अपनी गिरफ्त में लिया है। यह केवल कानून व्यवस्था का मामला नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संकट भी है। नशे के कारोबार में शामिल लोग अवैध तरीके से करोड़ों रुपये की संपत्ति बना लेते हैं, जिससे समाज में गलत संदेश जाता है।

मुख्यमंत्री सुक्खू लगातार यह कहते रहे हैं कि नशा तस्करों, विशेष रूप से चिट्टे के कारोबार से अवैध संपत्ति बनाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कई बार यह भी कहा है कि ऐसे लोगों की अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलाया जाएगा। पिछले कुछ महीनों में सरकार ने कई ऐसी संपत्तियों पर कार्रवाई भी की है, जिनके बारे में दावा किया गया कि वे नशे के कारोबार से अर्जित धन से बनाई गई थीं।

यदि सरकार इसी तरह सख्ती के साथ-साथ पारदर्शिता और न्यायिक प्रक्रिया का पालन करती रहती है तो नि:संदेह इससे जनता का भरोसा और अधिक मजबूत होगा। यह भी सच है कि चिट्टा आज हिमाचल प्रदेश के लिए एक नासूर बनता जा रहा है। कई युवा इसकी गिरफ्त में आकर अपने भविष्य को बर्बाद कर रहे हैं। भ्रष्टाचार और नशे के खिलाफ सख्ती किसी भी समाज के स्वस्थ भविष्य के लिए बेहद जरूरी है। यदि सरकार ईमानदारी से इन दोनों मोर्चों पर काम करती है और जनता भी इसमें सहयोग देती है तो हिमाचल प्रदेश को इन समस्याओं से काफी हद तक मुक्त किया जा सकता है। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**


## प्रसिद्ध गीतकार और कवि



साहिर लुधियानवी
जन्म : 8 मार्च, 1921
मृत्यु : 25 अक्तूबर,1980

**साहिर लुधियानवी** भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध गीतकार और कवि थे। उनका असली नाम अब्दुल हयी था। साहिर ने अपने लेखन में समाज की खामियों, दर्द, प्यार और संघर्ष को बेहद मार्मिक तरीके से प्रस्तुत किया। उनका साहित्यिक सफर लुधियाना से शुरू हुआ, जहां उन्होंने खालसा हाई स्कूल और गवर्नमेंट कॉलेज से शिक्षा प्राप्त की। कॉलेज में रहते हुए उनका प्रेम संबंध प्रसिद्ध कवयित्री अमृता प्रीतम के साथ हुआ, जो असफल रहा। शिक्षा पूरी न होने के बावजूद उन्होंने जीविका चलाने के लिए विभिन्न नौकरियां कीं और 1943 में अपनी पहली शायरी की किताब 'तल्खियां' प्रकाशित की।

साहिर ने भारती फिल्म उद्योग में भी अपनी छाप छोड़ी। उन्होंने 1948 में फिल्म आजादी की राह पर से फिल्मी सफर शुरू किया। 1951 की फिल्म नौजवान के गीत 'ठंडी हवाएं लहरा के आए...' ने उन्हें लोकप्रिय बनाया। इसके बाद उन्होंने बाजी, हमराज, वक्त, धूल का फूल, प्यासा और ताजमहल जैसी फिल्मों में यादगार गीत लिखे। साहिर ने समाज, इंसानियत और प्यार पर आधारित गहन संदेश अपने गीतों में पिरोए। उनके प्रसिद्ध गीतों में 'तू हिंदू बनेगा न मुसलमान बनेगा, इंसान की औलाद है इंसान बनेगा' और 'जिंदगी बढ़ के छीनी जाती है, अपना हक संगदिल जमाने में छीन पाओ' शामिल हैं। साहिर ने विवाह नहीं किया। जीवन में प्रेम असफलताओं और व्यक्तिगत कठिनाइयों के बावजूद उनका योगदान आज भी अमर है। उन्होंने गीतकारों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और पहली बार अपने गानों के लिए रॉयल्टी सुनिश्चित की। उन्हें फिल्मफेयर पुरस्कार और पद्मश्री से सम्मानित किया गया। साहिर लुधियानवी का निधन 25 अक्तूबर 1980 को हुआ, लेकिन उनकी शायरी और गीत आज भी लोगों के दिलों को छूते हैं। ■



कविता

## हां वो एक नारी है

शिवालिक अवस्थी, धर्मशाला, गांव शीला चौक, तहसील धर्मशाला

**आने** से सौभाग्य आए, हां वो एक नारी है।
बचपन से ही रौनक लाए, हां वो एक नारी है।
जो मां-बाप की जान कहलाए, हां वो एक नारी है।
भाई का हर पल साथ निभाए, हां वो एक नारी है।
स्कूल की अव्वल छात्रा कहलाए, हां वो एक नारी है।
परिश्रम से जो भविष्य सजाए, हां वो एक नारी है।
पराये घर को भी अपना बनाए, हां वो एक नारी है।
पति को परमेश्वर का दर्जा दिलाए, हां वो एक नारी है।
ममता से जो दिल पिघलाए, हां वो एक नारी है।
जिसका आंचल सुख चैन दिलाए, हां वो एक नारी है।
गरीबी में भी घर चलाए, हां वो एक नारी है।
जिम्मेदारी जो खूब निभाए, हां वो एक नारी है ।
देवी रूप साक्षात जो पाए, हां वो एक नारी है ।
किस्मत के जो धनी बनाए, हां वो एक नारी है ।
कोई और नहीं वो, सबकी दुलारी, सबकी चहेती, सबसे अच्छी, सबसे प्यारी,
हां वो एक बेटी, बहन, पत्नी और मां रूपी नारी है, पूजनीय नारी है।।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# पुरुष प्रधान समाज में अपना स्थान खोजती नारी



डॉ. अंकिता चौधरी
सह-प्राध्यापक, अभिलाषी यूनिवर्सिटी मंडी, हिमाचल प्रदेश

वर्तमान भारत में स्त्री का मुक्ति संघर्ष, महिला सशक्तिकरण की अवधारणा समकालीन व्यवस्था का लोकप्रिय मुद्दा एवं चर्चा का विषय बना हुआ है। स्त्री स्वतंत्रता, स्त्री आंदोलन, स्त्री विमर्श पर चर्चाएं सुनकर कई बार मुझे ऐसा महसूस हुआ कि आखिर ऐसी चर्चाओं का औचित्य क्या है?

ऐसा इसलिए लगता है, क्योंकि अनेक सम्मेलनों एवं संगठनों में विचार-विमर्श करने के पश्चात भी हम समाज में नारी की स्थिति के बारे में एक स्पष्ट नतीजे पर नहीं पहुंच पाते हैं। वर्तमान समाज में स्त्री की हैसियत विरोधाभासी है, क्योंकि वर्तमान भारतीय समाज में जहां एक ओर स्त्री का प्रगतिशील एवं विकासमय रूप दिखाई देता है तो दूसरी ओर दुर्दशा एवं उत्पीड़न का संवेदनशील स्वरूप भी परिलक्षित होता है।

आज समाज में स्त्री परंपरागत एवं रूढ़िवादी सामाजिक मान्यताओं को नकार कर आर्थिक स्वावलंबन के साथ प्रभावी एवं प्रतिष्ठित वर्चस्व तो प्राप्त कर रही है, परंतु असहाय, उपेक्षित एवं उत्पीड़ित नारी का स्वरूप भी इसी आधुनिक समाज की हकीकत है। आधुनिक नारी स्वतंत्र चिंतन एवं स्वच्छंद भाव के साथ जीवनयापन की इच्छा तो रखती है, लेकिन पुरुष सत्ता के वर्चस्व तले दबी नारी की इच्छा आज भी निराशा और घुटन में ही तब्दील होती है। स्त्री की आजादी की वास्तविकता उसके मुक्ति संघर्ष तक ही सीमित है। यह सच है कि कानूनी अधिकारों एवं आर्थिक स्वावलंबन की दृष्टि से अवलोकन करने पर आधुनिक नारी सबल प्रतीत होती है, परंतु सच्चाई यह भी है कि पुरुष की अनासक्ति, बेरुखी स्त्री को इतनी मानसिक यातना देती है कि आधुनिक नारी जीवन को सफल बनाने के पश्चात भी सार्थक नहीं बना पाती है। पुरुष अहम द्वारा स्त्री पर किए जाने वाले अत्याचार मध्ययुगीन समाज की रूढ़िवादी मान्यताओं द्वारा किए गए अत्याचार की ही भांति हैं, फर्क है तो बस इतना कि स्त्री पर वे चोटें बाह्य थी और अहं द्वारा पहुंचायी गई चोट आंतरिक। विडंबना तो देखिए कि जिस समाज में कन्यादान जैसी पुण्यमय परम्परा का निर्वाह किया जाता है वहां कन्या भ्रूण हत्या जैसा कुत्सित एवं पापाचार पूर्ण कार्य भी हो रहा है। समाज में नारी की भागीदारी को बढ़ाने हेतु स्त्री शिक्षा एवं अधिकारों से संबंधित योजनाओं, संगठनों एवं संस्थाओं का निर्माण तो किया जा रहा है परंतु आधारभूत स्थितियों अभी भी नहीं बदल पा रही हैं। यह कैसी हास्यास्पद स्थिति है कि पुरुष के साथ समानता की घोषणाओं, कार्यक्रमों व कानूनों के बीच पति को परमेश्वर मानने की मानसिकता में हम जरा सा भी परिवर्तन नहीं करना चाहते है। समाज में स्त्री के दैवीय स्वरूप की उपासना का प्रचलन आज भी है लेकिन स्त्री के दैवीय गुणों की उपेक्षा कर घरेलू हिंसा एवं अत्याचारों से स्त्री का लहुलूहान चेहरा भी इसी समाज में दिखाई देता है।




यौन शोषण एवं उत्पीड़न का मामला जब भी अखबारों की सुर्खियों में स्थान प्राप्त करता है। महिला संगंठन उसके विरोध में आवाजें उठाकर पुरुष प्रधान समाज को कोसने में कोई कसर नहीं रखते हैं तथा दोषियों को उनकी किसी प्रकार की हैसियत का ख्याल किए बिना दंडित करने का विश्वास दिलाते हैं। इसके बाद होता कुछ भी नहीं है। समाज में स्त्री की वर्तमान स्थिति को देखकर उसे पूर्णत: सशक्त कहना उचित नहीं प्रतीत होता। यद्यपि कुछ स्त्रियों ने अपनी योग्यता, कुशलता और प्रगतिशील विचारों के बल पर सामाजिक रूढ़ियों तथा कुरीतियों का विरोध करते हुए स्वयं को सशक्त बनाया है, फिर भी समाज में अधिकांश स्त्रियां आज भी शोषण और पीड़ा का जीवन जी रही हैं। दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, मानसिक दबाव और पुरुषों की उपभोगवादी मानसिकता के कारण उन्हें अनेक प्रकार की यातनाएं सहनी पड़ती हैं। स्त्री-पुरुष समानता का दावा भले ही किया जाता है, लेकिन व्यवहारिक रूप में स्त्री की स्थिति अभी भी पुरुषों की तुलना में गौण ही दिखाई देती है। ग्रामीण समाज में स्त्रियों की स्थिति और भी अधिक दयनीय है। गरीबी, अशिक्षा और परंपरागत सोच के कारण वे अपने अधिकारों से वंचित रह जाती हैं और अपने कष्टों को भाग्य या नियति मानकर स्वीकार कर लेती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्री का जीवन प्राय: घरेलू कार्यों और बच्चों के पालन-पोषण तक सीमित माना जाता है। परिवार और समाज में उसका अस्तित्व अधिकतर पुरुषों पर निर्भर रहता है। यदि कोई स्त्री अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता दिखाती है, तो कई बार उसे विरोध और आक्रामक प्रतिक्रियाओं का सामना करना पड़ता है।

केवल ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि शहरी और संपन्न परिवारों में भी अनेक बार स्त्री को सम्मानजनक स्थान नहीं मिल पाता। कई जगह उसे केवल प्रतिष्ठा, लाभ या स्वार्थ की पूर्ति का साधन समझा जाता है। आधुनिक समाज में कानून और प्रशासन ने स्त्रियों की सुरक्षा के लिए अनेक प्रावधान अवश्य किए हैं, जिससे उनकी स्थिति में कुछ सुधार भी हुआ है और वे अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने लगी हैं।

फिर भी पुरुषवादी सोच, मानसिक अपमान और असमान व्यवहार आज भी समाज में विद्यमान हैं। इसलिए वास्तविक स्त्री-सशक्तिकरण तभी संभव है जब समाज में स्त्रियों को पुरुषों के समान सम्मान, अधिकार, स्वतंत्रता और भावनात्मक सुरक्षा प्राप्त हो तथा पुरानी रूढ़ियों और संकीर्ण मानसिकताओं में परिवर्तन आए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# नारी सम्मान केवल एक दिन तक ही सीमित क्यों?



वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, जिला बिलासपुर

मानव सभ्यता के आरंभ से ही नारी ने जीवन के हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वह केवल एक परिवार की आधारशिला ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की प्रगति की प्रेरक शक्ति भी है। नारी सृजन की प्रतीक है, संवेदना की मूर्ति है और त्याग, धैर्य तथा संघर्ष की जीती जागती मिसाल है। इतिहास से लेकर वर्तमान तक, हर युग में महिलाओं ने अपनी क्षमता, साहस और समर्पण से समाज को नई दिशा दी है।

फिर भी विडंबना यह है कि जिस नारी के बिना संसार की कल्पना अधूरी है, उसके सम्मान और अधिकारों की चर्चा के लिए वर्ष में केवल एक दिन 'महिला दिवस' निर्धारित किया गया है। यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से मन में उठता है कि जब नारी का योगदान जीवन के हर दिन, हर क्षण में है तो फिर उसके सम्मान और समानता की बात केवल एक दिन तक ही क्यों सीमित रह जाए? एक बेटी के रूप में वह घर में खुशियां लाती है। एक बहन के रूप में स्नेह का रिश्ता निभाती है, एक पत्नी के रूप में परिवार को संवारती है और एक मां के रूप में नई पीढ़ी का निर्माण करती है। उसके बिना परिवार, समाज और राष्ट्र की कल्पना अधूरी है। इतिहास साक्षी है कि जब-जब समाज को दिशा की आवश्यकता पड़ी, तब तब महिलाओं ने आगे बढ़कर अपने साहस, बुद्धिमत्ता और त्याग से नई मिसालें कायम की। आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, कला, साहित्य और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं।

यदि हम हिमाचल प्रदेश की बात करें तो यहां की महिलाएं भी अपनी मेहनत, साहस और प्रतिभा से समाज में विशेष स्थान रखती हैं। ग्रामीण परिवेश में महिलाएं सुबह से लेकर शाम तक लगातार काम करती रहती हैं। सुबह उठकर वे सबसे पहले घर के काम संभालती हैं। चूल्हा जलाना, परिवार के लिए भोजन तैयार करना, बच्चों को स्कूल भेजना, पशुओं को चारा देना, खेती-बाड़ी संभालना यह सब उनके दैनिक कार्यों का हिस्सा है। पहाड़ों में खेती आसान नहीं होती। उबड़-खाबड़ जमीन, मौसम की अनिश्चितता और कठिन रास्तों की बावजूद महिलाएं खेती में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। यही नहीं, वह प्रदेश के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यही कारण है कि हिमाचल की महिला को अक्सर 'पहाड़ की रीढ़' कहा जाता है। इसके विपरीत जो कामकाजी महिलाएं होती हैं वे दोहरी जिम्मेदारी का वहन करती है। उन्हें घर और नौकरी दोनों संभालने पड़ते हैं। एक ओर जहां उन्हें ऑफिस का काम समय पर पूरा करना होता है वहीं दूसरी ओर घर के काम, बच्चों की देखभाल और परिवार के जिम्मेदारियां भी निभानी पड़ती हैं। उनके ऊपर घरेलू कार्यों का बोझ पुरुषों की तुलना में अधिक होता है। वे शारीरिक और मानसिक रूप से थकने के बावजूद अपने सभी उत्तरदायित्वों को ईमानदारी से निभाती हैं। हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है, जिसमें महिलाओं को सम्मानित किया जाता है और उनके अधिकारों की चर्चा की जाती है, परंतु प्रश्न उठता है कि क्या महिलाओं के सम्मान और समानता की बात केवल एक दिन तक ही सीमित रहनी चाहिए? वास्तविकता यह है कि महिला दिवस के बाद समाज फिर से पुराने ढर्रे पर चलने लगता है। अखबारों में घरेलू हिंसा, यौन शोषण और महिलाओं के प्रति भेदभाव की खबरें सामने आती रहती हैं।




हाल के वर्षों में हिमाचल में भी महिलाओं के खिलाफ कई गंभीर घटनाएं सामने आई हैं, जैसे मंडी जिले में पत्नी पर तेजाब फेंकने की घटना, धर्मशाला के कॉलेज में छात्रा के साथ रैगिंग और यौन उत्पीड़न का मामला तथा ऊना में एक युवती की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु। ये घटनाएं दर्शाती हैं कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान आज भी एक बड़ी चुनौती है। आवश्यक है कि समाज में बेटियों को समान अवसर दिए जाएं, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए और उनके विचारों का सम्मान किया जाए।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# उत्सव मनाएं, चिंतन करें, एकजुट हों और कार्य करें



हरप्रीत कौर बवेजा
एसोसिएट प्रोफेसर, अंग्रेजी

आज जब हम अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मना रहे हैं, तो हमें उन महिला कार्यकर्ताओं, नेताओं और कानून निर्माताओं के योगदान को नमन करना चाहिए जिन्होंने आज की महिलाओं के लिए अवसरों और लैंगिक समानता के मामले में अतीत की महिलाओं की तुलना में कहीं बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त किया। हम उनके प्रति गहरी श्रद्धा से नतमस्तक हैं।

भले ही हम उस पीड़ा और संघर्ष से भरे जीवन से बहुत दूर आ चुके हैं, जिसे हमारी पूर्वज महिलाओं को जीने के लिए मजबूर किया गया था, तब भी हमें अपनी आंखें और कान खुले रखने की आवश्यकता है।

आज भी भारत और विश्व में विषैले पितृसत्तात्मक और स्त्री-विरोधी रुझान व्यापक रूप से मौजूद हैं और उनका पालन किया जा रहा है। इसलिए हमें हर प्रकार के लैंगिक भेदभाव का सामूहिक प्रतिरोध करने के लिए स्वयं को तैयार करना होगा। एपस्टीन फाइलों ने निश्चित रूप से यह पर्दा उठाया है कि दुनिया भर में किस प्रकार सबसे शक्तिशाली और धनी पुरुष नेता, आपसी गठजोड़ में महिलाओं और बच्चों दोनों के यौन शोषण में लिप्त रहे हैं। जब सत्ता में बैठे लोग, जिन पर लैंगिक शोषण और हिंसा के आरोप लगते हैं, आसानी से बच निकलते हैं, तो आम पुरुषों तक यह संदेश जाता है कि वे भी महिलाओं के साथ किए जाने वाले भेदभाव और अपराधों से आसानी से बच सकते हैं, क्योंकि दुनिया अभी भी बड़े पैमाने पर पुरुषों की ही दुनिया बनी हुई है, जहां महिलाओं को लगातार हाशिये पर धकेला जाता है।

भारतीय संदर्भ में, भारत में विकृत लैंगिक अनुपात तथा महिलाओं के विरुद्ध अपराधों और महिला आत्महत्याओं की उच्च दर सरकार और सभी हितधारकों के लिए यह अत्यंत आवश्यक बना देती है कि वे युद्ध स्तर पर महिलाओं के जीवन और अधिकारों की रक्षा तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए कार्य करें।



भारत में लिंगानुपात लगभग 1000 पुरुषों पर 940 महिलाएं हैं। महिला-पुरुष अनुपात के मामले में भारत 237 देशों में 218वें स्थान पर है, जो एक गंभीर असंतुलन को दर्शाता है। इसका मुख्य कारण व्यापक रूप से किया जाने वाला कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या है, जबकि भारत में लिंग चयन के आधार पर गर्भपात के विरुद्ध दंडनीय कानून मौजूद हैं।

भारत में बलात्कार एक अत्यंत गंभीर समस्या है। यह महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों में चौथा सबसे सामान्य अपराध है। 2021 के एनसीआरबी के आंकड़ों के अनुसार हर वर्ष 31, 000 से अधिक मामले दर्ज होते हैं, अर्थात औसतन प्रतिदिन लगभग 86 मामले। इतना ही नहीं, भारत में महिलाओं के खिलाफ हिंसा और भेदभाव आज भी एक गंभीर सामाजिक समस्या बना हुआ है। वर्ष 2020 में प्रतिदिन औसतन 19 से अधिक युवा महिलाओं की मृत्यु दहेज से जुड़े उत्पीड़न के कारण हुई। इसी प्रकार 2024 में राष्ट्रीय महिला आयोग को प्राप्त 25,743 महिला मृत्यु रिपोर्टों में से लगभग 17% मामले दहेज उत्पीड़न से जुड़े थे, जबकि 24% मामले घरेलू हिंसा से संबंधित पाए गए। एनसीआरबी 2022 के आंकड़ों के अनुसार भारत में महिला आत्महत्याएं कुल आत्महत्याओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, जिनमें 50% से अधिक पीड़ित गृहिणियां होती हैं। पारिवारिक समस्याएं और वैवाहिक विवाद इसके प्रमुख कारण हैं, और 15 से 39 वर्ष की आयु की महिलाएं विशेष रूप से अधिक प्रभावित पाई गई हैं। वहीं विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 के अनुसार 148 देशों में भारत 131वें स्थान पर पहुंच गया है, जो लैंगिक समानता के मामले में चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। इन तथ्यों के आधार पर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि समाज में व्याप्त असमानता और हिंसा की कठोर याद दिलाने वाला दिन भी है। यह उन सामाजिक कार्यकर्ताओं, विचारकों और सुधारकों के संघर्षों को भी याद करने का अवसर है, जिन्होंने महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। एक न्यायपूर्ण और लैंगिक समान समाज की दिशा में हमारी यात्रा लंबी है, परंतु हर आवाज, संघर्ष और प्रयास परिवर्तन की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

# महिलाओं के सम्मान और समान अवसर की आवश्यकता



रेखा चंदेल
स्वतंत्र लेखिका, झंडूता

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस हर वर्ष 8 मार्च को पूरे विश्व में बड़े उत्साह और सम्मान के साथ मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों, उनके संघर्षों और समाज के विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान को याद करने के लिए समर्पित है। महिलाओं ने हमेशा परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है। इसलिए यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि महिलाओं को सम्मान, समान अधिकार और आगे बढ़ने के अवसर मिलना बहुत आवश्यक है।

भारत के इतिहास में अनेक महान महिलाओं ने अपने साहस, त्याग और परिश्रम से समाज और देश के लिए बड़े-बड़े कार्य किए हैं। विशेष रूप से स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का योगदान बहुत महत्वपूर्ण रहा है। रानी लक्ष्मीबाई का नाम भारतीय इतिहास में बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध वीरता से युद्ध किया और देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। उनकी बहादुरी आज भी सभी महिलाओं और युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

इसी प्रकार सरोजिनी नायडू, जिन्हें 'भारत कोकिला' के नाम से भी जाना जाता है, ने स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई। उन्होंने अपने भाषणों और कविताओं के माध्यम से लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई। कस्तूरबा गांधी ने महात्मा गांधी के साथ मिलकर सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश की सेवा की और स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। बेगम हजरत महल ने भी 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों के खिलाफ बहादुरी से लड़ाई लड़ी और देश के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इसके अलावा एनी बेसेंट ने भी भारत की स्वतंत्रता और शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए। उन्होंने भारतीय लोगों को स्वराज के लिए जागरूक किया और शिक्षा के प्रसार में भी बड़ा योगदान दिया। इन सभी महान महिलाओं के त्याग और संघर्ष ने भारत की आज़ादी की राह को मजबूत बनाया। आधुनिक भारत में भी कई महिलाओं ने अपने कार्यों से देश का नाम रोशन किया है और महिलाओं को सम्मान दिलाया है। कल्पना चावला भारत की पहली महिला अंतरिक्ष यात्री थीं, जिन्होंने अंतरिक्ष में जाकर पूरे देश का गौरव बढ़ाया। उनकी उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया कि महिलाएं विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में भी किसी से कम नहीं हैं। इसी तरह मैरी कॉम ने बॉक्सिंग के क्षेत्र में विश्व स्तर पर कई पदक जीतकर भारत का नाम रोशन किया। किरण बेदी भारत की पहली महिला आईपीएस अधिकारी बनीं और उन्होंने अपने कार्यों से यह साबित किया कि महिलाएं प्रशासन और कानून व्यवस्था के क्षेत्र में भी उत्कृष्ट कार्य कर सकती हैं। इसी प्रकार आज महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, राजनीति, खेल, चिकित्सा और कला जैसे अनेक क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर रही हैं।

महिला दिवस हमें यह संदेश देता है कि महिलाओं का सम्मान करना, उन्हें शिक्षा देना और उन्हें समान अवसर प्रदान करना बहुत आवश्यक है। जब महिलाएं शिक्षित और सशक्त होंगी, तब ही समाज और देश का समुचित विकास संभव होगा। परिवार में भी महिलाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि वही बच्चों को संस्कार और शिक्षा देती हैं और भविष्य की पीढ़ी का निर्माण करती हैं। आज समाज में महिलाओं की स्थिति पहले से बेहतर हुई है, लेकिन अभी भी कई स्थानों पर महिलाओं को भेदभाव और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि हम महिलाओं के अधिकारों की रक्षा करें, उनका सम्मान करें और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें। नारी शक्ति ही समाज की सच्ची शक्ति है। महिलाओं के बिना समाज और राष्ट्र का विकास अधूरा है।




**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनी स्वयं सहायता समूह की प्रधान चंपा शर्मा

**अनंत ज्ञान, भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** जंजैहली क्षेत्र में गत 24 वर्षों से महिलाओं के सशक्तिकरण में कार्यरत शिकारी माता स्वयं सहायता समूह की प्रधान चंपा शर्मा क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक मिसाल कायम कर रही है। 'अनंत ज्ञान' से विशेष बातचीत में चंपा शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय साक्षरता अभियान के तहत अपनी बदहाली के कारणों को समझ कर उससे मुक्ति की दिशा में प्रयास करने से शुरू हुई उनकी जागरूकता अब व्यावहारिक तौर पर आकार ले चुकी है।




उन्होंने बताया कि 2 अक्तूबर 2002 को गठित इस समूह में 10 महिलाएं हैं। जिन्होंने 10-10 रुपए प्रतिमाह के हिसाब से बचत करने का कार्य शुरू किया और आज लगभग समूह के पास 14 लाख रुपए की राशि जमा हो चुकी है। जिससे कि यह महिलाएं अपनी रोजमर्रा की जरूरतें पूरी कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह समूह केवल आर्थिक गतिविधियों के क्षेत्र में ही कार्यरत नहीं है बल्कि देसी गाय का घी उत्पादन कर भी महिलाएं अपनी आमदनी को बढ़ावा दे रही हैं। इसके अलावा स्थानीय दालें, अचार और मिलेट्स (मोटा अनाज) की पैदावार कर भी यह महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि जो भी ग्रुप के उत्पाद है उन्हें बेचने के लिए सरकारी सहायता से वह शिमला, जम्मू व चंडीगढ़ में भी प्रदर्शनी व बिक्री कर चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त मंडी अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि के दौरान तथा हर शनिवार को इन उत्पादों का विक्रय मंडी बाजार में किया जाता है। उन्होंने बताया कि ग्रुप से जुड़ी हुई महिलाएं बचत और उधार से बच्चों की ट्रेनिंग फीस या घर की कई आवश्यकता है पूरी करती हैं। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए समूह नाबार्ड की परियोजनाओं के साथ मिलकर काम कर रहा है। इसलिए नाबार्ड द्वारा लगभग 9 पुरस्कार भी इस समूह को प्रदान किए गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर उन्होंने महिलाओं का आवाहन किया कि अकेले में कोई भी महिला कामयाब नहीं हो सकती है इसलिए उसे संगठन में बंध कर आगे बढ़ना चाहिए।

# पुलिस विभाग में सेवाएं दे रहीं अंशु राणा बनीं महिलाओं के लिए प्रेरणा

अनंत ज्ञान

**अभिषेक शर्मा, जोगिंदरनगर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र की विशेष श्रृंखला में हम उन महिलाओं की प्रेरणादायक कहानियां पाठकों तक पहुंचा रहे हैं, जिन्होंने अपनी मेहनत, लगन और साहस के दम पर समाज में एक अलग पहचान बनाई है।

इसी कड़ी में आज हम बात कर रहे हैं अंशु राणा की, जो पुलिस विभाग में सेवाएं देते हुए न केवल अपने कर्तव्यों का जिम्मेदारी से निर्वहन कर रही हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा स्रोत बनकर उभरी हैं। मूल रूप से सुंदरनगर क्षेत्र के धधराशि गांव से संबंध रखने वाली अंशु राणा एक साधारण परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता स्व. नाग सिंह बीबीएमबी में कार्यरत थे, जबकि उनकी माता सत्या देवी गृहिणी हैं। परिवार में अनुशासन और मेहनत का माहौल रहा, जिसका असर अंशु राणा के व्यक्तित्व में भी साफ दिखाई देता है। बचपन से ही उन्हें खेलकूद में गहरी रुचि रही है और वह पढ़ाई के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सक्रिय रही हैं। अंशु ने अपनी प्रारंभिक और स्कूली शिक्षा सुंदरनगर से प्राप्त की। 12वीं कक्षा में उन्होंने कॉमर्स विषय से पढ़ाई पूरी की। इसके बाद उन्होंने महाराजा लक्ष्मण सेन महाविद्यालय, सुंदरनगर से स्नातक की शिक्षा प्राप्त की। खेलों के प्रति अपनी रुचि को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से मास्टर ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एमपीएड) की डिग्री हासिल की।




खेलकूद के क्षेत्र में भी अंशु राणा ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं। उन्होंने कबड्डी, खो-खो और एथलेटिक्स प्रतियोगिताओं में भाग लेते हुए कई पदक अपने नाम किए हैं। इन उपलब्धियों ने न केवल उनके आत्मविश्वास दिया बल्कि जीवन में अनुशासन और संघर्ष की भावना भी मजबूत की।

अपनी मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर अंशु राणा का चयन जनवरी 2010 में हिमाचल प्रदेश पुलिस विभाग में हुआ। पुलिस सेवा में चयन उनके जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ। पुलिस विभाग में चयन के कुछ ही महीनों बाद उनका विवाह हो गया। उनका ससुराल जोगिंदरनगर क्षेत्र के टटारका गांव में है। उनके पति महिंद्र सिंह भारतीय वायुसेना में सेवा दे रहे हैं और देश की रक्षा में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। अंशु राणा बताती हैं कि पुलिस विभाग में नौकरी करना एक बड़ी जिम्मेदारी है, लेकिन परिवार का सहयोग मिलने से हर चुनौती आसान हो जाती है। उनकी एक आठ वर्ष की बेटी भी है, जिसके साथ समय बिताना उन्हें बेहद पसंद है। वह मानती हैं कि नौकरी और परिवार के बीच संतुलन बनाए रखना जीवन की सबसे बड़ी कला है।

अपने व्यस्त जीवन के बावजूद अंशु राणा अपने शौकों के लिए भी समय निकालती हैं। उन्हें खेलकूद, स्वादिष्ट भोजन बनाना और नृत्य करना बेहद पसंद है। उनका कहना है कि ये गतिविधियां उन्हें मानसिक रूप से तरोताजा रखती हैं और जीवन में सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने में मदद करती हैं।

समाज में उनके योगदान और प्रेरणादायक कार्यों के लिए अंशु राणा को नारी एकता मंच द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है। यह सम्मान उनके कार्यों और समाज में उनकी सकारात्मक भूमिका को दर्शाता है। महिलाओं के लिए संदेश देते हुए अंशु राणा कहती हैं कि आज के दौर में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में आए दिन कई तरह की घटनाएं देखने और सुनने को मिलती हैं, इसलिए महिलाओं का मजबूत और आत्मनिर्भर होना बेहद जरूरी है। इसके साथ ही उन्होंने आज की युवा पीढ़ी को नशे जैसी बुराइयों से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि यदि कहीं नशे से संबंधित गतिविधियां दिखाई दें तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें, ताकि समाज को इस गंभीर समस्या से बचाया जा सके।

# महिला सशक्तिकरण की सशक्त आवाज बनीं पत्रकार व मंडयाली एंकर बनिता ठाकुर

अनंत ज्ञान

**अनिल शर्मा, मंडी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर दैनिक अनंत ज्ञान समाचार पत्र से विशेष बातचीत में पत्रकार व मंडयाली एंकर बनिता ठाकुर ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है।



**मंडयाली बोली को मंच से पहचान दिलाने के साथ समाज में प्रेरणा का संदेश दे रहीं बनिता**

उन्होंने बताया कि यदि महिलाएं अपनी क्षमता पर विश्वास करें तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है। बनिता ठाकुर लंबे समय से पत्रकारिता और मंच संचालन के माध्यम से मंडयाली बोली को बढ़ावा देने का कार्य कर रही हैं। मंडयाली के शुद्ध शब्दों में एंकरिंग करना एक कठिन कार्य माना जाता है, लेकिन उन्होंने इसे अपनी पहचान बना लिया है। इसी योगदान के लिए उन्हें कुल्लू में ठाकुर वेदराम मेमोरियल अवार्ड 2022 में राज्य स्तरीय स्तर पर मंडयाली बोली को मंच पर प्रस्तुत करने व मंडयाली में पत्रकारिता करने के लिए सम्मानित किया गया।

इसके अलावा स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल ने महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से देई अभियान के लिए अवार्ड आफ एक्सीलेंस के लिए व मंडी में आयोजित समसकरा कार्यक्रम में तत्कालीन एसडीएम मंडी रितिका जिंदल ने भी मंडयाली बोली के संरक्षण व प्रचार-प्रसार के लिए बनिता ठाकुर को सम्मानित किया। बनिता ठाकुर सामाजिक सरोकारों से भी जुड़ी हुई हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू हिंसा से प्रताड़ित एक महिला की मदद कर उसके परिवार को फिर से संभलने में सहायता की। उनके प्रयासों से उस महिला के पति ने शराब छोड़ दी और अब उनका घर सुचारु रूप से चल रहा है। उन्होंने बताया कि उन्हें महिलाओं व लड़कियों को प्रेरित करने के लिए कई संस्थाओं द्वारा व्याख्यान के लिए भी आमंत्रित किया जाता है। इसके अलावा सोलन में मिसेज हिमाचल इवेंट में एंकरिंग तथा विभिन्न कॉर्पोरेट कार्यक्रमों में भी व मंच संचालन कर चुकी हैं।

# नेरचौक मेडिकल कॉलेज की बदहाली पर जयराम ठाकुर का सरकार पर हमला

अनंत ज्ञान



लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए जयराम ठाकुर।

**ब्यूरो, मंडी।** पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के जंजैहली मंडल में आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026' के समापन सत्र में प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने नेरचौक मेडिकल कॉलेज की स्थिति को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार रोबोटिक सर्जरी की बातें कर रही है, जबकि अस्पताल का रेडियोलॉजी विभाग बंद पड़ा है और एमआरआई मशीन तक उपलब्ध नहीं है।

उन्होंने कहा कि बुनियादी जांच सुविधाओं और स्टाफ के बिना हाई-टेक योजनाओं की घोषणाएं केवल दिखावा हैं। जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार विकास के बजाय कर्ज बढ़ाने में लगी है और जनता को मूलभूत स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए भटकना पड़ रहा है। इस दौरान उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' और 'एकात्म मानववाद' के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की जनहितैषी नीतियों को लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने सराज के तीनों मंडलों के पूर्व कर्मचारी प्रकोष्ठ की परिचय व प्रशिक्षण बैठक को भी संबोधित किया।

# सरकाघाट कॉलेज में मनाया 41वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह

अनंत ज्ञान



विद्यार्थियों के साथ विधायक चंद्रशेखर। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** रवींद्रनाथ टैगोर राजकीय महाविद्यालय सरकाघाट का 41वां वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को उत्साह के साथ आयोजित किया गया। धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और समर्पण से अपने लक्ष्य हासिल करने का संदेश दिया।

विधायक ने छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना करते हुए गायन प्रस्तुत करने वाले चार छात्रों को एक-एक हजार रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कॉलेज पुस्तकालय भवन के निर्माण के लिए 60 लाख और पार्किंग सुविधा के लिए 12 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। साथ ही एमकॉम और एमएससी गणित की कक्षाएं शुरू करने का मुद्दा भी सरकार के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य डॉ. आरआर कौंडल ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में शिक्षा, खेल व सह-पाठयक्रम गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कुल 410 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

# नलवाड़ मेले की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट के बरछवाड़ में नलवाड़ एवं देवता मेले का आयोजन 28 मार्च से 3 अप्रैल तक किया जाएगा। मेले के सफल आयोजन को लेकर शनिवार को एसडीएम कार्यालय सरकाघाट में धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बरछवाड़ के नलवाड़ एवं देवता मेले को प्रशासन के दायरे में लाकर इसे उपमंडल स्तरीय मेले के रूप में मनाया जाएगा तथा एसडीएम सरकाघाट इस मेले के अध्यक्ष होंगे। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि मेले का भव्य आयोजन किया जाएगा तथा देवताओं की परंपरा और स्वरूप को भी यथावत बनाए रखा जाएगा। बैठक में मेले के सफल आयोजन के लिए विभिन्न उप-समितियों के गठन का भी निर्णय लिया गया। मेले के दौरान खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा। इसके अलावा मेले में तश्तरीला खेल भी शामिल किया जाएगा।

# सरकाघाट कन्या स्कूल में को-एजुकेशन शुरू करने को मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

अनंत ज्ञान



मुख्यमंत्री सुक्खू के साथ कांग्रेस नेता पवन ठाकुर।

**सरकाघाट।** नगर परिषद सरकाघाट के भविष्य और स्थानीय छात्रों की शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम सामने आया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं विधानसभा प्रत्याशी पवन ठाकुर के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात कर क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के पुनर्गठन से जुड़ी मांगें रखीं।

प्रतिनिधिमंडल ने सरकाघाट के राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला को सीबीएसई स्कूल में बदलने के प्रदेश सरकार के फैसले का स्वागत किया। पवन ठाकुर ने कहा कि इस कदम से क्षेत्र के बच्चों को आधुनिक और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा का अवसर मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री के समक्ष यह भी तर्क रखा कि राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला को बाल स्कूल के साथ मर्ज करना क्षेत्र के हित में नहीं होगा। उन्होंने बताया कि नगर परिषद क्षेत्र में करीब 15 हजार की आबादी है और सरकाघाट बाजार से 5 किलोमीटर के दायरे में दूसरा कोई सरकारी विद्यालय नहीं है। ऐसे में जो छात्र सीबीएसई के बजाय एनसीईआरटी (हिमाचल बोर्ड) के पाठ्यक्रम से पढ़ाई करना चाहते हैं, उनके लिए यह स्कूल एक महत्वपूर्ण विकल्प है। प्रतिनिधिमंडल ने सुझाव दिया कि कन्या स्कूल को बंद करने या मर्ज करने के बजाय वहां को-एजुकेशन शुरू की जाए, ताकि लड़कियों के साथ-साथ लड़कों को भी एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के तहत पढ़ाई का अवसर मिल सके।

## न्यूज ब्रीफ

### रेणुका मिस व कर्ण-तन्मय बने मिस्टर फेयरवेल

**अनंत ज्ञान ज्ञान, मंडी।** शिक्षा खंड द्रंग-1 की राजकीय प्राथमिक पाठशाला छाणंग व घरोन में शनिवार को फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। पांचवीं व आठवीं कक्षा के नौनिहालों के लिए आयोजित विदाई पार्टी में स्कूल के अन्य नौनिहालों ने हार पहनाकर व फूलों की बौछार कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान रेणुका को मिस, जबकि कर्ण व तन्मय को मिस्टर फेयरवेल के खिताब से सम्मानित किया गया। नौनिहालों ने डीजे की धुनों पर खूब डांस भी किया।



### शिक्षा मंत्री 11 मार्च को मंडी प्रवास पर रहेंगे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर आगामी सप्ताह मंडी जिला के दो दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं। प्रवास कार्यक्रम के अनुसार शिक्षा मंत्री 11 मार्च को प्रातः 10.30 बजे द्रंग विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला साहल के नवनिर्मित भवन तथा राजकीय डिग्री कॉलेज द्रंग के नए बने भवन का लोकार्पण करेंगे। इसके उपरांत वे द्रंग कॉलेज स्थित नारला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे। उनका रात्रि विश्राम जल शक्ति विभाग के बिजणी विश्राम गृह में होगा। शिक्षा मंत्री 12 मार्च को प्रातः 11 बजे राजकीय वल्लभ डिग्री कॉलेज मंडी के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्यातिथि भाग लेंगे और मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करेंगे। इसके उपरांत दोपहर बाद वे शिमला के लिए प्रस्थान करेंगे।

### स्वयं सहायता समूह सुदृढ़ करने का दिया प्रशिक्षण

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में सामुदायिक प्रेरकों के लिए स्वयं सहायता समूह की अवधारणा को बढ़ावा देने और सुदृढ़ बनाने विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बिलासपुर, हमीरपुर और ऊना जिलों से जाइका परियोजना के 22 सामुदायिक प्रेरकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका, कार्यप्रणाली, महिला समूहों के संगठन व सशक्तिकरण, बैठकों और वित्तीय अभिलेखों के मैन्युअल व डिजिटल रख-रखाव की जानकारी दी गई। साथ ही आजीविका संवर्धन, सूक्ष्म उद्यम, मूल्य संवर्धन और उत्पादों को बाजार से जोड़ने के उपायों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम में प्रधानाचार्या डॉ. प्राची सहित विभिन्न विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण प्रदान किया।

### रोपा कॉलोनी निवासी लीला देवी का निधन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल पेंशनर्स फैडरेशन, गोपालपुर के महासचिव जगदीश नरयाल की 70 वर्षीय पत्नी का शुक्रवार देर रात निधन हो गया। उन्हें उनके बेटे ने मुखाग्नि दी। फेडरेशन के प्रदेशध्यक्ष हिम्मत राम शर्मा, प्रधान रमेश ठाकुर, महासचिव दलीप ठाकुर, मेहर चंद गारला, अनुसूचित जाति , जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अतिरिक्त प्रदेश प्रैस सचिव व सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज, हिमाचल दिव्यांग कल्याण समिति के प्रदेशाध्यक्ष हरिदास प्रजापति, प्रकाश चौहान, प्रताप चौहान, कर्नल बलवंत बरारी इत्यादि कई लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए तथा उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### कन्या स्कूल में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (कन्या) सुंदरनगर में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रधानाचार्य लालमन चंदेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों के सहयोग से महिला दिवस का एक सैल्फी प्वाइंट बनाकर इस दिवस को एक यादगार दिवस बनाया गया। स्कूल विद्यालय समस्त महिला कर्मचारियों ने प्रधानात्चार्य का इस आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया। इस वर्ष के महिला दिवस की थीम गिव टू गेन के ऊपर छात्राओं ने रंगोली बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

# मंडी का डीएवी स्कूल बना जिले का पहला 'एआई-रेडी' स्कूल

अनंत ज्ञान



डीएवी मंडी को 'एआई-रेडी' स्कूल अवार्ड से नवाजते हुए।

**ब्यूरो, मंडी।** डिजिटल क्रांति के इस युग में शिक्षा के स्तर को आधुनिक तकनीक से जोड़ते हुए डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, जवाहर नगर मंडी ने एक और स्वर्णिम उपलब्धि अपने नाम की है। प्रतिष्ठित संस्थान जियो द्वारा विद्यालय को जिला मंडी का प्रथम 'एआई-रेडी स्कूल' होने का गौरवपूर्ण सम्मान प्रदान किया गया है।

यह मान्यता विद्यालय में 'एआई क्लासरूम फाउंडेशन कोर्स' को सफलतापूर्वक लागू करने और भविष्योन्मुखी शिक्षण प्रणाली को अपनाने के लिए दी गई है। फरवरी 2026 में प्राप्त यह प्रतिष्ठित प्रमाण-पत्र विद्यालय की नवाचार और डिजिटल साक्षरता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस विशेष पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्र न केवल किताबी ज्ञान हासिल कर रहे हैं, बल्कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के आधारभूत सिद्धांतों, मशीन लर्निंग और डिजिटल फ्लुएंसी जैसे आधुनिक कौशलों में भी निपुण हो रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य छात्रों को केवल तकनीक का उपभोक्ता बनाने के बजाय उन्हें एक सक्रिय क्रिएटर और इनोवेटर के रूप में तैयार करना है। प्रधानाचार्य केएस गुलेरिया ने कहा कि आज के समय में शिक्षा को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शी सोच, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को दिया।

# पूर्व सैनिकों की मांगों व समस्याओं पर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सीएपीएफ की मासिक बैठक सरकाघाट में आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र के पूर्व अर्द्धसैनिक बलों तथा उनके आश्रितों की मांगों पर विशेष रूप से चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की समस्याओं एवं लंबित मांगों पर विचार-विमर्श किया गया। संगठन के महासचिव ज्ञान चंद ठाकुर सहायक सेनानी ने कहा कि पूर्व सैनिकों से जुड़ी पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, रोजगार और अन्य कल्याणकारी मुद्दों को लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार से पत्राचार चला हुआ है और जल्दी उनकी यह मांगे पूरी होने वाली है। उन्होंने सभी आग्रह किया कि वह जल्दी से जल्दी अपनी रजिस्ट्रेशन करवा लें, ताकि उनके लिए ग्रॉसरी व मंदिरा की कैंटीन जल्दी से जल्दी लाई जाए। उन्होंने क्षेत्र के सभी पूर्व सैनिकों व उनके आश्रितों से आगामी बैठकों में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है, जिससे उनकी आवाज मजबूत रूप से प्रशासन व सरकार तक पहुंच सके। इस अवसर पर कमांडेंट बलबीर सिंह सस्वाल डिप्टी कमांडेंट संतराम, दिलीप सिंह गांधी, राम लाल सिंह, भागीरथ, बिशन दास, रविंद्र सिंह मौजूद रहे। यह जानकारी सेवानिवृत्त अर्द्धसैनिक बल (सीएपीएफ) के प्रदेश मीडिया प्रभारी विजय ठाकुर ने दी।

# धर्मपुर कॉलेज में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अनंत ज्ञान



स्वागत करते हुए। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजकीय महाविद्यालय धर्मपुर, जिला मंडी में राजनीति विज्ञान विभाग और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रो. शीतल भोपाल ने की और महिला अधिकारों व समानता के महत्व पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता के रूप में राजकीय महाविद्यालय नाहन की सेवानिवृत्त प्राचार्या डॉ. वीना राठौर ने महिलाओं की बहुकार्य क्षमता और उनकी भूमिका पर अपने विचार रखे। अंत में उन्हें स्मृतिचिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी की निरीक्षण टीम ने महाविद्यालय में स्थायी संबद्धता के संदर्भ में विभिन्न विभागों, प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा शैक्षणिक गतिविधियों की सराहना की।

वहीं, डॉ. रमेश धलारिया ने राजकीय महाविद्यालय बलद्वाड़ा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया।



# जोगिंद्रनगर का अतुल ठाकुर सेना में बना लेफ्टिनेंट

**अनंत ज्ञान, अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत लांगणा के परैण गांव के होनहार युवक अतुल ठाकुर ने भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर अपने परिवार, गांव और पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। अतुल ने कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण के बल पर यह प्रतिष्ठित मुकाम हासिल किया है, जिससे क्षेत्र में गर्व और खुशी का माहौल है। अतुल ने ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी, चेन्नई में कठोर सैन्य प्रशिक्षण पूरा किया। प्रशिक्षण के उपरांत आयोजित भव्य पासिंग आउट परेड में उन्होंने भाग लिया और भारतीय सेना में अधिकारी के रूप में नियुक्ति प्राप्त की। अतुल के पिता लाल सिंह पंचायत ऑडिटर के पद पर कार्यरत हैं, जबकि उनकी माता मनसा देवी एक गृहिणी हैं।

**रोष** | महिला दिवस की पूर्व संध्या पर धर्मपुर में निकाली पैदल यात्रा

# चिट्टे के खिलाफ महिलाओं की हुंकार

अनंत ज्ञान




चिट्टे के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करती हुईं महिलाएं। अनंत ज्ञान

**सरकाघाट।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर नशा मुक्ति अभियान समिति धर्मपुर व हिमाचल ज्ञानविज्ञान समिति के आह्वान पर धर्मपुर में महिलाओं ने चिट्टे के खिलाफ पैदल यात्रा निकाली, जिसका नेतृत्व बिमला हिंदोस्तानी, सुनीता बिष्ट, कंचना देवी, शोमा देवी, भूपेंद्र सिंह और ऋत्विक ठाकुर ने किया। आज के पैदल मार्च में महिला मंडलों,आंगनबाड़ी वर्करों, आजीविका मिशन से जुड़ी महिलाओं के अलावा साक्षरता और ज्ञान विज्ञान से जुड़े सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। पैदल मार्च बस स्टैंड से शुरू हुआ और बाईपास होता हुआ गांधीनगर व धर्मपुर मुख्य बाजार होता हुआ एसडीएम कार्यालय के बाहर समाप्त हुआ। जहां पर समिति पदाधिकारियों ने नशे की रोकथाम के लिए महिलाओं को एकजुट होकर अभियान चलाने का आह्वान किया गया।

समिति की सचिव सुनीता बिष्ट ने कहा कि आठ मार्च को महिला दिवस के मौके पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति मदर अगेंस्ट एडिक्शन-मां नाम से प्रदेशव्यापी अभियान शुरू करने जा रही है। जिसका उद्देश्य माताओं को अपने बच्चों को नशे से बचाने के लिए जागरूक व संगठित करना होगा। डॉ. वीना राठौर ने कहा कि धर्मपुर खंड में साक्षरता और ज्ञान विज्ञान समिति की पहल पर युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए मेराथन दौड़े, शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कैंप आयोजित किए हैं और पिछले दो महीने में पँचायत व गांव स्तर पर महिलाओं के दर्जनो कैंप आयोजित किए गए हैं और आने वाले समय में भी किए जाएंगे। समिति के संस्थापक सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि नशे की रोकथाम के लिए जनअभियान चलाने की आवश्यकता है और उस दिशा में धर्मपुर में अन्य जगहों की तुलना में बेहतर तरीके से अभियान चलाया जा रहा है। रैली के बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को दस सूत्रीय मांगपत्र भी भेजा गया।

# पंचायत लाइब्रेरी पधर में विद्यार्थियों को लक्ष्य तय कर मेहनत करने की दी प्रेरणा

**अनंत ज्ञान, कविता, पधर।** पंचायत लाइब्रेरी पधर में विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कैरियर मार्गदर्शन एवं प्रेरणा सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर माइंड ऑपरेशन अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर तथा एसडीएम पधर सुरजीत सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान राम प्रकाश ठाकुर ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफलता प्राप्त करने के लिए स्पष्ट लक्ष्य, सही रणनीति और निरंतर मेहनत अत्यंत आवश्यक है। जो विद्यार्थी नियमित रूप से अध्ययन करते हैं और समय का सही उपयोग करते हैं, वही जीवन में आगे बढ़ते हैं। उन्होंने छात्रों को लाइब्रेरी के शांत वातावरण का लाभ उठाकर एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की सलाह दी।

इस अवसर पर एसडीएम सुरजीत सिंह ने भी विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के समय में शिक्षा और मेहनत ही वह माध्यम है, जिसके जरिए कोई भी युवा अपने सपनों को साकार कर सकता है। एसडीएम ने यह भी कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी तो भविष्य में पुन ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और विद्यार्थियों को पढ़ाई की नई तकनीकों से अवगत कराने के लिए माइंड ऑपरेशन अकादमी के निदेशक राम प्रकाश ठाकुर को फिर आमंत्रित किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं इसका लाभ उठा सकें।

# मरीजों की सेवा ही सबसे बड़ी संतुष्टि : बीएमओ डॉ. अनुपम शर्मा

**बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में एक ऐसी महिला डॉक्टर भी कार्यरत हैं, जो ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के पद पर तैनात होने के बावजूद प्रतिदिन 80 से 100 मरीजों की जांच करती हैं। एक कुशल स्त्री रोग विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने कई जटिल मामलों को भी सफलतापूर्वक संभाला है। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में करीब दस वर्षों तक गायनोकोलॉजिस्ट के रूप में सेवाएं देने के बाद उनका प्रमोशन घुमारवीं में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर के पद पर हुआ। 'अनंत ज्ञान' के जिला प्रभारी अरुण डोगरा 'रीतू' ने उनसे विशेष बातचीत की। प्रस्तुत हैं बातचीत के प्रमुख अंश:-

***प्रश्न: आपको चिकित्सा क्षेत्र में आने की प्रेरणा कैसे मिली?***

**उत्तर:** मुझे डॉक्टर बनने की प्रेरणा बचपन में ही मिल गई थी। जब मैं लगभग आठ वर्ष की थी, तो बहुत बीमार पड़ गई और पीजीआई चंडीगढ़ में आईसीयू में भर्ती थी। वहां मैंने देखा कि डॉक्टर बार-बार मरीजों के पास जाकर उनकी परेशानी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं। उसी समय मैंने तय कर लिया कि मुझे भी डॉक्टर बनकर लोगों की सेवा करनी है।

***प्रश्न: आपने स्त्री रोग विशेषज्ञ बनने का फैसला क्यों किया?***

**उत्तर:** महिलाओं की कई ऐसी समस्याएं होती हैं, जिन्हें बताने में वे संकोच करती हैं। इस वजह से कई बीमारियां लंबे समय तक छिपी रह जाती हैं। मैंने सोचा कि अगर मैं गायनोकोलॉजिस्ट बनूंगी, तो महिलाएं खुलकर अपनी समस्याएं बता सकेंगी और उनका सही इलाज हो सकेगा।

***प्रश्न: क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में आपका कार्यकाल कैसा रहा?***

**उत्तर:** बिलासपुर के क्षेत्रीय अस्पताल में मेरा लगभग दस वर्षों का कार्यकाल बहुत अच्छा रहा। वहां पूरे स्टाफ का सहयोग मिला और लोगों से भी बहुत प्यार मिला। सच कहूं तो वहीं से मेरा आत्मविश्वास बना। बिलासपुर का क्षेत्रीय अस्पताल मुझे अपने घर जैसा लगता है।

***प्रश्न: अपने करियर का कोई ऐसा अनुभव जो आज भी याद हो?***

**उत्तर:** एक घटना मुझे आज भी याद है। क्षेत्रीय अस्पताल में एक महिला की डिलीवरी का मामला आया, जो बेहद जटिल था। स्थिति ऐसी थी कि या तो मां को बचाया जा सकता था या बच्चे को। उस समय परिवार को बताना पड़ा कि हम मां को बचाने की कोशिश करेंगे। बहुत नाजुक ऑपरेशन हुआ और अंततः महिला की जान बच गई। मैं पूरी रात सुबह तक उसके पास बैठी रही। यह अनुभव मेरे जीवन की यादगार घटना है।

***प्रश्न: ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ता है?***

**उत्तर:** ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अक्सर संकोची स्वभाव की होती हैं। कई बार उन्हें डॉक्टर के पास जाने से पहले परिवार से अनुमति लेनी पड़ती है। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अस्पताल तक पहुंचना भी मुश्किल होता है, जिससे बीमारी कई बार बढ़ जाती है।

***प्रश्न: गर्भावस्था के दौरान महिलाओं को क्या सावधानियां रखनी चाहिए?***

**उत्तर:** गर्भावस्था एक आशीर्वाद है, क्योंकि इसी दौरान एक नई जिंदगी जन्म लेती है। स्वस्थ बच्चे के लिए जरूरी है कि महिला समय पर हेल्थ वर्कर के पास पंजीकरण करवाए, पौष्टिक भोजन ले और नियमित जांच करवाती रहे।

***प्रश्न: नशे के बारे में आपका क्या संदेश है?***

**उत्तर:** नशा बहुत खतरनाक है और इसका महिलाओं पर ज्यादा असर पड़ता है, क्योंकि उनका शरीर पुरुषों से अलग होता है। इसलिए महिलाओं को नशे से पूरी तरह दूर रहना चाहिए।

***प्रश्न: समाज सेवा के संदर्भ में आप अपनी भूमिका को कैसे देखती हैं?***

**उत्तर:** सरकारी अस्पताल में काम करना अपने आप में समाज सेवा है, क्योंकि यहां अधिकतर वही लोग आते हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर होते हैं। अगर मेरी सलाह से किसी महिला के जीवन में सकारात्मक बदलाव आता है तो मुझे लगता है कि मेरा दिन सफल हो गया।

***प्रश्न: मेडिकल क्षेत्र में आने की इच्छुक लड़कियों को आप क्या संदेश देना चाहेंगी?***

**उत्तर:** मेडिकल क्षेत्र बहुत अच्छा है और लड़कियों को इसमें जरूर आना चाहिए। इस पेशे में समाज के उस वर्ग की सेवा करने का अवसर मिलता है जो अक्सर उपेक्षित रहता है। डॉक्टर को हमेशा मरीज को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी चाहिए।

***प्रश्न: महिलाओं के लिए आपका अंतिम संदेश क्या है?***

**उत्तर:** महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहना चाहिए और समय पर इलाज करवाना चाहिए। आजकल सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका भी उपलब्ध है, इसलिए महिलाओं को इसका लाभ जरूर उठाना चाहिए।

### महिलाओं में स्वास्थ्य से जुड़ी सबसे बड़ी समस्या क्या है?



**महिलाओं** में खून की कमी यानी एनीमिया सबसे बड़ी समस्या है। कई महिलाएं सही पोषण नहीं लेतीं और अपनी बीमारी छिपाती रहती हैं। इससे कुपोषण भी हो जाता है। आजकल बाहर के खाने का चलन बढ़ गया है, जिससे समस्याएं बढ़ रही हैं। अब कैंसर के मरीज भी आने लगे हैं, लेकिन समय पर पता चल जाए तो उसका इलाज संभव है।

बीएमओ डॉ. अनुपम शर्मा
अनंत ज्ञान विशेष बातचीत

# हिमाचल की बेटियों ने विश्व में बजाया प्रदेश का डंका

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष

अनंत ज्ञान

**राजेश शर्मा, ऊना।** हिमाचल प्रदेश की बेटियां आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं और खेल जगत में भी उनका प्रदर्शन किसी से कम नहीं है। खासकर कबड्डी के क्षेत्र में सिरमौर जिले की बेटियों ने विश्व स्तर पर अपनी धाक जमाकर प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।



पुष्पा राणा।

सिरमौर से जुड़ी पांच महिला खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है। इन खिलाड़ियों की सफलता हिमाचल की बेटियों और महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बन रही है। बीते वर्ष आयोजित विश्व कबड्डी चैंपियनशिप में भारतीय महिला टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाया। टीम की कमान सिरमौर की बेटी रितु नेगी के हाथों में थी, जिन्होंने कप्तान के रूप में भारतीय टीम का बेहतरीन नेतृत्व करते हुए टीम को एक भी मैच हारने नहीं दिया। उनके नेतृत्व में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। वहीं, टीम की उपकप्तान पुष्पा राणा ने भी हर मुकाबले में शानदार खेल प्रदर्शन किया और निर्णायक क्षणों में टीम को मजबूती प्रदान की। उनके अनुभव और आक्रामक खेल ने भारतीय टीम की जीत में अहम योगदान दिया। सिरमौर जिले के शिलाई क्षेत्र की एक और बेटी साक्षी शर्मा ने भी अपने बेहतरीन खेल से टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इन तीनों खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से न केवल हिमाचल का मान बढ़ा बल्कि विश्व मंच पर भारत की प्रतिष्ठा भी मजबूत हुई।

## कबड्डी की प्रमुख रेडर हैं पुष्पा राणा

**भारतीय** महिला कबड्डी टीम की उपकप्तान व हिमाचल प्रदेश की रहने वाली पुष्पा राणा टीम की प्रमुख रेडर मानी जाती है। उन्होंने वर्ष 2022 में चीन के हांगझोऊ में आयोजित एशियाई खेलों में भारतीय महिला कबड्डी टीम के साथ स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। यह पदक भारत का 100वां एशियाई पदक भी था। इसके अलावा वर्ष 2025 में बांग्लादेश के ढाका में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप में उपकप्तान के रूप में उन्होंने भारतीय टीम को खिताबी जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वर्ष 2025 में ईरान के तेहरान में आयोजित छठी एशियाई महिला कबड्डी चैंपियनशिप में भी उन्होंने उपकप्तान के रूप में टीम को स्वर्ण पदक दिलाया। पुष्पा राणा ने वर्ष 2019 में नेपाल में आयोजित दक्षिण एशियाई खेलों में भी भारत का प्रतिनिधित्व किया और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुमूल्य अनुभव हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर भी उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में पदक अपने नाम किए हैं। हिमाचल महिला कबड्डी टीम की कप्तान के रूप में उन्होंने लगातार तीन वर्षों तक राष्ट्रीय खेलों में जीत दर्ज कर टीम को हैट्रिक दिलाई।

## साई हॉस्टल धर्मशाला में मिली ट्रेनिंग

**सिरमौर** जिले के शिलाई क्षेत्र की रहने वाली पुष्पा राणा ने साई हॉस्टल धर्मशाला में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के दम पर उन्होंने खेल जगत में यह मुकाम हासिल किया है। आज वे हिमाचल की युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं।

## इंटरनेशनल खिलाड़ी को चाहिए पक्की नौकरी

**चार** बार अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी पुष्पा राणा ने प्रदेश सरकार से सम्मानजनक और पक्की नौकरी देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से कबड्डी से जुड़ी हुई हैं और पिछले 12 वर्षों के संघर्ष व मेहनत के बाद यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि माता-पिता व कोचों के आशीर्वाद से लगातार मेहनत करते हुए देश और प्रदेश के लिए पदक जीतने का सिलसिला जारी रखा है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों से भी धैर्य और समर्पण के साथ खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 56 करोड़ की 'प्रसाद योजना' से संवरेगा शक्तिपीठ

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** विश्व प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां चिंतपूर्णी मंदिर का सौंदर्यीकरण अब जल्द शुरू होने जा रहा है। केंद्र सरकार की 'प्रसाद योजना' के तहत मंदिर और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए 56 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है। एसडीएम चिंतपूर्णी पारस अग्रवाल ने बताया कि अधिग्रहित भूमि पर मौजूद दुकानों को हटाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं और लोक निर्माण विभाग इसे गिराने की जिम्मेदारी संभालेगा। प्रशासन ने परियोजना को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए शेड्यूल तैयार किया है। 10 मार्च को टेंडर के लिए विज्ञापन प्रकाशित होंगे और 24 मार्च को टेंडर खोले जाएंगे। इस विस्तारीकरण से श्रद्धालुओं को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी और धार्मिक पर्यटन के जरिए स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे।

### कार्यकर्ताओं को दिए संगठन व नीतियों के गुर

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** झंडूता विधानसभा क्षेत्र के बल्हसीणा स्थित खबड़ी माता मंदिर में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत दो दिवसीय शिविर शुरू हुआ। भाजपा शाहतलाई मंडल द्वारा आयोजित इस शिविर का शुभारंभ विधायक जीतराम कटवाल ने किया। पहले दिन सात सत्रों में कार्यकर्ताओं को पार्टी के इतिहास, विचारधारा, संगठनात्मक ढांचे और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं को डिजिटल माध्यमों (जैसे नमो ऐप, एआई) के इस्तेमाल का प्रशिक्षण भी दिया। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री पायल वैद्य, जिला अध्यक्ष कृष्णलाल चंदेल सहित कई वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। शिविर के अंतिम दिन रविवार को विधायक जीतराम कटवाल कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूती और समाज सेवा के टिप्स देंगे।

### गोल्ड मेडलिस्ट पहलवान अपर्णिता का सम्मान

**अनंत ज्ञान, शाहतलाई।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला व बाल विकास विभाग झंडूता द्वारा शाहतलाई में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महासचिव एवं झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने राज्य स्तरीय कुश्ती चैंपियनशिप में 50 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने वाली पहलवान अपर्णिता को सम्मानित किया। विवेक ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में प्रेरणा बन रही हैं व अपर्णिता ने अपनी मेहनत से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्होंने महिलाओं को सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी झंडूता ने भी अपर्णिता की उपलब्धि की सराहना करते हुए उसे अन्य बच्चों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कार्यक्रम में गणमान्य लोगों ने होनहार पहलवान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### आईटीआई ऊना में साक्षात्कार 10 मार्च को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** रोजगार की तलाश कर रहे युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) ऊना में 10 मार्च को रोजगार का अवसर मिलने जा रहा है। आईटीआई के प्रधानाचार्य इंजीनियर अंशुल भारद्वाज ने बताया कि इस दिन होंडा कार इंडिया लिमिटेड, राजस्थान द्वारा साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। इसमें फिटर, ऑटोमोबाइल, मशीनिस्ट, टर्नर, डीजल मैकेनिक, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन, ड्राफ्ट्समैन, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक तथा आर एंड एसी ट्रेड के 2022, 2023 और 2024 बैच के पासआउट प्रशिक्षु भाग ले सकते हैं। कंपनी को लगभग 250 अप्रेंटिस व 100 फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स की आवश्यकता है। अप्रेंटिस के लिए आयु 18 से 23 वर्ष तथा फिक्स्ड टर्म एसोसिएट्स के लिए 19 से 25 वर्ष निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक दस्तावेजों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### ऋण सुविधा के लिए तय होगा स्केल ऑफ फाइनेंस

**अनंत ज्ञान, बिलासपुर।** डीसी बिलासपुर राहुल कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की बैठक आयोजित की गई। हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक द्वारा आयोजित इस बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए स्केल ऑफ फाइनेंस निर्धारण पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य पालन व रेशम उत्पादन सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीसी ने कहा कि स्केल ऑफ फाइनेंस किसानों, बागवानों व पशुपालकों को बैंक ऋण उपलब्ध करवाने का महत्वपूर्ण आधार है, जिससे उन्हें फसल उत्पादन, बागवानी, डेयरी, मछली पालन जैसी गतिविधियों के लिए ऋण सुविधा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। बैठक में लिए गए निर्णयों और सिफारिशों को राज्य स्तरीय तकनीकी समिति के अनुमोदन हेतु भेजा जाएगा। अनुमोदन के पश्चात यह स्केल ऑफ फाइनेंस जिले में लागू कर दिया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बैंकिंग संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### छिंज समिति भड़ोली कलां की नई कार्यकारिणी गठित

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** छिंज समिति भडोली कलां की नवगठित कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति ने क्षेत्र में पारंपरिक कुश्ती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की है। नई कार्यकारिणी में बलदेव सिंह चंदेल को प्रधान नियुक्त किया गया है। उपप्रधान के रूप में शमशेर सिंह भडोल, जगदीश सिंह भडोल और राजकुमार शर्मा को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सचिव पद पर राकेश धीमान तथा सह सचिव के रूप में विक्रम सिंह कार्य करेंगे। कोषाध्यक्ष के पद पर राकेश चंदेल सह कोषाध्यक्ष अमन सिंह के रूप में नियुक्त किया गया है। मुख्य सलाहकार प्रताप सिंह भडोल समिति के मार्गदर्शकों में प्रकाश धीमान, रोशन कालिया और सुनील कालिया शामिल हैं। समिति द्वारा जानकारी दी गई कि 9 अप्रैल को छिंज से संबंधित सवाल (पहलवानों की एंट्री/पंजीकरण) आयोजित किया जाएगा, जबकि 10 अप्रैल को भव्य दंगल का आयोजन किया जाएगा। दंगल में दूर-दूर से नामी पहलवानों के भाग लेने की संभावना है। इसके साथ ही तीन बड़ी मालियों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे क्षेत्र में कुश्ती प्रेमियों के लिए विशेष आकर्षण रहेगा।

### महिला सशक्तिकरण व शिक्षा पर दीपशिखा ने दिया जोर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2026 के अवसर पर हिमोत्कर्ष महिला मंच ने संयुक्ता चौधरी महिला प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम आयोजित किया। अध्यक्ष दीपशिखा कौशल ने महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उप प्रधानाचार्य रंजू और कमला देवी को सम्मानित किया गया। परिषद द्वारा व्यावसायिक शिक्षा और उच्च शिक्षा के लिए कन्या महाविद्यालय, छात्रवृत्तियां और प्रशिक्षण कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनूपा ठाकुर ने कटिंग, टेलरिंग और फैशन डिजाइनिंग के नए बैच की जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्राओं ने भी विचार साझा किए।

# नागरिकों से कानून का पालन व आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की

**◆ नाबालिग दुष्कर्म मामले को लेकर जिला प्रशासन और सर्वधर्म मंच की बैठक**

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** तलाई थाना क्षेत्र में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना के बाद उत्पन्न परिस्थितियों व तनाव को देखते हुए शनिवार को जिला मुख्यालय बिलासपुर के बचत भवन में जिला प्रशासन तथा सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच के सदस्यों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है और इस मामले में आरोपी के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जा रही है। डीसी ने सभी नागरिकों से अपील की कि कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न लें तथा समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारा बनाए रखें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व पुलिस विभाग पूरी गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि पूरे क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। उपायुक्त ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश की जा रही है, जिनके विरुद्ध कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बैठक में पुलिस अधीक्षक संदीप धवल ने लोगों से आह्वान किया कि इस प्रकार की किसी भी घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि लोग किसी भी प्रकार की अफवाहों या भ्रामक सूचनाओं पर ध्यान न दें तथा शरारती तत्वों की बातों में न आएं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने दोषी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रशासन से सभी समुदायों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। समाज में शांति, सद्भाव व भाईचारा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# इंडोर स्टेडियम की दयनीय हालत को लेकर बैडमिंटन संघ ने डीसी को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिला बैडमिंटन संघ के सदस्यों में शामिल विभोर शर्मा, किरण कुमार, सुनील, विशाल, आदित्य मोहन कश्यप, विवेक गुप्ता, सक्षम शारदा, अभिनव गुप्ता, बृजेश कौशल, अक्षय गुप्ता, सनी और पंकज ठाकुर ने शहर के मुख्य खेल केंद्र कहलूर इंडोर स्टेडियम की दयनीय हालत पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए डीसी राहुल कुमार को ज्ञापन सौंपा तथा प्रशासन से इसकी तत्काल मरम्मत व नवीनीकरण की गुहार लगाई है। संघ सदस्यों का कहना है कि इस स्टेडियम में खेलना खिलाड़ियों के लिए जोखिम भरा काम है। संघ के प्रतिनिधियों का कहना है कि बिछी हुई सिंथेटिक मैट खराब हो चुकी है। यह मैट खिलाड़ियों के गंभीर चोटों का कारण भी बन सकती हैं। संघ ने बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा अनुमोदित नई मैट लगाने की मांग की है। स्टेडियम के कई एलईडी पैनल खराब हो चुके हैं।

# रामगढ़ धार में अवैध खैर कटान का भंडाफोड़

## 72 घंटे की कार्रवाई के बाद वन विभाग ने ट्राले सहित पकड़े वनकाटु



अवैध खैर के कटान में बरामद वाहन जब्त लकड़ी। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र के रामगढ़ धार क्षेत्र में वन विभाग ने अवैध खैर कटान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को ट्राले सहित रंगे हाथ पकड़ने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई जिला ऊना के डीएफओ सुशील राणा के नेतृत्व में की गई। विभाग की टीम पिछले तीन दिनों से क्षेत्र में गुप्त निगरानी कर रही थी और लगातार वन काटुओं की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।

जानकारी के अनुसार वन रक्षक प्रभारी मोमन्यार बीट सुशील कुमार अपनी टीम के साथ गश्त पर थे, तभी बौल पेट्रोल पंप के पास एक संदिग्ध पिकअप ट्राला दिखाई दिया। जांच में पाया गया कि ट्राले में अवैध रूप से खैर के 18 मोछे लोड किए जा रहे थे, जबकि 13 मोछे गाड़ी के पास जमीन पर पड़े थे। मौके पर शेर सिंह पुत्र रमेश चंद निवासी टांडा डाकघर, तहसील बंगाणा को पकड़ लिया गया, जबकि एक अन्य व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। ट्राला और लकड़ी को कब्जे में लिया गया। आरोपी और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ फॉरेस्ट एक्ट और इंडियन फॉरेस्ट एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। रेंज ऑफिसर खुरबाई फॉरेस्ट सर्कल संदीप कुमार ने बताया कि विभाग को रामगढ़ धार क्षेत्र में अवैध खैर कटान की शिकायतें मिली थीं। इसके बाद विशेष टीम गठित कर तीन दिन तक गुप्त निगरानी की गई। फॉरेस्ट गार्ड सिविल कपड़ों में इलाके में रेकी कर रहे थे। डीएफओ सुशील राणा ने कहा कि विभाग जंगलों को बचाने के लिए सतर्क है और अवैध कटान करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जंगलों को नुकसान पहुंचाने वालों को कोई भी बख्शा नहीं जाएगा। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अवैध खैर लकड़ी सरकारी जंगलों से काटकर ठेकेदारों तक पहुंचाई जाती थी, जिससे मोटी रकम मिलती थी। विभाग अब पूरे नेटवर्क का पता लगाने में जुटा हुआ है और आगे और भी लोगों के खिलाफ कार्रवाई की संभावना जताई है।

# चिंतपूर्णी में चैत्र नवरात्र मेला 19 से 27 मार्च तक

## मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में किया जाएगा विभाजित, 300 जवान रहेंगे तैनात



चिंतपूर्णी मेला को लेकर बैठक करते एसडीएम। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में चैत्र नवरात्र मेला 19 से 27 मार्च तक आयोजित होगा। यह जानकारी एसडीएम अंब पारस अग्रवाल ने बाबा श्री माईदास सदन के सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मेले के दौरान एसडीएम अंब मेला अधिकारी होंगे, जबकि डीएसपी अंब को पुलिस मेला अधिकारी नियुक्त किया गया है।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मेला क्षेत्र को चार सेक्टरों में विभाजित किया जाएगा और पुलिस व होमगार्ड के लगभग 300 जवान तैनात रहेंगे। मेले के दौरान मंदिर व मेला परिसर में सीसीटीवी कैमरों का समुचित उपयोग किया जाएगा। साथ ही मुबारिकपुर से भरवाईं तक साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर वातावरण मिल सके। श्रद्धालुओं के लिए चिंतपूर्णी अस्पताल में 24 घंटे आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इसके अतिरिक्त स्वास्थ्य व आयुर्वेद विभाग द्वारा एक-एक अतिरिक्त मेडिकल पोस्ट भी स्थापित की जाएगी।

जल शक्ति विभाग को स्वच्छ पेयजल की समुचित आपूर्ति तथा पेयजल स्रोतों की क्लोरीनेशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं विद्युत विभाग को भी मेले के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने को कहा गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मेलावधि के दौरान मंदिर में नारियल ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और मुख्य द्वार से पहले डीएफएमडी के पास नारियल जमा किए जाएंगे। एसडीएम ने बताया कि लंगर लगाने के लिए आयोजकों को लंगर कमेटी से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा। माता चिंतपूर्णी क्षेत्र में भिक्षावृत्ति पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा और इस पर पुलिस व होमगार्ड कड़ी नजर रखेंगे। बैठक में यातायात, पार्किंग, विद्युत व्यवस्था और सफाई व्यवस्था सहित अन्य प्रबंधों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में डीएसपी अंब अनिल पटियाल, डीएफएससी राजीव शर्मा, मंदिर अधिकारी अजय कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कनिष्का ने बढ़ाया हिमाचल का मान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** जिला बिलासपुर की बेटी कनिष्का ने भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी), नई दिल्ली से स्वर्ण पदक हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। 27 फरवरी को आयोजित संस्थान के 57वें दीक्षांत समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने उन्हें पीजी डिप्लोमा इन रेडियो एंड टेलीविजन जर्नलिज्म में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर गोल्ड मेडल प्रदान किया। 21 वर्षीय कनिष्का हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बिलासपुर की निवासी हैं और उनका पैतृक घर बरठीं में है। उन्होंने यह पाठ्यक्रम जेएनयू परिसर, नई दिल्ली से पूरा किया। कनिष्का पढ़ाई के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय रही हैं और कई नृत्य प्रतियोगिताओं में पुरस्कार जीत चुकी हैं। वर्ष 2022 में उन्होंने 'अमर उजाला मिस हिमाचल प्रिंसेस' का खिताब भी जीता था। उनकी माता नर्सिंग ट्यूटर और पिता सेवानिवृत्त सैनिक हैं। कनिष्का की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# वैश्विक युद्ध संकट का असर: हिमाचल में पेट्रोल-डीजल की 'क्रेडिट सुविधा' खत्म

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, बिलासपुर।** वैश्विक स्तर पर चल रहे युद्ध और कच्चे तेल की आपूर्ति में आ रही बाधाओं का असर अब हिमाचल प्रदेश में भी देखने को मिल सकता है।



हिमाचल प्रदेश पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुकुमार सिंह ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि तेल कंपनियों की बढ़ती वित्तीय कठिनाइयों के चलते प्रदेश में पेट्रोल और डीजल की क्रेडिट सुविधा पूरी तरह समाप्त कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने और कंपनियों को हो रहे घाटे के कारण यह निर्णय लिया गया है। पहले पेट्रोल पंप संचालकों को कंपनियों की ओर से 2 से 4 दिनों की उधार सुविधा मिलती थी, लेकिन अब यह व्यवस्था बंद कर दी गई है। सुकुमार सिंह ने कहा कि अब प्रदेश के सरकारी विभागों, निर्माण इकाइयों और निजी संस्थानों को भी पेट्रोल या डीजल उधार पर नहीं मिलेगा। पहले कई विभाग क्रेडिट सुविधा के तहत ईंधन लेकर अपने कार्य संचालित करते थे, लेकिन नई व्यवस्था में उन्हें अग्रिम भुगतान करना होगा। तेल कंपनियों ने अब 'कैश एंड कैरी' मॉडल लागू कर दिया है, जिसके तहत ईंधन लेने से पहले तत्काल भुगतान अनिवार्य होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक युद्ध और सप्लाई चेन में आ रही दिक्कतों के कारण प्रदेश के व्यापारिक और परिवहन तंत्र पर भी असर पड़ सकता है। यदि समय पर भुगतान की व्यवस्था नहीं हुई तो विकास कार्यों और परिवहन सेवाओं में बाधा आने की संभावना है।

**योगदान** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम, महिलाओं के सशक्तिकरण पर दिया बल

# बेटियों को शिक्षा व अवसरों में प्राथमिकता देना जरूरी: डीसी



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में उपस्थित डीसी जतिन लाल और अन्य गणमान्य। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**ऊना।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने कहा कि बेटियों को शिक्षा और अवसरों में प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है, ताकि वे अपने अधिकार प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने कहा कि जब बेटियां शिक्षित और सशक्त बनती हैं तो पूरा समाज प्रगति की ओर अग्रसर होता है।

वे शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऊना के लाला जगत प्रकाश नारायण कन्या महाविद्यालय, लालसिंगी में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव अनीता शर्मा विशेषातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उपायुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि महिलाओं का हमारे जीवन और समाज को सही दिशा देने में विशेष योगदान होता है। उन्होंने बेटियों को शिक्षित करने, उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें सशक्त बनाने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जब बेटियां शिक्षित होती हैं, तो पूरा समाज शिक्षित और प्रगतिशील बनता है। जीवन में जितने अवसर हम बेटों को प्रदान करते हैं, वैसे ही अवसर बेटियों को देकर उन्हें उनका अधिकार देना चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर अपने पैरों पर मजबूती से खड़ी हो सकें। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं और पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आगे बढ़ रही हैं। समाज के समावेशी विकास के लिए महिलाओं का आत्मनिर्भर और जागरूक होना अत्यंत आवश्यक है। इससे पहले डीसी ने महिला व बाल विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन भी किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ऊना की सचिव अनीता शर्मा ने कहा कि महिलाओं को शिक्षित होने के साथ-साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होना भी आवश्यक है। उन्होंने कानूनी सहायता, मध्यस्थता, समानता का अधिकार तथा महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी और महिलाओं को समाज में नेतृत्वकारी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। आयुष विभाग की डॉ. इंदु भारद्वाज ने महिला स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। इससे पहले बाल विकास परियोजना अधिकारी शिव कुमार ने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर जिला कार्यक्रम अधिकारी हरीश मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में विभिन्न आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर मॉडलिंग, 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' विषय पर स्किट तथा विभागीय योजनाओं पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पोषण अभियान के अंतर्गत तीन बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार करवाया गया तथा तीन गर्भवती महिलाओं की गोद भराई रस्म भी संपन्न करवाई गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली महिलाओं को भी पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सिंह, विभागीय अधिकारी, विभिन्न ब्लॉकों के सुपरवाइजर तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमावर्ती गगरेट में मजबूत होगी कानून व्यवस्था

**अनंत ज्ञान, गगरेट।** उपमंडल गगरेट में अब उपमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) का कार्यालय भी स्थापित किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की सात मार्च को हुई बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है। इस निर्णय के बाद उपमंडल गगरेट में लगभग सभी प्रमुख सरकारी कार्यालय उपलब्ध हो जाएंगे, जिससे प्रशासनिक व्यवस्था और अधिक मजबूत होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि इस संबंध में क्षेत्र के विधायक राकेश कालिया ने मुख्यमंत्री सुक्खू के समक्ष मामला उठाया था। पंजाब से सटे सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण यहां कानून व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए एक राजपत्रित पुलिस अधिकारी की नियुक्ति लंबे समय से आवश्यक मानी जा रही थी। गगरेट-होशियारपुर सड़क मार्ग को नशा तस्करों के लिए भी एक तरह का 'सिल्क रूट' माना जाता रहा है। अक्सर पंजाब से आने वाले असामाजिक तत्व यहां अपराध को अंजाम देकर आसानी से फरार हो जाते थे। ऐसे में अब एसडीपीओ कार्यालय स्थापित होने से पुलिस की निगरानी और कार्रवाई दोनों तेज होने की संभावना है, जिससे अपराध पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। उधर, एसडीपीओ कार्यालय की स्थापना के बाद यह उम्मीद भी मजबूत हुई है कि दौलतपुर पुलिस चौकी को भविष्य में पुलिस थाने का दर्जा मिल सकता है। गगरेट को यह महत्वपूर्ण सौगात मिलने पर क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अश्वनी ठाकुर, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, राकेश ठाकुर, रंजोध सिंह, राजेश ठाकुर, डॉ. पंकज, अजय पाल सिंह आदि कई लोगों ने इसे विधायक राकेश कालिया की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया है।

# कृषि सिंचाई योजना में प्रगति पर हुई विस्तृत चर्चा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** डीसी जतिन लाल ने अधिकारियों को ग्रामीण विकास योजनाओं को समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि मनरेगा में 38,394 कामगारों में से 37,953 की केवाईसी पूरी हो चुकी है और विकास कार्यों का 94 प्रतिशत पूरा हो गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत 933 व्यक्तिगत और 22 सामुदायिक शौचालय बनाए गए, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत 8080 हेक्टेयर भूमि सिंचित हुई और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 847 मकान बन चुके हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को समयबद्ध अपलोड और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## पोक्सो मामले में आरोपी को ठहराया दोषी, चार साल की सजा, 5000 रुपए लगाया जुर्माना

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, कुल्लू।** जिला न्यायवादी कुलभूषण गौतम ने बताया कि सत्र न्यायाधीश (पीओसीएसओ अधिनियम के तहत विशेष न्यायाधीश) प्रकाश चंद राणा की अदालत ने एक आरोपी संजय कुमा पुत्र चुन्नी लाल, निवासी ग्राम फागु, डाकघर धारा, तहसील भुंतर, जिला कुल्लू, हिमाचल प्रदेश को भारतीय दंड संहिता की धारा 354, 323 और पीओसीएसओ अधिनियम की धारा 8 के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया है।



धारा 354 के तहत दंडनीय अपराध के लिए, न्यायालय ने उसे 4 वर्ष के कठोर कारावास और 5000 रुपए के जुर्माने का दंड दिया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में न्यायालय ने आदेश दिया है कि दोषी को 1 वर्ष के साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के तहत दंडनीय अपराध के लिए, न्यायालय ने उसे 1 वर्ष के साधारण कारावास और 1000 रुपए के जुर्माने का दंड दिया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में, न्यायालय ने आदेश दिया है कि दोषी को 2 महीने की साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। पीओसीएसओ अधिनियम की धारा 8 के तहत दंडनीय अपराध के लिए उसे 4 साल के कठोर कारावास और 5000 रुपए का जुर्माना अदा करने का आदेश दिया गया। जुर्माने का भुगतान न करने की स्थिति में, माननीय न्यायालय ने आदेश दिया कि दोषी को 1 वर्ष की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामले के संक्षिप्त तथ्यों के अनुसार 16-अक्तूबर 2018 को पीड़िता बच्ची ने पुलिस को सूचना दी कि वह एक निजी स्कूल की नौवीं कक्षा में पढ़ती है और उसी दिन दोपहर लगभग 3:20 बजे जब वह स्कूल से लौट रही थी, तो आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने के इरादे से उसे चूमा और उसके वक्षस्थल छुए। आरोपी ने घटना के दौरान पीड़िता बच्ची को चोटें भी पहुंचाई। इस पर महिला पुलिस स्टेशन कुल्लू में एफआईआर संख्या 40/2018 दर्ज की गई। जांच पूरी होने पर आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। मामले की सुनवाई पूरी होने पर, न्यायालय ने आरोपी को दोषी पाया और उपर्युक्त सजा और जुर्माना सुनाया। इस मामले में आरोप साबित करने के लिए, अभियोजन पक्ष ने कुल 11 गवाहों से पूछताछ की।

# निगम के होटलों को संचालन व रखरखाव आधार पर देने के फैसले का किया विरोध

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को मनाली में प्रदेश अध्यक्ष हुक्म राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में निगम की विभिन्न इकाइयों से आए पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया तथा निगम से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान कर्मचारियों ने हाल ही में निगम प्रबंधन द्वारा लिए जा रहे निर्णयों पर अपने विचार रखे। विशेष रूप से 6 मार्च 2026 को जारी उस अधिसूचना पर गंभीर चर्चा की गई, जिसके माध्यम से निगम के कुछ होटलों को संचालन एवं रखरखाव आधार पर देने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कर्मचारी संघ ने इस निर्णय का कड़ा विरोध जताते हुए इसे निगम और कर्मचारियों के हितों के विपरीत बताया है। कर्मचारी संघ का कहना है कि जब निगम के कर्मचारी लगातार मेहनत करके संस्थान को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, ऐसे समय में निगम की इकाइयों को निजी हाथों में देना उचित नहीं है। संघ के अनुसार वर्ष 1972 में स्थापना के बाद पहली बार निगम की आय 100 करोड़ रुपये से अधिक हुई है, जो कर्मचारियों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। यदि प्रदेश के विभिन्न निगमों और बोर्डों की वित्तीय स्थिति पर नजर डाली जाए तो पर्यटन निगम घाटे के मामले में लगभग सातवें स्थान पर आता है और इसका घाटा करीब 36 करोड़ रुपये है। उनका कहना है कि यह घाटा भी मुख्य रूप से कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति देनदारियों के कारण है।

पिछले समय में प्रदेश को आपदा प्रभावित राज्य घोषित किया गया था। भारी बारिश के कारण सड़कों और आधारभूत ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा, जिससे पर्यटन गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। ऑपरेशन सिंदूर जैसी परिस्थितियों के कारण भी पर्यटन क्षेत्र प्रभावित हुआ, जिसका सीधा असर निगम की आय पर पड़ा। यदि सरकार घाटे को आधार बनाकर इस तरह के निर्णय लेती है तो पहले उन अन्य निगमों और बोर्डों की स्थिति पर भी विचार किया जाना चाहिए, जिन पर हजारों करोड़ रुपए का घाटा है। केवल पर्यटन निगम को निशाना बनाना उचित नहीं है। इसको लेकर कर्मचारी संघ का प्रतिनिधिमंडल पहले भी मुख्यमंत्री से मिल चुका है, जिसमें उन्हें आश्वासन दिया गया था कि निगम के होटलों को संचालन एवं रखरखाव आधार पर निजी हाथों में नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा निगम के अध्यक्ष आरएस बाली द्वारा भी समय-समय पर विभिन्न समाचार पत्रों और सामाजिक माध्यमों के जरिए यह आश्वासन दिया गया था कि निगम की किसी भी इकाई को निजी हाथों या बिचौलियों के माध्यम से संचालित नहीं किया जाएगा।

### विधानसभा सत्र में काले बिल्ले लगाकर जताएंगे रोष

**संघ** ने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्व में जब निगम की कुछ इकाइयों को निजी हाथों में दिया गया था, तब वहां कार्यरत कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति देनदारियों और अन्य वित्तीय दायित्वों का भुगतान अंततः निगम को ही करना पड़ा। वाइल्ड फ्लावर हॉल का मामला इसका उदाहरण है, जहां लगभग 80 से 100 कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति और अन्य देनदारियों का भुगतान निगम को करना पड़ा था। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कर्मचारी संघ इस निर्णय के विरोध में आगामी विधानसभा सत्र के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से विरोध दर्ज करेगा। जो भी कर्मचारी विधानसभा ड्यूटी पर उपस्थित होंगे, वे काले बिल्ले लगाकर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे और इस निर्णय के प्रति अपना विरोध जताएंगे।

### ◆ केवल पर्यटन निगम को निशाना बनाना उचित नहीं

## सार्वजनिक संपत्तियों के आवंटन में पारदर्शिता नियमों का पालन होना आवश्यक : गौतम ठाकुर

अनंत ज्ञान

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम द्वारा मनाली माल रोड स्थित मनाली मोमोज स्टॉल के आवंटन को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्तियों के आवंटन में पारदर्शिता और नियमों का पालन होना अत्यंत आवश्यक है, लेकिन जानकारी के अनुसार उक्त स्टॉल की लीज़ अवधि समाप्त होने के बाद बिना किसी सार्वजनिक विज्ञापन या टेंडर प्रक्रिया के उसी पुराने किरायेदार को दोबारा दे दिया गया है, जो नियमों के विरुद्ध प्रतीत होता है। गौतम ठाकुर ने कहा कि सरकार और पर्यटन निगम की संपत्तियां सार्वजनिक संपत्ति हैं और इन्हें आवंटित करते समय खुली बोली या टेंडर प्रक्रिया अपनाना आवश्यक होता है, ताकि सभी पात्र व्यक्तियों को समान अवसर मिल सके। यदि किसी भी प्रकार का विज्ञापन, नोटिस या खुली बोली नहीं करवाई गई है तो यह पारदर्शिता के सिद्धांतों के विपरीत है। मनाली और आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में स्थानीय बेरोजगार युवा रोजगार के अवसरों की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ऐसे में पर्यटन निगम और सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि अपने अधीन आने वाली दुकानों, बूथों और अन्य व्यावसायिक स्थानों को आवंटित करते समय स्थानीय युवाओं को भी समान अवसर प्रदान किया जाए। मनाली स्थित कुंजम होटल/क्लब हाउस परिसर सहित पर्यटन निगम की अन्य संपत्तियों के आवंटन की प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाया जाए और नियमानुसार खुली बोली अथवा टेंडर प्रक्रिया के माध्यम से ही इन्हें किराये पर दिया जाए। इससे न केवल पारदर्शिता सुनिश्चित होगी बल्कि स्थानीय युवाओं को भी रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। यदि पर्यटन निगम द्वारा स्थापित नियमों और प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया तो संबंधित पक्षों को न्यायालय का दरवाजा खटखटाने के लिए भी विवश होना पड़ सकता है। राज्य सरकार व पर्यटन निगम से आग्रह किया कि पर्यटन से जुड़े संसाधनों का उपयोग स्थानीय युवाओं के रोजगार सृजन के लिए किया जाए व इस दिशा में पारदर्शी तथा न्यायसंगत नीति अपनाई जाए।

## न्यूज ब्रीफ

### 8 से 10 व 13 से 15 मार्च तक बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, आनी।** बिजली मंडल आनी के अंतर्गत 22 केवी शवाड़ फीडर के स्पर फीडर शवाड-कोठी का 8 से 10 मार्च व 13 से 15 मार्च तक जरूरी रखरखाव किया जाना है। इसके चलते 8 से 10 मार्च व 13 से 15 मार्च तक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक रोपा, शेउल, शवाड़, थाच, शाहनी, निनवी, निंगलू, ठारवी, बशावल, कोठी, फरबोग, पकरेड़,पोखरी व आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली उपमंडल आनी के सहायक अभियंता अमर ठाकुर ने प्रभावित क्षेत्रों की जनता से सहयोग की अपील की है।

### 17 मार्च को आरटीए कुल्लू की विशेष बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** राजेश भंडारी, सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण कुल्लू ने कहा कि कुल्लू जिला के अंतर्गत 20 रूटों (जिनको एचआरटीसी यूनिट कुल्लू द्वारा सरेंडर करने का प्रस्ताव है) इसके संबंध में क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण (आरटीए) कुल्लू की विशेष बैठक 17 मार्च को प्रातः 11 बजे क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, कुल्लू के कार्यालय में होनी सुनिश्चित हुई है। इसलिए सभी आवेदकों से निवेदन है कि वे अपने आवेदन पत्रों सहित अधोहस्ताक्षरी के कार्यायल में उपस्थित हों। क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, कुल्लू की बैठक में केवल उपरोक्त नए स्टेज कैरिज रूटों से संबंधित मामलों पर ही विचार विमर्श व निर्णय लिया जाएगा।

### लाहौल घाटी में पटरी पर लौटा जनजीवन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** सर्दियों में हिमपात के कारण लाहौल घाटी में अस्त व्यस्त हुआ जन जीवन पटरी पर लौट आया है। नौ मार्च को लाहौल घाटी के भीतर अधिकतर लोकल रूटों पर बस सेवा शुरू होने जा रही है। एचआरटीसी ने बसों की समय-सारिणी जारी कर दी है। दिल्ली के लिए वीरवर से बस सेवा शुरू कर दी गई है, जबकि शिमला सहित कुल्लू व किलाड से केलंग के लिए बस सेवा नौ मार्च से शुरू होने जा रही है। 22 जनवरी से घाटी के भीतर भारी हिमपात होने से बस सेवाएं बंद हो गई थी। केलंग कुल्लू के बीच पहले ही बस सेवा शुरू कर दी थी जबकि घाटी में नौ मार्च से सेवाएं शुरू करने की तैयारी है। इससे पहले वीरवार को एचआरटीसी ने 82 दिन के बाद केलंग-दिल्ली के बीच बस सेवा शुरू की है। इस रूट पर निगम के केलंग डिपो ने 12 दिसंबर 2025 से बस सेवा बंद कर दी थी। यह बस सेवा कुल्लू-दिल्ली के बीच चल रही थी अब बस दिल्ली-केलंग के बीच चल पड़ी है। एचआरटीसी केलंग डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक अंचित शर्मा ने बताया कि पूर्व में जो बस 10:30 बजे केलंग से कुल्लू तक जाती थी वह गुरुवार से सीधी दिल्ली के लिए रवाना कर दी है। विधायक लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने कहा कि लाहौल के अधिकतर रूट पर बस सेवा शुरू कर ली गई है तथा बसों की संख्या को बढ़ा दिया गया है जिसकी समयसारिणी सोमवार नौ मार्च से निर्धारित की गई है। शेष रूट पर भी लोक निर्माण विभाग से फिटनेस लेते हुए जल्द से जल्द बसों की सेवा को शुरू करने के निर्देश विभाग को दिए गए हैं।


### पीएनबी जगतसुख में संदिग्ध व्यक्ति ने की तोड़फोड़

**अनंत ज्ञान, मनाली।** मनाली के साथ लगते जगतसुख गांव में पीएनबी के एटीएम में संदिग्ध व्यक्ति द्वारा तोड़फोड़ का मामला प्रकाश में आया है। पीएनबी जगतसुख के मैनेजर हरिंद्र चौहान ने बताया कि गत रात्रि कोई संदिग्ध व्यक्ति बैंक के आसपास घूम रहा था। यह संदिग्ध व्यक्ति रात को एटीएम में घुस गया और एटीएम में तोड़फोड़ कर दी। हालांकि, चोर कुछ भी ले जाने में सफल नहीं हुआ, लेकिन उसने एटीएम को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने बताया कि एटीएम में चोरी का प्रयास करने वाले संदिग्ध व्यक्ति पर मनाली थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि पीएनबी बैंक जगतसुख की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। उन्होंने बताया कि संदिग्ध व्यक्ति जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होगा।

## संयुक्त संघर्ष समिति के पास विधानसभ चुनाव में 'प्रत्याशी' उतारने का एकमात्र 'विकल्प' : गुलशन

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ ने पेंशनर्स की 'संयुक्त संघर्ष समिति' द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में हर सीट पर प्रत्याशी उतारने की घोषणा का स्वागत किया है।



संघ के प्रदेशाध्यक्ष एलआर गुलशन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, महासचिव मिलाप चंद सहित अन्य पदाधिकारियों ने कहा कि पेंशनर्स और कर्मचारियों के हितों को विधानसभा में मजबूती से आवाज़ दिलाने के लिए यह कदम महत्वपूर्ण है। हिमाचल प्रदेश पेंशनभोगी संघ और अन्य समान विचारधारा वाले संगठनों के पास दमदार प्रत्याशी हैं, जो करीब साढ़े चार लाख कर्मचारियों, पेंशनरों और लगभग 40 लाख मतदाताओं के समर्थन से विधानसभा में जीत दर्ज करने में सक्षम होंगे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि यदि प्रदेश के लाखों पेंशनर, कर्मचारी और आम मतदाता 'संयुक्त संघर्ष समिति' के संभावित प्रत्याशियों को विधानसभा भेजते हैं, तो पेंशनरों, कर्मचारियों और आम जनता की आवाज को प्रभावी ढंग से बुलंद किया जा सकेगा। राज्य में सत्तारूढ़ सरकारें लगातार पेंशनरों और कर्मचारियों के हितों की अनदेखी करती रही हैं। मार्च 2022 में तत्कालीन जयराम सरकार ने जनवरी 2016 से संशोधित वेतनमान का केवल 50 हजार रुपए का एरियर दिया, जबकि वर्तमान सुक्खू सरकार ने पिछले तीन सालों में पेंशनरों और कर्मचारियों को उनकी लंबित वित्तीय देनदारियों में कोई राहत नहीं दी। ऐसे हालात में विधानसभा चुनाव में अपने प्रत्याशी उतारना पेंशनर्स का एकमात्र विकल्प बन गया है। पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा दी गई चुनौती को स्वीकार करने का सही समय अब आया है।सरकार की रीढ़ कहलाने वाले कर्मचारियों और पेंशनर्स के दुख तकलीफों को केवल संयुक्त संघर्ष समिति के चुने हुए प्रतिनिधि ही समझ सकते हैं।

## आनी कॉलेज में चला प्लास्टिक फ्री कैंपस अभियान

**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय आनी में शनिवार को इको क्लब द्वारा 'प्लास्टिक फ्री कैंपस' अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत इको क्लब के सदस्यों ने कॉलेज परिसर में फैले प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया तथा पूरे कॉलेज कैंपस की सफाई की। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दायक राम ठाकुर सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने परिसर को स्वच्छ रखने का संकल्प भी लिया। इको क्लब की समन्वयक प्रोफेसर पुष्पा गुलेरिया ने कहा कि इको क्लब समय-समय पर कॉलेज में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान व प्लास्टिक फ्री कैंपस जैसी पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियां आयोजित करता रहता है। उन्होंने छात्रों के माध्यम से आम जनता से भी अपील की कि प्लास्टिक को इधर-उधर न फेंकें। कॉलेज परिसर ज्ञान का केंद्र होता है, इसलिए इसे स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के लिए समुदाय अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक : डीसी

अनंत ज्ञान

**केलांग।** ओल्ड सर्किट हाउस, केलांग के प्रांगण में शिक्षा के क्षेत्र में समुदाय की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीसी लाहौल-स्पीति किरण भड़ाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

कार्यक्रम में शिक्षा से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श के साथ-साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यातिथि के पारंपरिक टोपी खतक के साथ स्वागत से हुई। इसके पश्चात मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डीएलएड के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को एक गरिमामयी शुरुआत प्रदान की। कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक (क्वालिटी कंट्रोल )द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया,



जबकि कार्यक्रम के समन्वयक प्रेम जीत ने कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय केलांग के रसायन विज्ञान के व्याख्याता आनंद ने नई शिक्षा नीति-2020 (नैप-2020) के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षकों और समुदाय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में डीएलएड विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक पहाड़ी नृत्य ने उपस्थित जनसमूह का विशेष आकर्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त जीपीएस जुंडा के जेबीटी शिक्षक दिनेश कुमार ने स्कूल प्रबंधन समितियों की भूमिका व जिम्मेदारियों पर विस्तृत जानकारी देते हुए विद्यालयों के विकास में समुदाय की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में जीपीसीएस लोट के एसएमसी सदस्यों द्वारा अतिथि प्रस्तुति के रूप में सांस्कृतिक नृत्य भी प्रस्तुत किया गया, जिसने कार्यक्रम को और अधिक जीवंत बना दिया। मुख्यातिथि किरण भड़ाना ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार लाने के लिए समुदाय, अभिभावकों और स्कूल प्रबंधन समितियों की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने नई शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए शिक्षकों, विद्यार्थियों व समाज के बीच समन्वय को और मजबूत करने की आवश्यकता

## यूजीसी कानून देश में भेदभाव को दे रहा बढ़ावा : अमर

### यूजीसी रेगुलेशन व ईयू के साथ प्रस्तावित एफटीए के विरोध में रैली

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी तथा देवभूमि क्षत्रिय संगठन के संयुक्त तत्वावधान में कुल्लू में यूजीसी रेगुलेशन व यूरोपियन यूनियन के साथ प्रस्तावित फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) के विरोध में एक विशाल रैली और प्रदर्शन आयोजित किया गया। रैली का उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा लाए गए यूजीसी रेगुलेशन को वापस लेने तथा ऐसे समझौतों का विरोध करना था, जो देश के छात्रों, शिक्षण संस्थानों व स्थानीय उद्योगों के हितों को प्रभावित कर सकते हैं। रैली को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रस्तावित यूजीसी रेगुलेशन से शिक्षा व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि यह छात्रों और शिक्षकों के अधिकारों के साथ-साथ संविधान में दिए गए समानता व अवसर के अधिकारों के भी विरुद्ध है। साथ ही यूरोपियन यूनियन के साथ होने वाला फ्री ट्रेड एग्रीमेंट हिमाचल प्रदेश की कृषि और फल उत्पादक अर्थव्यवस्था पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। इस मौके पर राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ अमर





यूजीसी कानून के विरोध में राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी तथा देवभूमि क्षत्रिय संगठन के सदस्य प्रदर्शन करते हुए। अनंत ज्ञान

ठाकुर ने कहा कि जब तक यूजीसी रेगुलेशन को पूर्ण रूप से वापस नहीं लिया जाता, तब तक पार्टी व सहयोगी संगठन लोकतांत्रिक तरीके से अपना विरोध जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों, शिक्षकों और किसानों की चिंताओं को गंभीरता से लेना चाहिए। रैली में डीआर ठाकुर (जिला कुल्लू अध्यक्ष, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी), बबलू ठाकुर (महासचिव, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी कुल्लू), तेज सिंह ठाकुर (उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी कुल्लू), गोपाल कृष्ण ठाकुर (मंडल अध्यक्ष, मनाली), अजय ठाकुर (प्रदेश मीडिया प्रभारी, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी), रविंदर कुमार (अध्यक्ष, देवभूमि क्षत्रिय संगठन कुल्लू) तथा हाकमी देवी (उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी) सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और आम नागरिक उपस्थित रहे। अंत में प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की कि यूजीसी रेगुलेशन को तुरंत वापस लिया जाए तथा ऐसे किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से पहले राज्यों व प्रभावित वर्गों से व्यापक विचार-विमर्श किया जाए।

## हिमफेड के डिपो से म्यूरेट ऑफ पोटाश व यूरिया गायब : प्रेम शर्मा

अनंत ज्ञान

**पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों के लिए एक बार फिर मुश्किल खड़ी हो गई है।

सेब के पौधों में पोटाश डालने के सबसे उपयुक्त समय पर म्यूरेट ऑफ पोटाश की भारी किल्लत देखी जा रही है। हिमफेड के केंद्रों में पिछले एक महीने से म्यूरेट ऑफ पोटाश व यूरिया खाद उपलब्ध न होने के कारण बागवानों का काम बीच में ही अटक गया है। जनवरी में हुई बारिश व बर्फबारी के बाद वर्तमान में जमीन में खाद डालने के लिए पर्याप्त नमी बनी हुई है। हालांकि, लंबे सूखे के बाद फिर से बारिश न होने के कारण यह नमी तेजी से खत्म हो रही है। बागवानों का कहना है कि यदि अभी खाद नहीं डाली गई, तो पौधों के पोषण व आने वाली फसल की गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ेगा। कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान प्रेम शर्मा ने कहा कि खाद की उपलब्धता जानने के लिए जब हिमफेड के चेयरमैन को फोन किया गया, तो उन्होंने कॉल रिसीव करना तक मुनासिब नहीं समझा।

### अधर में लटका बागवानों का काम

**हिमफेड** के वितरण केंद्रों में इस समय केवल सुपर फॉस्फेट और 16:16:16 खादें ही उपलब्ध हैं, जबकि इस समय के लिए सबसे जरूरी खादें पोटाश और यूरिया उपलब्ध ही नहीं है। खादों की किल्लत के चलते कुल्लू घाटी के सैकड़ों बागवान खाद के इंतजार में डिपो के चक्कर लगा रहे हैं। समय रहते खाद न मिलने से न केवल सेब के साइज और रंग पर असर पड़ेगा, बल्कि बागवानों की आर्थिक स्थिति भी प्रभावित होगी।

एक तरफ केंद्र सरकार किसानों की आय दोगुनी करने का दावा करती है, वहीं दूसरी तरफ खाद के दामों में बेतहाशा वृद्धि की जा रही है। बढ़ती कीमतों के बावजूद बागवानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है, जो विभाग की लापरवाही को दर्शाता है। बागवान समय की मार झेल रहे हैं। नमी रहते खाद डालना जरूरी है, लेकिन डिपो खाली पड़े हैं। ऐसे में सरकार के दावे खोखले नज़र आते हैं।

## 10 मार्च को मनाली में फूड सेफ्टी प्रशिक्षण शिविर

**अनंत ज्ञान, मनाली।** सहायक आयुक्त, खाद्य सुरक्षा कुल्लू अनिल शर्मा ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के अंतर्गत खाद्य व्यवसाय संचालकों द्वारा सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए एफएसएसएआई द्वारा (फूड सेफ्टी ट्रेनिंग एंड सर्टिफिकेट )कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी कड़ी 10 मार्च 2026 को होटल न्यू अंबिका इंटरनेशनल, मॉल रोड, मनाली में प्रातः 10:30 बजे से फोस्टैक प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। फोस्टैक प्रशिक्षण का उद्देश्य खाद्य व्यवसायियों को खाद्य स्वच्छता, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छ क्रॉस कंटेमिनेश नेन से बचाव, तापमान नियंत्रण, स्वच्छता मानक, पंजीकरण/लाइसेंसिंग नियमों तथा खाद्य सुरक्षा कानूनों की जानकारी देन ताकि वे अपने व्यवसाय में उच्च गुणवत्ता और सुरक्षा बनाए रख सकें। यह प्रशिक्षण एफएसएसएआई द्वारा मान्यता प्राप्त तृतीय पक्ष के माध्यम से किया जाएगा, जो इस क्षेत्र में प्रशिक्षित एवं अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा संचालित किया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि इस प्रशिक्षण में अधिक से अधिक खाद्य व्यवसाय संचालक की भागीदारी लें।

## भुट्टिको सभागार में हर्षोल्लास से मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

अनंत ज्ञान

**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को बतौर मुख्य अतिथि पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रेम लता ठाकुर ने शिरकत की जिसमें भुट्टिको में कार्यरत सैंकड़ों महिलाओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।





मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए पूर्व मंत्री एवं भुट्टिको के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ठाकुर ने अपने सम्बोधन में सभी महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि आज की महिलाएँ पुरुषों की तुलना में किसी भी तरह से कम नहीं हैं अपितु बड़े बड़े पदों पर आज महिलाओं ने अपनी योग्यता साबित कर एक नई मिसाल पेश की है। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ महिला बुनकर के लिए पूनम, सफल सहकार के लिए ईंद्रा देवी, उत्कृष्ट महिला कर्मचारी कला देवी, सर्व समावेशी महिला बुनकर निर्मला देवी, और प्रेरक महिला बुनकर के लिए डोलमा देवी को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रेमलता ठाकुर ने अपने सम्बोधन में कहा कि वास्तव में पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की एक लम्बे समय तक अनदेखी हुई है जिसे समय के बदलाव उपरांत आज हम नए स्वरूप और रूप में देख रहे हैं।

समाज में आज महिलाओ को जो दर्जा मिला है, इसे प्राप्त करने के लिए हमें एक लम्बे समय का इंतजार करना पड़ा है। हमें आज खुशी हो रही है कि हम महिलाएं आज समाज और परिवार में एक स्वतंत्र और विकसित भाव से जीवन यापन कर रही हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने भुट्टिको सभागार में रंगारंग प्रस्तुतियां पेश कर कार्यक्रम को गरिमामयी बनाया।

**खतरा** बागवानी और पर्यटन बचाने के लिए ग्रीन टैक्स के सही उपयोग की उठी मांग

# कुल्लू-मनाली की अर्थव्यवस्था पर मंडराया संकट

अनंत ज्ञान

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण व स्थानीय आजीविका को बचाने के लिए जुजुराना फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने सरकार के समक्ष एक महत्वपूर्ण मांग पत्र रखा है।

कंपनी के बोर्ड सदस्य व निदेशक मोहिंदर उपाध्याय ने मुख्यमंत्री, वन मंत्री व स्थानीय प्रशासन को भेजे गए इस प्रतिवेदन में चेतावनी दी है कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले 10 वर्षों में जिले की पूरी अर्थव्यवस्था ध्वस्त हो सकती है। मोहिंदर उपाध्याय ने स्पष्ट किया कि कुल्लू जिले की पूरी अर्थव्यवस्था दो मुख्य आधारों पर टिकी है: हॉर्टिकल्चर (बागवानी) और टूरिज्म (पर्यटन)। जिले की लगभग 75 फीसदी अर्थव्यवस्था अकेले बागवानी क्षेत्र से आती है। उन्होंने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा, 'ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के कारण बागवानी व पर्यटन, दोनों पर ही विपरीत असर पड़ना शुरू हो चुका है। बेमौसम बारिश, लंबे समय तक सूखा, बाढ़ व भूस्खलन जैसी आपदाएं अब आम हो गई हैं यदि सरकार ने समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया, तो अगले 10 सालों में हमें इसके बेहद गंभीर व विनाशकारी परिणाम भुगतने पड़ेंगे।' उन्होंने जोर देकर कहा कि पर्यावरण में आ रहा यह तनाव सीधे तौर पर खाद्य सुरक्षा व स्थानीय निवासियों की आर्थिक सुरक्षा को खतरे में डाल रहा है।

### वाहनों से वसूले जा रहे ग्रीन टैक्स के पारदर्शी उपयोग की मांग

**प्रतिनिधित्व** पत्र में ग्रीन टैक्स के उपयोग को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। उपाध्याय का कहना है कि मनाली में प्रवेश करने वाले वाहनों से ग्रीन टैक्स तो वसूला जा रहा है, लेकिन इसका प्रभावी उपयोग स्थानीय पारिस्थितिकी को सुधारने में नहीं दिख रहा है। उन्होंने सरकार से निम्नलिखित चार प्रमुख मांगें की हैं।

### राजस्व का आवंटन

**ग्रीन** टैक्स से होने वाली कुल कमाई का कम से कम 50 फीसदी हिस्सा विशेष रूप से कुल्लू जिले के भीतर पारिस्थितिक बहाली के लिए आरक्षित किया जाए।

### प्राथमिकता वाले कार्य

**पौधरोपण** के नाम पर केवल खानापूर्ति न हो, बल्कि स्थानीय और जलवायु-अनुकूल पौधों को लगाया जाए। साथ ही नदी तटों के संरक्षण और पारिस्थितिकी-आधारित सुधार कार्यों को प्राथमिकता दी जाए।

### समय रहते नीतिगत बदलाव की जरूरत

**उपाध्याय** ने अपने पत्र में स्पष्ट किया है कि अत्यधिक वाहनों के दबाव व अनियमित पर्यटन के कारण कुल्लू की उपजाऊ मिट्टी, जंगलों, नदियों व जैव विविधता को अपूरणीय क्षति हो रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण, टिकाऊ पर्यटन और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए जल्द ही ठोस प्रशासनिक और नीतिगत कार्रवाई करेगी।

### पारदर्शिता और ऑडिट

**ग्रीन** टैक्स के पैसे का उपयोग कहां और कैसे हो रहा है, इसके लिए एक पारदर्शी निगरानी, ऑडिटिंग और सार्वजनिक प्रकटीकरण तंत्र स्थापित किया जाए, ताकि जनता को वास्तविकता का पता चल सके।

### स्थानीय भागीदारी

**पर्यावरण** संरक्षण के किसी भी कार्य में स्थानीय संस्थाओं जैसे फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियों, पंचायतों, किसान समूहों और मधुमक्खी पालक समूहों की भागीदारी अनिवार्य की जाए।

## ढालपुर मैदान में रस्साकशी प्रतियोगिता महिलाओं ने दिखाई ताकत व एकजुटता

अनंत ज्ञान



**कुल्लू।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर महिला व बाल विकास विभाग की ओर से ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

इस दौरान आयोजित रस्साकशी प्रतियोगिता में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी ताकत, उत्साह और एकजुटता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से आए महिला मंडलों और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया। रस्साकशी प्रतियोगिता के दौरान मैदान में काफी उत्साह का माहौल देखने को मिला। महिलाओं की टीमों ने पूरे जोश और उमंग के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग भी ढालपुर मैदान में मौजूद रहे। दर्शकों ने तालियों और जयकारों के साथ प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया, जिससे मैदान में उत्सव जैसा माहौल बन गया। कार्यक्रम के पर्यवेक्षक अंकेश अवस्थी ने बताया कि रस्साकशी प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इसमें उशलीधार की परमेश्वरी महिला मंडल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया, जबकि रोपड़ी महिला मंडल दूसरे स्थान पर रहा। इसके अलावा कार्यक्रम में अन्य रोचक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। मटका फोड़ प्रतियोगिता में आंगनबाड़ी हेल्पर भुंतर की भावना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, थ्री लेग्स रेस प्रतियोगिता में प्रेम लता और रीना की जोड़ी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि ओमा और कमला दूसरे स्थान पर रहीं। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर आयोजित इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य महिलाओं को प्रोत्साहित करना, उनकी प्रतिभा को मंच प्रदान करना और समाज में उनकी भागीदारी को मजबूत बनाना था।

## मेहनत : नाहन के सुशांत चौहान ने यूपीएससी में प्राप्त किया 649 रैंक

अनंत ज्ञान



**नाहन।** शहर एक होनहार छात्र सुशांत चौहान ने यूपीएससी के शुक्रवार को घोषित नतीजों में 649 रैंक प्राप्त किया है। कड़ी मेहनत और लगन के बलबूते पर सुशांत ने यह मुकाम हासिल किया है। शिक्षा उपनिदेशक उच्च नाहन में कार्यरत अधीक्षक भूपेंद्र चौहान का यह लाडला स्कूल टाइम से ही मेधावी छात्रों में शुमार रहा है। सुशांत ने शमशेर वरिष्ठ माध्यमिक नाहन से प्लस टू किया और बाद उच्च शिक्षा के लिए दिल्ली के कॉलेज में दाखिला लिया। करीब दो साल यूपीएससी की तैयारी कर और आज सफलता पाई। सुशांत ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व उन शिक्षकों को दिया जिनसे शिक्षा ग्रहण की।

## ताक पर नियम : हियोणा खड्ड में बना दी चेक पोस्ट

### समाजसेवी नाथूराम चौहान का आरोपः चेक पोस्ट, धर्मकांटे का निर्माण नियमों के विपरीत

अनंत ज्ञान

**नाहन।** सिरमौर जिला में नदी-नालों के किनारे हो रहे निर्माण कार्य को लेकर एक बार फिर सवाल उठने लगे हैं। समाजसेवी नाथूराम चौहान ने नियमों को ताक पर रखकर किए जा रहे निर्माण को लेकर उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान पर निशाना साधा है। उनका आरोप है कि मंत्री के ही विधानसभा क्षेत्र में नियमों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। समाजसेवी नाथूराम चौहान ने आरोप लगाया है कि एनएच 707 पांवटा साहिब लालर ढंग हाटकोटी मार्ग पर हियोणा खड्ड में खनन विभाग द्वारा चेक पोस्ट और धर्म कांटे का निर्माण किया गया है, जो नियमों के विपरीत है।

### यहां निर्माण करना खतरनाक...

**बरसात** के समय इस क्षेत्र में करीब 15 हजार फुट की ऊंचाई से पानी गिरता है, जिससे यहां निर्माण करना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र जैव विविधता की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है, जहां दुर्लभ प्रजाति के पशु-पक्षी और वनस्पतियां पाई जाती हैं। ऐसे में यहां किए जा रहे निर्माण से पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच सकता है। उनका कहना है कि चेक पोस्ट के निर्माण से स्थानीय लोगों की जमीन और पुराने घराटों को भी खतरा पैदा हो सकता है।

### वर्ष 2023/25 आपदा में सरकार का निर्णय
### खड्डों से 100 से 125 मीटर दूरी पर हो निर्माण

*समाजसेवी नाथूराम चौहान ने कहा कि वर्ष 2023 और 25 में आपदा के कारण हुए नुकसान को देखते हुए मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर कमेटी की बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि नदी-नालों से 100 से 125 मीटर की दूरी पर ही किसी भी प्रकार का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के सभी जिलाधीशों को भी स्पष्ट आदेश जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर निर्माण किया जा रहा है।*

## फरमान मलिक ने अंतरराष्ट्रीय हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री में चमकाया शेड्स कॉलेज का नाम

अनंत ज्ञान



**सोलन।** शेड्स कॉलेज सोलन के छात्र फरमान मलिक ने अंतरराष्ट्रीय हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री में सफलता हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। फरमान बी-3 बैच के छात्र रहे हैं और एफ एंड बी विभाग से जुड़े रहे। उन्होंने द ओबेरॉय सुखविलास से ट्रेनिंग प्राप्त की। वर्तमान में वह अकोर ग्रुप के होटल सोफिटेल तकसीम इस्तांबुल (तुर्की) में कार्यरत हैं। प्रबंधन के मुताबिक उनका वार्षिक पैकेज लगभग 12 लाख रुपए है। कॉलेज प्रबंधन ने उनकी उपलब्धि पर खुशी जताते हुए इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणादायक बताया।

## न्यूज ब्रीफ

### आयुष विभाग को सुदृढ़ करने के किए जा रहे कड़े प्रयास : डॉ. इंदु शर्मा

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने जानकारी दी कि सिरमौर में आयुष विभाग को सुदृढ़ करने के कड़े प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिला सिरमौर के आयुष अस्पताल पांवटा साहिब व नाहन तथा समस्त औषधालयों में सभी दवाइयां उपलब्ध करवाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि सिरमौर जिला के समस्त औषधालयों में आयुष विभाग की पद्धति से रोगियों का इलाज किया जा रहा है और इस कड़ी में सभी चिकित्सकों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है तथा चिकित्सकों को सहायता प्रदान कर रहे चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

### रोड सेफ्टी क्लब ने छात्रों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, नाहन।** डॉ. वाईएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहन के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा इस शैक्षणिक सत्र 2025-26 में आयोजित विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को सम्मानित करने हेतु पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्लोगन लेखन, पोस्टर मेकिंग, क्विज प्रतियोगिता तथा डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट जैसी गतिविधियों के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विभव कुमार शुक्ला थे। सम्मानित अतिथि के रूप में नरेंद्र तोमर जिला सिरमौर रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता के रूप में एएसआई श्रीमती शांता महिला पुलिस थाना नाहन ने तथा श्रीमती सुनीता जी ने भी शिरकत की। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। विभागाध्यक्ष डॉ. रविकांत शर्मा तथा प्रोफेसर नवदीप कौर अर्थशास्त्र विभाग से मंच पर उपस्थित रहे और अर्थशास्त्र विभाग के छात्रों को आशीर्वाद प्रदान किया। रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रोफेसर गोपाल भारद्वाज ने मंच संचालन किया।

### एनएसयूआई का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**अनंत ज्ञान, नाहन।** त्रिलोकपुर में आयोजित एनएसयूआई का दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हो गया। इस शिविर में जिला सिरमौर के विभिन्न कॉलेजों से जुड़े एनएसयूआई कार्यकर्ताओं और छात्रों ने हिस्सा लिया। शिविर के दौरान छात्र हित से जुड़े मुद्दों के साथ-साथ सामाजिक विषयों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष मनदीप ठाकुर ने बताया कि जिला मुख्यालय नाहन के साथ लगते त्रिलोकपुर में एनएसयूआई के छात्रों के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका आज विधिवत समापन हो गया। शिविर में समाज में फैल रही कुरीतियों को लेकर भी अलग-अलग सेशन आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं की भूमिका और जागरूकता पर जोर दिया गया। मनदीप ठाकुर ने बताया कि शिविर के दौरान एनएसयूआई ने आने वाले समय में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा भी तैयार की।

### सराहां कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन




पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेते छात्र। अनंत ज्ञान

**अनंत ज्ञान, सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत पोस्टर मेकिंग एवं नारा लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। रोड सेफ्टी क्लब के समन्वयक प्रो. सुदेश कुमार ने विद्यार्थियों को बताया कि इस तरह के कार्यक्रम जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभाते हैं। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. गुलशन कुमार धीमान, प्रो. जगमोहन सिंह, डॉ. राजन कौशल, प्रो. दिनेश कुमार, डॉ. मोल्लम डोलमा, डॉ. रीमा शर्मा, प्रो. कृष्ण दत्त, प्रो. प्रियंका सराओ उपस्थित रहे। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में दर्शदीप कौर (बी.कॉम द्वितीय वर्ष) ने प्रथम, श्रुति शर्मा (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय एवं प्रीतिका (बीए तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान अर्जित किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में अमिता शर्मा (बीकॉम द्वितीय वर्ष) ने प्रथम, शिखा शर्मा (बीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय एवं हेमंत (बीकॉम प्रथम वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### सोलन से बड़ू साहिब तक आयोजित होगी चिट्टा मुक्त हिमाचल जन जागरूकता दौड़

**अनंत ज्ञान, सोलन।** सोलन में नशे के खिलाफ जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से चिट्टा मुक्त हिमाचल जन जागरूकता दौड़ का आयोजन 8 से 9 मार्च तक किया जाएगा। सिरमौर कल्याण मंच के प्रधान प्रदीप ममगाईं ने बताया कि कल्याण मंच सोलन एवं चूड़ेश्वर सेवा समिति सोलन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित यह दौड़ सोलन से शुरू होकर नौणी, यशवंत नगर, राजगढ़, खेरी होते हुए बड़ साहिब में संपन्न होगी। इस दौड़ को डीसी सोलन मनमोहन शर्मा 8 मार्च को प्रातः 9 बजे ठोडो ग्राउंड सोलन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करें। इस जन-जागरूकता दौड़ का मुख्य उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना है। इसका संदेश नशा छोड़ो-जीवन जोड़ो रखा गया है, ताकि लोगों को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित किया जा सके। इस दौड़ में अंतरराष्ट्रीय पैरा धावक विरेंद्र सिंह भी विशेष रूप से शामिल होंगे। इस दौड़ को होटल रमाडा कसौली (सोलन) द्वारा प्रायोजित किया जा रहा है।

### अंबुजा सीमेंट उद्योग दाड़लाघाट में 10 मार्च तक मनाया जाएगा सुरक्षा सप्ताह

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** अंबुजा सीमेंट दाड़लाघाट उद्योग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस के उपलक्ष्य में 4 से 10 मार्च तक सुरक्षा सप्ताह मनाया जा रहा है। वर्ष 2026 के लिए सुरक्षा का थीम उन्नत सुरक्षा के लिए लोगों को संलग्न करें, शिक्षित करें और सशक्त बनाएं रखा गया है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अंबुजा सीमेंट दाड़लाघाट उद्योग में सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से श्रमिकों और कर्मचारियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को बढ़ावा देना, दुर्घटनाओं को रोकना तथा उद्योग में कार्यरत सभी कर्मचारियों को सक्षम बनाना इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। सुरक्षा के शून्य दुर्घटना लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए यूनियन, कर्मचारी, उद्योग प्रबंधन और सरकार का सामूहिक प्रयास जारी है।

## निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने की तैयारी में नगर निगम

# कंक्रीट में तब्दील हो रहे सोलन शहर में भवन निर्माण पर लगेगी ब्रेक

### सोलन नगर निगम चिन्हित क्षेत्रों में बना रहा 'नो कंस्ट्रक्शन जोन' का प्रस्ताव

अनंत ज्ञान



अनंत ज्ञान मुद्दा

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन शहर में अंधाधुंध भवन निर्माण से बढ़ती आबादी और घटते बिजली, पानी, सड़क और सीवरेज के संसाधनों को देखते निर्माण कार्यों पर ब्रेक लगाने की तैयारी है। नगर निगम शहर को 'नो कंस्ट्रक्शन जोन' घोषित करने की रूपरेखा तैयार की जा रही है, जिससे अनियंत्रित निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके। प्रस्ताव को पहले नगर निगम के जनरल हाउस में रखा जाएगा और पार्षदों की सहमति मिलने के बाद इसे सरकार के पास अंतिम मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। यदि यह प्रस्ताव सरकार ने मंजूर किया तो सोलन शहर में लगातार हो रहे निर्माण गतिविधियों पर अंकुश लग सकता है। नगर निगम शहर को 'नो कंस्ट्रक्शन जोन' घोषित प्रस्ताव तैयार किया है। जिससे हाउस में रखा जाएगा।

### भवन निर्माण में आई तेजी

**पिछले** कुछ वर्षों में सोलन शहर का तेजी से विस्तार हुआ है। शहर के आसपास के इलाकों में बड़ी संख्या में मकान, फ्लैट और अन्य निर्माण कार्य हुए हैं। हालत यह है कि कई स्थानों पर खाली जमीन लगभग खत्म हो चुकी है और प्राकृतिक क्षेत्र भी तेजी से कंक्रीट में बदलते जा रहे हैं। निगम का मानना है कि यदि इसी गति से निर्माण कार्य जारी रहा, तो भविष्य में पर्यावरणीय और आपदा संबंधी खतरे बढ़ सकते हैं।

### सोलन भूकंप की दृष्टि से भी संवेदनशील

**विशेषज्ञों** के अनुसार, अत्यधिक निर्माण और पहाड़ी क्षेत्रों में कटिंग से भू-स्खलन और अन्य आपदाओं का खतरा बढ़ सकता है। सोलन भूकंप की दृष्टि से भी संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए नगर निगम शहर में निर्माण गतिविधियों को नियंत्रित करने की दिशा में गंभीरता से विचार कर रहा है। फिलहाल शहर में आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत भारी मशीनों से कटिंग पर पहले ही कुछ प्रतिबंध लागू हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी है। यदि यह प्रस्ताव लागू होता है तो शहर के कई हिस्सों में निर्माण कार्य पूरी तरह प्रतिबंधित हो सकता है या फिर विशेष अनुमति के बाद ही निर्माण की इजाजत दी जाएगी। यह व्यवस्था कुछ हद तक शिमला शहर में लागू निर्माण नियंत्रण नीति की तर्ज पर हो सकती है। इस संभावित निर्णय का सबसे अधिक असर रियल एस्टेट सेक्टर पर पड़ सकता है। शहर में कई बिल्डर बड़े आवासीय प्रोजेक्ट और फ्लैट्स का निर्माण कर रहे हैं।



शहर में लगातार हो रही कंस्ट्रक्शन को देखते हुए निगम 'नो कंस्ट्रक्शन जोन' का प्रस्ताव तैयार कर रहा है। इस मुद्दे पर अगले जनरल हाउस में चर्चा की जाएगी और सभी पार्षदों की सहमति के बाद ही इसे सरकार को भेजा जाएगा।
**उषा शर्मा, मेयर नगर निगम सोलन**

# सीएचसी चंडी में स्टाफ की कमी लोग स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित

अनंत ज्ञान

**अश्विनी शर्मा, कसौली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंडी में स्टाफ की कमी के कारण लोगों को सुचारू रूप से स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल रही हैं। वर्तमान में यहां चिकित्सकों के तीन पद स्वीकृत हैं, लेकिन अकसर डॉक्टर, फार्मासिस्ट व स्टाफ नर्स के पदों पर कार्यरत कर्मियों की डेपुटेशन पर ड्यूटी अन्य केंद्रों में लगाई जाती है, जिससे यहां इलाज के लिए आने वाले रोगियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि हैरानी इस बात की है कि उक्त सीएचसी में कोई भी डॉक्टर स्थाई तौर पर नियुक्त नहीं है, जो चिकित्सक हैं उनकी एक साथ तीन-तीन चिकित्सा केंद्रों पर ड्यूटी लगाई जाती है। डेपुटेशन पर ड्यूटी लगाने से चिकित्सकों के अपने स्वास्थ्य केंद्र बिना चिकित्सक के रहते हैं। स्थिति यह है कि यहां काम चलाने के लिए डॉक्टर को कभी कुठाड़ से, कभी गोयला से, कभी कोटबेजा से और कभी हरिपुर पीएचसी से बुलाया जाता है, जबकि इस सीएचसी चंडी में औसतन 60 से 70 रोगी हर दिन ओपीडी में आते है। इसके अलावा किसी भी आपातकाल में यहां कोई स्थायी डॉक्टर नहीं होता है। ऐसे में लोगों को इलाज के लिए बाहर के केंद्रों का रुख करना पड़ता है।

स्टाफ की कमी से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी है। स्थानीय ग्रामीण सतीश कुमार शर्मा, जयपाल, विनय कुमार, राहुल शर्मा, विनोद डोगरा, महेश कुमार, रिक्की, सुनील कुमार व चंद्रमोहन ने बताया कि इस सीएचसी में में क्षेत्र की 15 पंचायतों के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेने हेतु आते हैं, परंतु यहां अक्सर स्टाफ की कमी खलती है।

## शिलाई क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ों के अवैध कटान पर भाजपा नेताओं ने दी तीखी प्रतिक्रिया

**अनंत ज्ञान, राजगढ़।** सिरमौर के शिलाई क्षेत्र में प्रदेश की सुक्खू सरकार के एक मंत्री के करीबियों द्वारा सैकड़ों पेड़ों के अवैध कटान पर भाजपा नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सिरमौर जिला भाजपा प्रवक्ता मेलाराम शर्मा और प्रताप रावत ने कहा कि उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान के संरक्षण में शिलाई क्षेत्र में सैकड़ों पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाकर वन संरक्षण अधिनियम की धज्जियां उड़ाई गई हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि सरकार हर साल बौद्ध संरक्षण और जंगलों को बचाने के लिए करोड़ों खर्च करती है और वन विभाग का भारी भरकम स्टाफ वनों की रक्षा के लिए तैनात है, परंतु मंत्री के संरक्षण में दिन-दहाड़े सैकड़ो पेड़ काटना अपने आप में चिंता का विषय है। उन्होंने वन विभाग और पुलिस प्रशासन से आग्रह किया कि वनों के कटान के इस गंभीर मामले के दोषियों को तुरंत गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाए।

## संगड़ाह में बीएमओ सुनील कक्कड़ ने संभाला पदभार

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला सिरमौर के स्वास्थ्य खंड संगड़ाह में नए खंड चिकित्सा अधिकारी (बीएमओ) के रूप में सुनील कक्कड़ ने कार्यभार संभाल लिया है। पदभार संभालने के बाद सुनील कक्कड़ ने कहा कि संगड़ाह क्षेत्र के लोगों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं को मजबूत करने, चिकित्सा स्टाफ के बेहतर समन्वय और मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं आसानी से मिलें, इसके लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों की कार्यप्रणाली को और प्रभावी बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को भी बढ़ावा दिया जाएगा। सुनील कक्कड़ ने कहा कि संगड़ाह जैसे पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाना चुनौतीपूर्ण जरूर है, लेकिन विभागीय टीम और स्थानीय सहयोग के साथ बेहतर परिणाम देने का प्रयास किया जाएगा।

## महिला सशक्तिकरण सामाजिक विकास का आधार : उपायुक्त मनमोहन शर्मा

### महिला उत्थान की दिशा में सतत कार्य करने की प्रेरणा दी

अनंत ज्ञान

**ब्यूरो, सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि महिला सशक्तिकरण सामाजिक विकास का आधार है और जिला प्रशासन यह सुनिश्चित बना रहा है कि महिला सशक्तिकरण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं के लाभ सभी महिलाओं को मिलें। मनमोहन शर्मा शनिवार को अंतरराष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग सोलन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उपायुक्त ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है और महिला सशक्तिकरण का उद्देश्य समाज को महिलाओं के योगदान एवं अधिकारों की जानकारी देना है।

मनमोहन शर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में सभी क्षेत्रों में महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही हैं। महिलाएं खेलकूद, राजनीति, सेना सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं क्रियान्वयन की जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाकर प्रदेश की आर्थिकी में उनके योगदान को बढ़ावा देना है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं तक पहुंचाने और महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में आशा कार्यकर्ता सराहनीय योगदान दे रही हैं।

उपायुक्त ने इस अवसर पर महिला उत्थान के लिए सराहनीय कार्य करने वाली सामाजिक कार्यकर्ता विजय लंबा और शांति जसवाल को सम्मानित किया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशाल रैली आयोजित

**प्रेम कुमार, कंडाघाट।** उपमंडल मुख्यालय कंडाघाट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को विशाल रैली और सभा का आयोजन किया गया। इसका आयोजन हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति, स्थानीय प्रशासन और कई विभागों के संयुक्त सहयोग से किया गया। इसमें स्थानीय सभी स्कूलों, कॉलेज, महिला पॉलिटेक्निक के विद्यार्थियों और कई स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों सहित 350 लोगों ने हिस्सा लिया। रैली को एसडीएम गोपाल शर्मा और बीडीओ ओपी शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैन बाजार और पुराने कोर्ट रोड से होते हुए सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सभा स्थल पर पहुंची। इस दौरान महिला समता, उनके अधिकारों और बेटियों की सुरक्षा और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर देने का संदेश दिया गया। वक्ता एचजीवीएस के राज्य सचिव सत्यवान पुंडीर ने महिलाओं की वर्तमान स्थिति, युवाओं में नशे की प्रवृति, समाज को नशा मुक्त करने के लिए महिलाओं की भागीदारी की आवश्यकता की जानकारी दी।

## बागवानी तथा पर्यटन व्यवसाय से सिरमौर के विकास को मिली गति



राजगढ़ पहुंचे उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**राजगढ़/ नाहन।** उद्योग, संसदीय कार्य तथा श्रम एवं रोजगार मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने शनिवार को राजगढ़ में जेलदार पेट्रोल पंप का शुभारंभ करने के उपरांत जन समस्याओं को भी सुना। इस अवसर पर उपास्थित जन समुह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार लोगों के सर्वांगिण विकास के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा कि राजगढ़ क्षेत्र की जलवायु कृषि तथा बागवानी के लिए उपयुक्त है तथा इस क्षेत्र का आडू विश्व प्रसिद्ध है, जिसके कारण इसे पीच वैली के नाम से जाना जाता है। उन्होंने कहा कि राजगढ़ क्षेत्र में प्रर्यटन की अपार संभवनाएं हैं। उद्योग मंत्री ने कहा कि भविष्य में सिरमौर प्रदेश का सिरमौर बनकर उभरेगा जो हम सभी जिलावासियों के लिए गर्व का विषय होगा। उन्होंने कहा कि जिला सिरमौर के मेहनती व कर्मठ युवा हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे है। उन्होंने कहा कि आज सिरमौर का युवा प्रतियोगी परीक्षाओं में अपनी लग्न और मेहनत के दम पर उच्च स्थान प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सिरमौर जिला के युवा उच्च प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं जिससे जिला सिरमौर का नाम रोशन हुआ है।

◆ **उद्योगमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने राजगढ़ में पैट्रोल पंप का किया शुभारंभ**

## महिलाओं को आत्मनिर्भर व आय के संसाधन बढ़ाने बारे किया जागरूक



कार्यक्रम में पहुंची महिलाएं। अनंत ज्ञान

अनंत ज्ञान

**कसौली।** ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर व अपने आय के संसाधनों को बढ़ाने व रोजगार के अवसर पैदा करने के उद्देश्य को लेकर प्रदेश सरकार के विभागों द्वारा गांव-गांव में लोगों को जागरूक किया जा रहा है। हिमाचल प्रदेश उद्यान विभाग द्वारा संचालित विषय विशेषज्ञ मौन पालन (पूर्वी क्षेत्र) द्वारा आयोजित मौन पालन पर सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कोटी-नांब पंचायत के गांव कोटी मे किया गया, जिसमें पंचायत क्षेत्र सहित साथ लगते क्षेत्र से करीब पच्चीस महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के प्रायोजक राष्ट्रीय माधवी परिषद रहे इस शिविर की शुरुआत उद्यान विभाग सोलन के डिप्टी डायरेक्टर डॉ शिवाली ठाकुर ने की। कार्यक्रम कोर्डिनेटर व उद्यान विकास अधिकारी डॉ गीतम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर में मौन पालन पर प्रशिक्षण दिया गया तथा विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा अलग-अलग विषयों पर जानकारियां दी गईं।

**उपलब्धि** | 2022 से 2024 के दौरान विभिन्न परीक्षणों में लगातार बेहतर प्रदर्शन

## फूलगोभी की किस्म 'सोलन उज्जवला' को राष्ट्रीय मान्यता

अनंत ज्ञान

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित फूलगोभी की एक किस्म 'सोलन उज्ज्वला' को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त हुई है।

हाल ही में ऑल इंडिया कोऑर्डिनेटर रिसर्च प्रोजेक्ट ऑन वेजिटेबल क्रॉप्स के सोलन केंद्र के वैज्ञानिकों ने तेलंगाना स्टेट हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी, हैदराबाद में आयोजित एआईसीआरपी-वीसी की 44वीं वार्षिक समूह बैठक में भाग लिया। बैठक की एक प्रमुख उपलब्धि नौणी स्थित सब्जी विज्ञान विभाग द्वारा विकसित देरी से तैयार होने वाली फूलगोभी की किस्म 'सोलन उज्ज्वला' को मिली राष्ट्रीय मान्यता मिली। इस किस्म को 2022 से 2024 के दौरान एआईसीआरपी-वीसी के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर किए गए परीक्षणों में लगातार बेहतर प्रदर्शन के आधार पर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली किस्म घोषित किया गया। बैठक में देशभर के प्रमुख सब्जी वैज्ञानिकों ने भाग लिया, यहां चल रहे अनुसंधानों की समीक्षा, विभिन्न किस्मों के परीक्षणों का मूल्यांकन तथा भारत में सब्जी उत्पादन और उसकी स्थिरता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण सिफारिशें तैयार की गईं।

इन उपलब्धियों पर वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है और वैज्ञानिकों के उत्कृष्ट अनुसंधान का परिणाम है। उन्होंने कहा कि 'सोलन उज्ज्वला' फूलगोभी किस्म का विकास और अनुशंसा किसान-केंद्रित कृषि अनुसंधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।



### इन्होंने किया प्रतिनिधित्व

**विश्वविद्यालय** के सोलन केंद्र का प्रतिनिधित्व प्रधान अन्वेषक डॉ. रमेश कुमार भारद्वाज और सह-प्रधान अन्वेषक डॉ. देवेंद्र कुमार मेहता, डॉ. कुलदीप सिंह ठाकुर तथा डॉ. दीपिका शांडिल ने किया। वार्षिक बैठक में किस्म विकास, बीज उत्पादन प्रौद्योगिकी, फसल संरक्षण तथा टिकाऊ सब्जी उत्पादन से संबंधित विषयों पर गहन तकनीकी सत्र आयोजित किए गए। विचार-विमर्शों के परिणामस्वरूप सोलन केंद्र से संबंधित आठ प्रमुख सिफारिशें स्वीकृत की गईं। इनमें संभावित सब्जी किस्मों की पहचान एवं रिलीज, बीज उत्पादन तकनीकों में सुधार तथा एकीकृत पौध संरक्षण रणनीतियों को अपनाने से जुड़े सुझाव शामिल हैं।

# केदारनाथ धाम से कन्याकुमारी तक खदेड़े जाएंगे घुसपैठिए : अमित शाह

## हरिद्वार में आयोजित राज्य सरकार के '4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में बोले गृह मंत्री

**एजेंसी, हरिद्वार**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह हरिद्वार में आयोजित राज्य सरकार के '4 साल बेमिसाल' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संवार रहे हैं। केदारनाथ धाम से लेकर कन्याकुमारी तक पूरे देश में जहां-जहां घुसपैठिए हैं, उन्हें चुन-चुनकर भारत से बाहर निकालने का काम किया जाएगा।

इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री 1,100 करोड़ रुपए से अधिक लागत की कई परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते



हुए केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने पुष्कर सिंह धामी सरकार की सराहना करते हुए कहा कि आज राज्य की अलग पहचान है। उत्तराखंड विकास की राह में आगे बढ़ रहा है। आज भी कई करोड़ों रुपये की योजना का लोकार्पण हो रहा है। कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2000 नए पुलिस आरक्षियों को नियुक्ति पत्र दिए। इसके अलावा उन्होंने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के तहत दूसरे देशों से आए हिंदुओं को भारत की नागरिकता प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। शाह ने भाजपा कार्यकर्ताओं को उत्तराखंड में तीसरी बार भाजपा सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने मंच से युवाओं को मेरे जिगर के टुकड़े कहकर बुलाया। इससे पहले कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में विकास कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है और केंद्र सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है। हरिद्वार समेत पूरे प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए कई अहम योजनाएं चलाई जा रही हैं।

कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अजय टमटा, पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, तीरथ सिंह रावत, विजय बहुगुणा, डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूरी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद महेंद्र भट्ट सहित कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## एसआईआर में वोटर्स के नाम बंगाल को बांटने के इरादे से हटाए: ममता

**एजेंसी, कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का धरना शनिवार को लगातार दूसरे दिन भी जारी है। ममता रातभर धरना स्थल पर ही रहीं। ममता ने पश्चिम बंगाल में स्पेशल इंटेसिव रिविजिन (एसआईआर) में वोटर लिस्ट से नाम हटाने के विरोध में 6 मार्च दोपहर 2 बजे से कोलकाता के एस्प्लेनेड मेट्रो चैनल पर धरना शुरू किया है। ममता बनर्जी ने समर्थकों को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि पोस्ट एसआईआर में वोटर लिस्ट से वोटर्स के नाम हटाना हटाना बंगाल को बांटने के इरादे से किया गया है। भाजपा बंगाल को बांटकर वोट छीनने की योजना बना रही है। वे (भाजपा नेता) अन्य राज्यों में बंगाली भाषी लोगों को परेशान कर रहे हैं और बंगालियों को उनके वोट देने के अधिकार से वंचित करने की साजिश रच रहे हैं। धरना स्थल पर ममता के साथ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के वरिष्ठ नेता, विधायक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद हैं। पार्टी समर्थक सुबह से ही पहुंच रहे हैं। हमने बजट में दो योजनाओं की घोषणा की थी। एक है 'बंगालर युवा साथी' और दूसरी है 'भूमिहीन खेत मजदूर'। दोनों योजनाएं अप्रैल से शुरू होनी थीं, लेकिन हमने इन्हें आज से शुरू करने का फैसला किया है। वे बंगाल को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि हमारा राज्य कई योजनाएं लाने में पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा एलपीजी की कीमतें फिर से बढ़ा दी गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# जन औषधि दिवसः सस्ती दवाओं से लाखों परिवारों को राहतः मोदी


**एजेंसी, नई दिल्ली**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जन औषधि दिवस के अवसर पर देशवासियों, विशेष रूप से प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना से लाभान्वित लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह पहल हर नागरिक को सस्ती और गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने की सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर माईगॉवइंडिया की ओर से साझा पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा, 'जनऔषधि दिवस 2026 पर, उन सभी लोगों को मेरी शुभकामनाएं जिन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि परियोजना का अच्छा असर हुआ है। यह पहल यह पक्का करने के हमारे कमिटमेंट को दिखाती है कि हर नागरिक को सस्ती कीमतों पर अच्छी दवाइयां मिलें। जन औषधि केंद्रों के ज़रिए, अनगिनत परिवार हेल्थकेयर खर्च बचा रहे हैं और सही इलाज पा रहे हैं।

उन्होंने एक अन्य पोस्ट में इस योजना के परिवर्तनकारी प्रभाव की झलक भी साझा की। माईगॉवइंडिया की ओर से साझा किए गए एक पोस्ट में कहा गया कि दीर्घकालिक बीमारी किसी परिवार के लिए आर्थिक बोझ नहीं बननी चाहिए। प्रधानमंत्री की सोच के अनुरूप यह योजना दीर्घकालिक बीमारियों के लिए आवश्यक दवाओं को सुलभ और किफायती बनाकर स्वास्थ्य सेवाओं में बदलाव ला रही है। आंकड़ों के अनुसार जन औषधि केंद्रों पर उपलब्ध दवाएं ब्रांडेड दवाओं की तुलना में 50 से 80 प्रतिशत तक सस्ती हैं, जिससे देशभर के परिवारों के स्वास्थ्य खर्च में उल्लेखनीय कमी आई है। इन केंद्रों से दवाएं खरीदकर लोगों ने अब तक 40,000 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है और प्रतिदिन लगभग 15 लाख ग्राहक यहां से दवाएं खरीदते हैं। योजना के तहत केंद्रों का नेटवर्क भी तेजी से बढ़ा है। वर्ष 2014 में जहां केवल 80 केंद्र थे, वहीं 2026 तक इनकी संख्या बढ़कर लगभग 18,000 हो गई है। इन केंद्रों पर वर्तमान में 29 चिकित्सीय श्रेणियों में 2,110 से अधिक दवाएं और 315 सर्जिकल उत्पाद उपलब्ध हैं। इसके साथ ही मासिक धर्म स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए यहां एक रुपये प्रति पैड की दर से सेनेटरी पैड उपलब्ध कराए जा रहे हैं और अब तक 100 करोड़ से अधिक पैड बेचे जा चुके हैं। (अनंत ज्ञान)




# अगर राजनीति में नहीं होता, तो एयरोस्पेस कारोबारी होता : राहुल

**एजेंसी, त्रिवेंद्रम**

**कांग्रेस** सांसद राहुल गांधी ने शनिवार को त्रिवेंद्रम में कहा कि अगर वे पॉलिटिक्स में नहीं होते, तो एयरोस्पेस की दुनिया में एंटरप्रेन्योर (कारोबारी) होते। राहुल ने कहा कि वे एक पायलट हैं। उनके पिता और चाचा भी पायलट थे। यह परिवार में चलता है। राहुल केरल के दो दिन के दौरे पर हैं। वे टेक्नोपार्क में इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (आईटी) फ्रेटरनिटी के साथ बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने चाइना के इंडस्ट्रियल सिस्टम की तारीफ की। कांग्रेस सांसद ने कहा कि चीन ने एक शानदार इंडस्ट्रियल सिस्टम बनाया है जिसका दुनिया में कोई मुकाबला नहीं है। लेकिन हमें उनका जबरदस्ती वाला सिस्टम पसंद नहीं। वे डेमोक्रेटिक नहीं हैं।

राहुल ने केरल के इडुक्की जिले के कुट्टिकनम में चाय बागान के मजदूरों से बातचीत की व वर्कला के शिवगिरी मठ में श्री नारायण गुरु की समाधि पर भी गए। (अनंत ज्ञान)

### रूस-यूक्रेन और इसराइल-ईरान जंग का उदाहरण दिया

**राहुल** ने कहा कि दुनिया में युद्ध की तकनीक तेजी से बदल रही है। यूक्रेन के युद्ध में ड्रोन तेजी से इस्तेमाल हो रहे हैं, जो पुराने पेट्रोल-डीजल इंजन वाली तकनीक को पीछे छोड़ रहे हैं। वहीं ईरान जैसे देशों में भी सेना अब बैटरी, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रिक मोटर वाली तकनीक की तरफ बढ़ रही है। इन नई तकनीकों में अभी चीन की पकड़ सबसे मजबूत है। यह भारत के लिए चिंता की बात है। लेकिन सही नीति और दूरदृष्टि हो तो भारत इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और नई तकनीक के क्षेत्र में चीन को टक्कर दे सकता है।



## थाईलैंड से 4 भारतीय श्रमिकों की घर वापसी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के हस्तक्षेप के बाद विदेश मंत्रालय ने थाईलैंड से 6 भारतीय श्रमिकों में से 4 की सुरक्षित घर वापसी करवाई। एनएचआरसी के अनुसार प्रकाशित खबरों का स्वतः संज्ञान लेते हुए 20 फरवरी को विदेश मंत्रालय को एक पत्र लिखा था जिसमें उन्होंने थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक स्थित एक कारखाने में अपने नियोक्ता द्वारा कई महीनों से बंधक बनाए गए 6 भारतीय श्रमिकों को शीघ्र छुड़ाने का आग्रह किया था। पत्र के अगले दिन ही विदेश मंत्रालय के दक्षिणी प्रभाग ने थाईलैंड अधिकारियों से उन्हें छुड़ाने का अनुरोध किया और उस कंपनी के मालिक से भी संपर्क किया, जहां कथित तौर पर ये छह श्रमिक काम कर रहे थे। मंत्रालय की तुरंत कार्रवाई से 4 को तत्काल भारत वापस बुला लिया, जिसका पूरा खर्चा उनके नियोक्ता द्वारा वहन किया गया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि वह शेष दो बचाए गए श्रमिकों की स्वदेश वापसी के मामले को थाईलैंड आव्रजन अधिकारियों के संपर्क में हैं क्योंकि वे अपने वीजा की अवधि से अधिक समय तक रुके हुए थे।

# पाकिस्तान में पेट्रोल-डीजल 55 रुपए महंगा

## पेट्रोल 336 व डीजल 321 रुपए लीटर हुआ, अमेरिका-इसराइल व ईरान जंग का असर

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

**पाकिस्तान** ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में करीब 20% की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में 55 रुपए (पाकिस्तानी रुपया) प्रति लीटर तक की बढ़ोतरी की गई है। इस बढ़ोतरी के बाद पाकिस्तान में पेट्रोल की कीमत अब 335.86 रुपए प्रति लीटर हो गई है। वहीं डीजल 321.17 रुपए प्रति लीटर के स्तर पर पहुंच गया है।

सरकार का तर्क है कि अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग व मिडिल ईस्ट में तनाव के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़े हैं, जिसकी वजह से यह फैसला लेना पड़ा। कीमतों में बढ़ोतरी की खबर आने के बाद होते ही पाकिस्तान के बड़े शहरों जैसे लाहौर और कराची में पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा हो गई। लोग घंटों अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। लोगों को डर है कि आने वाले दिनों में कहीं तेल की किल्लत न हो जाए। (अनंत ज्ञान)

### जमाखोरी करने वालों पर होगी कार्रवाई : पीएम

**पेट्रोल** की कमी की अफवाहों और जमाखोरी की शिकायतों के बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जो भी लोग पेट्रोल का स्टॉक छिपाकर रख रहे हैं, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। पेट्रोलियम मंत्री अली परवेज मलिक ने स्पष्ट किया कि देश में पेट्रोल का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

### मिडिल ईस्ट संकट कब खत्म होगा, कुछ पता नहीं

**पाकिस्तान** सरकार का कहना है कि वे मौजूदा पेट्रोल रिजर्व को लंबे समय तक खींचने की योजना बना रहे हैं। मंत्री ने कहा कि हमें नहीं पता कि मिडिल ईस्ट का यह संकट कब खत्म होगा। सप्लाई चेन पर इसका असर पड़ सकता है, इसलिए हमें पहले से तैयारी रखनी होगी।

### कच्चे तेल के दाम 90.90 डॉलर पर पहुंचे

**बता** दें कि ईरान को लेकर ट्रंप के दिए एक बयान ने ग्लोबल एनर्जी मार्केट में हलचल मचा दी है। ट्रंप ने ईरान से 'बिना शर्त सरेंडर' की मांग की है, जिसके बाद कच्चे तेल की कीमतों में भारी तेजी देखी जा रही है। शुक्रवार को क्रूड ऑयल डब्ल्यूटीआई फ्यूचर्स 12.2% की बढ़त के साथ 90.90 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

### रूस से कच्चा तेल खरीद सकेगा भारत

**भारत** में पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने का संकट फिलहाल खत्म हो गया है, क्योंकि भारत को रूस से कच्चा तेल खरीदने की शर्तों के साथ छूट मिल गई है। अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने भारतीय रिफाइनरियों को 30 दिन का स्पेशल लाइसेंस दिया है। ये लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैलिड रहेगा।

## भारतीय स्टेट बैंक ने एलएचओ चंडीगढ़ में महिला दिवस मनाया और 12 सिलाई मशीनें दान कीं




अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय, सेक्टर 17, चंडीगढ़ ने 07 मार्च 2026 को कर्मचारियों के बीच कल्याण, सशक्तिकरण और समावेशिता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गतिविधियों की एक श्रृंखला के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया।

समारोह की शुरुआत सुबह एक ऊर्जावान जुम्बा नृत्य सत्र के साथ हुई, जिसमें प्रतिभागियों को फिटनेस अपनाने और दिन की शुरुआत सकारात्मक और उत्साही तरीके से करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। बाद में, चंडीगढ़ पुलिस द्वारा 'स्वयं' प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एक आत्मरक्षा प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों को व्यक्तिगत सुरक्षा और आत्मविश्वास के लिए व्यावहारिक तकनीकों और जागरूकता से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में मौज-मस्ती से भरी गतिविधियां भी शामिल थीं, जिससे एक जीवंत और संवादात्मक माहौल तैयार हुआ। इस वर्ष की थीम 'गिव टू गेन' के अनुरूप, महिलाओं के लिए कौशल विकास और आजीविका सृजन में सहायता करने के लिए 12 सिलाई मशीनें परयोग फाउंडेशन, पंचकूला को भेंट की गईं। समारोह का एक प्रमुख आकर्षण उप प्रबंध निदेशक (मानव संसाधन और कॉरपोरेट विकास अधिकारी) का लाइव संबोधन था, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रेरक विचार साझा किए और संगठन को मजबूत करने में महिला कर्मचारियों के अमूल्य योगदान को स्वीकार किया। इस तरह की पहल के माध्यम से, भारतीय स्टेट बैंक समाज में सार्थक योगदान देते हुए महिलाओं के लिए एक समावेशी, सहायक और सशक्त कार्यस्थल को बढ़ावा देने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करना जारी रखता है।

## नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष का कठोर कारावास

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** एडीजे शिफा की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म करने के दोषी को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को एक लाख 20 हजार जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार सदर थाना क्षेत्र के तहत गांव की एक महिला ने 15 मार्च 2025 को एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि गांव के ही साहिल ने उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। सदर थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर साहिल के खिलाफ दुष्कर्म, पोक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए साहिल को गिरफ्तार कर लिया था। तभी से मामला अदालत में विचाराधीन था। शनिवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश शिफा की अदालत ने साहिल को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी साहिल को एक लाख 20 हजार जुर्माना भी लगाया है।

# मोहाली में 100 स्व-उद्यमी महिलाओं का सम्मान

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पंजाब सरकार की ओर से सेल्फ हेल्प ग्रुपों के माध्यम से स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं को सम्मानित किया गया।

इसी के तहत विधायक कुलवंत सिंह द्वारा मोहाली में हल्का स्तर पर 100 स्व-उद्यमी महिलाओं को सम्मानित किया गया। विधायक कुलवंत सिंह ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को समर्पित आयोजित कार्यक्रम के बाद बताया कि इसके बाद प्रत्येक जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों में से चुनी गई 100-100 महिलाओं को जिला स्तर पर भी सम्मानित किया जाएगा। इसके साथ ही सभी जिलों में से 100-100 महिलाओं को 'अपना कारोबार : अपनी पहचान' के तहत राज्य स्तरीय कार्यक्रम के लिए चुना जाएगा, जिन्हें प्रोत्साहित करने के लिए पंजाब सरकार द्वारा 25-25 हजार रुपए की राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि सेल्फ हेल्प ग्रुपों का मुख्य उद्देश्य गांवों में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं को अपना काम शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करना और उन्हें आत्मनिर्भर



बनाना है, ताकि गरीबी को कम किया जा सके। उन्होंने बताया कि एक सेल्फ हेल्प ग्रुप में सामान्य तौर पर 10 से 15 महिलाएं सदस्य होती हैं। उन्होंने कहा कि स्वरोजगार में जुटी महिलाओं को काम करते हुए देखकर अन्य महिलाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक सेल्फ हेल्प ग्रुपों से जुड़ें ताकि वे अपने और अपने परिवार का पालन-पोषण आत्मनिर्भर बनकर कर सकें। विधायक ने बताया कि सेल्फ हेल्प ग्रुपों के माध्यम से महिलाएं सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, कोचिंग सेंटर, स्वास्थ्य सेवाएं, हैंडीक्राफ्ट, खाद्य सामग्री और कैटरिंग जैसे कई प्रकार के व्यवसाय शुरू कर सकती हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार लोगों द्वारा चुनी गई और लोगों को समर्पित सरकार है। लोगों को आने वाली रोजमर्रा की समस्याओं का समय रहते समाधान करना ही सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य योजना के तहत 10 लाख रुपए तक की सहायता वाली योजना की शुरुआत की गई है, जो देश की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस अवसर पर काउंसलर और आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता रमनप्रीत कौर कुंबड़ा (हल्का कोऑर्डिनेटर महिला विंग, मोहाली), विकास सिंगला (डीपीएम), सोमा देवी (क्लस्टर कोऑर्डिनेटर), राधिका (क्लस्टर कोऑर्डिनेटर), सोनिया एक्टिव वुमन, हरमेश सिंह (ब्लॉक प्रधान), फूलराज सिंह (हल्का कोऑर्डिनेटर), अमरीक सिंह, कैप्टन गुलजार सिंह, परमजीत सिंह चौहान (डायरेक्टर जेएलपीएल), कुलदीप सिंह समाना, दलवीर कौर, मोनिका ठाकुर, नेहा बजाज, रेनू सूद, रजनी गोयल, गुरविंदर कौर, गोगा देवी, आरती, दविंदर कौर संधू और मीनू त्रेहन भी उपस्थित थे।

# लुधियाना में औद्योगिक व व्यापार विकास नीति की शुरुआत की

अनंत ज्ञान

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने लुधियाना में औद्योगिक और व्यापार विकास नीति-2026 की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह नीति पंजाब को देश का प्रमुख निवेश केंद्र बनाने, बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन और औद्योगिक विकास को तेज करने के लिए तैयार की गई है। नई नीति निवेशकों को 20 प्रकार के प्रोत्साहनों में से चयन और अपने व्यवसाय मॉडल के अनुसार अनुकूलित पैकेज तैयार करने की अनुमति देती है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पहली बार पंजाब में पूंजी सब्सिडी लागू की गई है, जिससे निवेशकों का जोखिम कम होगा। नीति में मौजूदा उद्योगों को भी प्रोत्साहन के योग्य बनाया गया है, ताकि मशीनरी अपग्रेड, उत्पादन क्षमता विस्तार और नई लाइनों के लिए लाभ मिल सके। प्रोत्साहन अवधि 15 वर्षों तक बढ़ाई गई है, जिससे पूंजी-गहन क्षेत्रों के लिए दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित होगी। नई नीति में स्थिर पूंजी निवेश की परिभाषा का विस्तार किया गया है, जिसमें भूमि, श्रमिक आवास, अनुसंधान एवं विकास, ईटीपी और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज सिस्टम शामिल हैं। छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए रोजगार सृजन सब्सिडी की पात्रता 25 करोड़ रुपये निवेश और 50 कर्मचारियों तक घटाई गई है। इसके साथ ही महिलाओं, अनुसूचित जाति/जनजाति और दिव्यांग व्यक्तियों को रोजगार देने वाले उद्योगों के लिए उच्च सब्सिडी दर सुनिश्चित की गई है। सरकार ने 9 प्राथमिकता वाले क्षेत्रों और सीमावर्ती जिलों में 25 प्रतिशत अतिरिक्त प्रोत्साहन की घोषणा की है। आईटी/आईटीईएस, जीसीसी, इलेक्ट्रिक वाहन, सेमीकंडक्टर, फिल्म निर्माण और पर्यटन जैसे क्षेत्रों के लिए समर्पित नीतियां बनाई गई हैं। वर्ष 2022 से पंजाब में 1.55 लाख करोड़ रुपए का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है, जिसमें पिछले वर्ष ही 55,000 करोड़ शामिल हैं। नई नीति निवेशकों को लचीले और अनुकूलित प्रोत्साहन, मौजूदा उद्योगों के समर्थन और क्षेत्रीय विकास के अवसर प्रदान कर पंजाब के औद्योगिक विकास और आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

**प्रोत्साहित** मुख्यमंत्री मान ने सिंगापुर प्रशिक्षण के लिए प्रिंसिपलों के आठवें बैच को रवाना किया

# 'विश्व गुरु' अब 'विश्व चेला' बन गया: मान

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी में प्रशिक्षण के लिए 30 सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों के आठवें बैच को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य शिक्षकों को वैश्विक शिक्षा पद्धतियों से परिचित कराना और राज्य की सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाना है। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कई राजनीतिक मुद्दों पर भी बात की। उन्होंने जोर देकर कहा कि पंजाब बिजली (संशोधन) विधेयक, 2025 का कड़ा विरोध किया जाएगा। साथ ही उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार, कांग्रेस और अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर भी निशाना साधा। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने 'एक्स' पर लिखा, 'आज पंजाब के सरकारी स्कूलों के प्रिंसिपलों का एक और बैच प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर रवाना हुआ। मैंने इस



अवसर पर उनसे मुलाकात की, उन्हें शुभकामनाएं दीं और यात्रा की सफलता के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आगे लिखा, 'हमारी सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि पंजाब के बच्चों को विश्व स्तरीय और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो। इसी दृष्टिकोण के तहत हम अपने शिक्षकों और प्रिंसिपलों को लगातार अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण के अवसर प्रदान कर रहे हैं, ताकि वे नए और आधुनिक तरीके सीख सकें और पंजाब की शिक्षा व्यवस्था को और मजबूत बना सकें। हमारा लक्ष्य केवल स्कूल बनाना नहीं है, बल्कि ऐसी शिक्षा व्यवस्था तैयार करना है जो पंजाब के हर बच्चे को बड़े सपने देखने और उन्हें हासिल करने के योग्य बनाए। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'सरकारी स्कूलों के प्रमुखों को विश्व स्तरीय अवसर प्रदान करने के लिए 30 प्रिंसिपलों का आठवां बैच 8 से 14 मार्च तक सिंगापुर की प्रिंसिपल अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। अब तक 234 प्रिंसिपल और शिक्षा अधिकारियों के आठ बैचों को प्रशिक्षण के लिए सिंगापुर भेजा जा चुका है।' उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के लिए पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपनाई गई है, जिसके बाद जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा चुने गए प्रिंसिपलों का सत्यापन किया गया। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि प्रशिक्षण के दौरान ये प्रिंसिपल विदेशों में प्रचलित आधुनिक शिक्षा पद्धतियों से परिचित होते हैं। वापसी के बाद वे इन अनुभवों को अपने विद्यार्थियों और सहयोगियों के साथ साझा करते हैं, ताकि छात्र वैश्विक स्तर की शिक्षा का सामना कर सकें। उन्होंने कहा कि यह पहल राज्य की शिक्षा व्यवस्था को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित कर रही है।

विद्यार्थियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह गर्व की बात है कि भारत सरकार द्वारा कराए गए नेशनल अचीवमेंट सर्वे में पंजाब ने केरल को पीछे छोड़ते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थियों को सशस्त्र सेनाओं की तैयारी, नीट, जेईई, क्लैट और निफ्ट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष कोचिंग भी प्रदान की जा रही है। स्कूल ऑफ एमिनेंस और अन्य सरकारी स्कूलों के लगभग 300 विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स, जेईई एडवांस्ड और नीट परीक्षाओं के लिए योग्यता प्राप्त की है। आम आदमी पार्टी की अगुवाई वाली पंजाब सरकार सरकारी स्कूलों में शिक्षा को मजबूत करने पर विशेष जोर दे रही है। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा, 'आने वाले समय में किसी व्यक्ति को उसकी संपत्ति से नहीं, बल्कि उसके बच्चों द्वारा प्राप्त शिक्षा से अमीर माना जाएगा। इसी कारण राज्य सरकार हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है। यह भी गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर पंजाब के एक किसान की बेटी ने यूपीएससी परीक्षा में 15वां स्थान प्राप्त किया है। हमारी सरकार राज्य की बेटियों को आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान कर रही है ताकि वे हर क्षेत्र में ऊंचाइयों को छू सकें।'

# महिला नेतृत्व पर ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया

अनंत ज्ञान

**गुरनाम सागर, चंडीगढ़।** रयात बाहरा यूनिवर्सिटी में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 के अवसर पर 'एक्सीलेंस स्केल अप टू अप स्केल-वुमेन इन लीडरशिप' विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम 'विज्ञान में महिलाएं' थीम के तहत आयोजित किया गया, जिसमें समाज को दिशा देने और वैज्ञानिक प्रगति को आगे बढ़ाने में महिला नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर किया गया। प्रो. (डॉ.) सिमरजीत कौर, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला नेतृत्व का यह विषय केवल समय की आवश्यकता ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने वाला भी है। उन्होंने विज्ञान और नवाचार में हो रही उल्लेखनीय प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भविष्य को संवारने में महिला नेतृत्व की भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) संजय कुमार सिंह ने अपने संबोधन में समकालीन समाज के साथ-साथ इतिहास में भी महिलाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने युगों से पूजनीय देवी-देवताओं के उदाहरण देते



हुए महिलाओं की आंतरिक शक्ति और नेतृत्व क्षमता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपनी नेतृत्व क्षमता साबित करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि वे प्राचीन काल से ही समाज का नेतृत्व करती आ रही हैं और महत्वपूर्ण योगदान देती रही हैं। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंतरराष्ट्रीय लीडरशिप कोच साहिल सहोर ने सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचने के लिए उत्कृष्टता को कैसे विकसित किया जाए, इस विषय पर एक रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र प्रस्तुत किया। उन्होंने वास्तविक जीवन के उदाहरणों के माध्यम से महिलाओं द्वारा अपने दैनिक जीवन में निभाई जाने वाली अनेक भूमिकाओं में दिखाई देने वाली भावनात्मक शक्ति और दृढ़ता को उजागर किया। उन्होंने रिश्तों में मौजूद गहरे भावनात्मक जुड़ाव, विशेष रूप से मां के साथ संबंध का उल्लेख करते हुए कहा कि सच्चे नेतृत्व और उत्कृष्टता को परिभाषित करने वाले विचार और व्यवहार अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की थीम 'विज्ञान में महिलाएं' के तहत आयोजित रिक्लेमेशन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रशंसा पुरस्कार भी प्रदान किए गए। बायोटेक्नोलॉजी विभाग के मुनीश ने प्रथम पुरस्कार, ज्योति ने द्वितीय पुरस्कार और मानवी ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सत्र के दौरान वक्ता के साथ सक्रिय रूप से संवाद करते हुए विचारपूर्ण चर्चा की। कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक और सशक्त संदेश के साथ हुआ, जिसने विज्ञान तथा अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व और उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के प्रति विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित किया।

## स्पोर्ट्स विंडो

### फिट इंडिया का तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला कार्निवल शुरू

**एजेंसी, नई दिल्ली।** फिट इंडिया मूवमेंट ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शनिवार से तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्निवल शुरू किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आठ मार्च को मनाया जाता है। कार्यक्रम की थीम 'मजबूत महिलाएं, मजबूत राष्ट्र' है। इसमें सीमा सुरक्षा बल, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और दिल्ली पुलिस जैसे भारत के सशस्त्र बलों और सुरक्षा सेवाओं से जुड़ी 500 से अधिक महिलाएं भाग ले रही हैं। इसमें फिटनेस गतिविधियों और खेलों के माध्यम से महिलाओं की ताकत, लचीलेपन और नेतृत्वक्षमता को उजागर किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की शुरुआत में कई प्रख्यात हस्तियों ने भाग लिया और फिटनेस, स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। (अनंत ज्ञान)

### दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास करेगी इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम

**एजेंसी, लंदन।** इंग्लैंड की महिला क्रिकेट टीम अमेरिका, इसराइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण सुरक्षा चिंताओं के चलते आगामी श्रृंखलाओं की तैयारी के लिए अबूधाबी के बजाय दक्षिण अफ्रीका में अभ्यास शिविर में भाग लेगी। इंग्लैंड की 30 सदस्यीय टीम प्रिटोरिया में अभ्यास शिविर में हिस्सा लेगी जहां वह 10 से 27 मार्च के बीच आपस में ही पांच मैच खेलेगी। इसके लिए 15-15 खिलाड़ियों की दो टीम तैयार की गई हैं। टीमों के नाम इंग्लैंड की दो महान खिलाड़ियों जेन ब्रिटिन और राचेल हेहो फ्लिंट के नाम पर रखे गये हैं। यह दोनों घरेलू धरती पर विश्व कप जीतने वाली टीमों की सदस्य थीं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट टीम ब्रिटिन की कप्तानी करेंगी, जिसके कोच डरहम के पूर्व बल्लेबाज और इंग्लैंड की महिला टीम के सहायक कोच जॉन लुईस होंगे। उपकप्तान चार्ली डीन टीम हेहो फ्लिंट की कप्तानी करेंगी। यह टीम सहायक कोच ल्यूक विलियम्स टीम के मार्गदर्शन में खेलेगी। मुख्य कोच शार्लोट एडवर्ड्स शिविर के दौरान दोनों टीमों पर निगरानी रखेंगी। (अनंत ज्ञान)

### ताइवान ने वियतनाम को महिला एशियाई कप मैच में 1-0 से हराया

**एजेंसी, पर्थ।** ताइवान ने महिला एशियाई कप फुटबॉल के ग्रुप-सी मैच में वियतनाम को 1-0 से हराकर एक मैच शेष रहते हुए तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर लिया। सू यू-ह्सुआन ने 26वें मिनट में निर्णायक गोल किया। साकी मात्सुनागा का शॉट क्रॉसबार से टकरा गया, जिसके बाद सू ने रिबाउंड पर हेडर की मदद से गोल कर दिया। ताइवान तीन बार एशियाई कप का चैंपियन रहा है जिसमें टीम ने अपना पिछला खिताब 1981 में जीता था। जापान से बुधवार को 0-2 से हारने वाली ताइवान की टीम के लिए यह जीत काफी अहम है। वियतनाम ने अपने शुरुआती मैच में भारत को हराया था, लेकिन 2022 में क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली यह टीम ताइवान की रक्षा पंक्ति को भेदने में संघर्ष करती रही। दोनों टीमों के नाम दो-दो मैचों के बाद एक समान तीन अंक है। (अनंत ज्ञान)

### बुचर्ड की खूबसूरती की दुनिया दीवानी

**टेनिस** की दुनिया में अपने ग्लैमरस अंदाज के लिए पहचाने जाने वाली यूजिनी बुचार्ड दुनियाभर में अपनी खूबसूरती के लिए जानी जाती है। वह कनाडा की पहली महिला खिलाड़ी हैं, जिन्होंने टेनिस में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया।



# आज इतिहास रचने मैदान में उतरेगा भारत

## न्यूजीलैंड को हराया तो तीसरी बार टी-20 वर्ल्ड कप जीतने वाली इकलौती टीम बनेगी

**एजेंसी, अहमदाबाद**

टीम इंडिया 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अपना टी-20 वर्ल्ड कप का खिताब बचाने उतरेगी। भारत और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमें अहमदाबाद में 1-1 मैच साउथ अफ्रीका से हार चुकी हैं, अब इसी मैदान पर टाइटल की दावेदारी पेश करेंगी। भारत 2007 और 2024 में चैंपियन बन चुका है, वहीं कीवी टीम 2021 के बाद अब फाइनल में पहुंची है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी।

फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम 'परफेक्ट' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा।

अगर स्ट्राइक रेट की बात करें तो कीवी टीम का बैटिंग औसत भी भारत के 27.31 के मुकाबले 41.68 रहा। कीवी टीम ने भारत से बेहतर रन रेट और स्ट्राइक रेट से स्कोर किया।न्यूजीलैंड के 2 ही बैटर्स खाता नहीं खोल सके, जबकि भारत के बैटर्स 11 बार टूर्नामेंट में खाता नहीं खोल पाए।



मैच शुरू होने का समय: शाम सात बजे (अहमदाबाद)

### संभावित टीमें

**भारत:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

### भारत से बेहतर हैं न्यूजीलैंड के स्पिनर्स

**न्यूजीलैंड** ने 7 पारियां खेलीं, इनमें टीम को 41 विकेट मिले। 18 स्पिनर्स और बाकी पेसर्स ने लिए। दूसरी ओर टीम इंडिया ने 8 पारियों में 59 विकेट लिए। 23 स्पिनर्स और बाकी पेसर्स को मिले। न्यूजीलैंड के स्पिनर्स ने 7.5 की इकोनॉमी से रन खर्च किए, जबकि भारत के स्पिनर्स ने 8.3 की इकोनॉमी से रन लुटाए। ओवरऑल इकोनॉमी में भी न्यूजीलैंड ने भारत से बेहतर परफॉर्म किया।

### न्यूजीलैंड पावरप्ले में तो भारत मिडिल ओवर्स में स्ट्रॉन्ग

**फिन** एलन और टिम साइफर्ट की ओपनिंग जोड़ी न्यूजीलैंड को पावर प्ले में काफी मजबूत शुरुआत दिलाती है। टारगेट का पीछा करते हुए अक्सर दोनों प्लेयर्स ने फिफ्टी पार्टनरशिप की है। शुरुआती 6 ओवर में टीम ने औसतन 62 रन बनाने में 1 विकेट गंवाया। 84 रन टीम का बेस्ट स्कोर रहा, जो उन्होंने साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में बनाया। वहीं, टीम इंडिया ने पावरप्ले में औसतन 58 रन बनाने में 2 विकेट गंवाए हैं। हालांकि, टीम 2 बार 80 प्लस भी बना चुकी है, लेकिन ये स्कोर नामीबिया और जिम्बाब्वे के खिलाफ रहे। हालांकि 7 से 16 ओवर के बीच भारत जरूर स्ट्रॉन्ग रहा, टीम ने औसतन 93 रन बनाने में 3 विकेट गंवाए। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 123 रन टीम का बेस्ट स्कोर रहा। वहीं, मिडिल ओवर्स में न्यूजीलैंड ने विकेट जरूर औसतन 2 ही गंवाए, लेकिन टीम का औसत स्कोर भी 89 तक ही पहुंच सका। डेथ ओवर्स में टीम इंडिया कमजोर रही। आखिर के 4 ओवर्स में औसत स्कोर 44 रन ही रहा। टीम 3 बार ही 60 प्लस रन बना सकी। डेथ ओवर्स में न्यूजीलैंड की हालत भारत से भी कमजोर है, टीम का औसत स्कोर 39 रन ही रहा। (अनंत ज्ञान)

### बैटिंग फ्रेंडली हो सकती है अहमदाबाद की पिच



**एजेंसी, अहमदाबाद।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल बैटिंग फ्रेंडली पिच पर होगा। ईएसपीएन के अनुसार, अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में फ्रेश पिच का ही इस्तेमाल होगा, जहां टूर्नामेंट के शुरुआत में एक मैच खेला गया था। काली और लाल मिट्टी को मिक्स कर पिच बनाई गई है। यहां गेंद बहुत कम स्पिन होगी, लेकिन पेस और बाउंस जरूर मिलेगा। हालांकि, इससे बैटर्स को ही फायदा होना है। खिताबी मुकाबला 8 मार्च को शाम 7 बजे से खेला जाएगा। ईएसपीएन ने बताया कि इंग्लैंड के रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ अंपायरिंग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

**◆ फाइनल मैच में रिचर्ड इलिंगवर्थ करेंगे अंपायरिंग**

#### वानखेड़े में भी अहमदाबाद जैसी पिच थी

**वर्ल्ड** कप का दूसरा सेमीफाइनल भारत और इंग्लैंड के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। यहां की पिच दोनों ही पारियों में बैटिंग के लिए बहुत आसान रही। जहां टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी टीम इंडिया ने 253 रन बना दिए। इंग्लैंड ने भी हार नहीं मानी और भारत के करीब पहुंचते हुए 246 रन बना दिए। 40 ओवर के मैच में 499 रन बने। अब फाइनल में भी ऐसी ही पिच मिलने वाली है।

## सबसे ज्यादा 15वीं बार आईसीसी फाइनल खेलेगी भारतीय टीम

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टूर्नामेंट के इतिहास में रिकॉर्ड 15वीं बार फाइनल खेलने उतरेगी। 1983 में कपिल देव की कप्तानी में मिली पहली वर्ल्ड कप जीत से शुरू हुआ यह सफर भारत को अब तक 7 ट्रॉफियां दिला चुका है। आईसीसी टूर्नामेंट्स (वनडे वर्ल्ड कप + चैंपियंस ट्रॉफी + टी-20 वर्ल्ड कप + वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) में ऑस्ट्रेलिया सबसे सफल टीम है, जिसने 14 फाइनल में से 10 ट्रॉफियां जीती हैं। 2002 चैंपियंस ट्रॉफी का भारत-श्रीलंका फाइनल बारिश के कारण दो दिन में भी पूरा नहीं हो सका था। इसलिए दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित किया गया।

**◆ कपिल से रोहित तक 7 ट्रॉफी, ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरी सबसे सफल टीम**

टीम इंडिया ने अपना पिछला खिताब रोहित शर्मा की कप्तानी में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर जीता था। अब सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय टीम 8 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ एक और खिताब अपने नाम करने उतरेगी। (अनंत ज्ञान)

### 1983 से हुई थी आईसीसी चैंपियन बनने की शुरुआत

**25** जून 1983 को लॉर्ड्स में कपिल देव की कप्तानी में भारत ने दो बार की चैंपियन वेस्टइंडीज को 43 रन से हराकर पहला वर्ल्ड कप जीता। भारत 54.4 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हुआ, जिसमें कृष्णमाचारी श्रीकांत (38), मोहिंदर अमरनाथ (26) और संदीप पाटिल (27) ने अहम पारियां खेलीं। जवाब में बलविंदर संधू ने गॉर्डन ग्रीनिज को इनस्विंगर पर बोल्ड किया और मदन लाल ने 3 विकेट लेकर वेस्टइंडीज को दबाव में ला दिया। मैच का टर्निंग पॉइंट तब आया जब कपिल देव ने विवियन रिचर्ड्स का शानदार कैच पकड़ा। वेस्टइंडीज 140 रन पर ऑलआउट हो गई। अमरनाथ ने 3 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच जीता। कपिल देव का ट्रॉफी उठाना भारतीय क्रिकेट के नए युग की शुरुआत बना।

## वर्ल्ड कप ट्रॉफी के लिए अरबों दिल तोड़ेंगे : सैंटनर

### न्यूजीलैंड के कप्तान बोले- भारतीय टीम मजबूत, शुरुआती विकेट निकालने से बदलेगा मैच का रुख

**एजेंसी, अहमदाबाद**



टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल से पहले न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि ट्रॉफी जीतने के लिए अगर अरबों भारतीय प्रशंसकों का दिल तोड़ना पड़े तो भी उन्हें ऐतराज नहीं होगा। उन्होंने माना कि घरेलू मैदान पर खेलने की वजह से भारत पर खिताब जीतने का दबाव ज्यादा रहेगा। फाइनल से पहले सैंटनर ने कहा कि मुकाबले में भारत के टॉप ऑर्डर के विकेट अहम होंगे। भारतीय टीम मजबूत है, लेकिन सही समय पर शुरुआती विकेट निकालना मैच का रुख बदल सकता है। (अनंत ज्ञान)

#### टीम पूरी तरह तैयार

न्यूजीलैंड कप्तान ने कहा कि टीम फाइनल मुकाबले को लेकर उत्साहित है और खिलाड़ियों में अच्छा माहौल है। उनके मुताबिक वर्ल्ड कप फाइनल एक मैच का मुकाबला होता है, इसलिए टीम पूरी तैयारी के साथ उतरेगी। सैंटनर ने बताया कि उन्होंने अभी पिच नहीं देखी है, लेकिन उन्हें उम्मीद है कि अहमदाबाद में रन ज्यादा बन सकते हैं। उन्होंने भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की भी तारीफ की। बुमराह इस टूर्नामेंट में अब तक 10 विकेट ले चुके हैं और उनकी यॉर्कर व बाउंसर किसी भी बल्लेबाज के लिए चुनौती हैं।

#### अलग होता है वर्ल्ड कप फाइनल का प्रेशर

**सैंटनर** ने कहा कि न्यूजीलैंड की टीम पूरे टूर्नामेंट में कई बार मुश्किल हालात से गुजरी है और उन अनुभवों से टीम ने काफी सीखा है। उन्होंने यह भी कहा कि वर्ल्ड कप फाइनल द्विपक्षीय सीरीज से अलग होता है। उन्होंने साफ कहा कि अगर मौका मिला तो न्यूजीलैंड मेजबान टीम की उम्मीदों को तोड़ते हुए ट्रॉफी जीतने से पीछे नहीं हटेगा।

### वरुण को 'फुल या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद की कीमत चुकानी पड़ी: चावला



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय स्पिनर पीयूष चावला का मानना है कि रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी-20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में 'बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ' गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। पिछले दो मैच में चक्रवर्ती का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ 40 रन देकर एक विकेट, जबकि इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर एक विकेट लिया। चावला ने जिओ स्टार से कहा, 'मुझे लगता है कि कभी-कभी जब आप हताश हो जाते हैं या जब आप बहुत सारे प्रयोग करने की कोशिश करते हैं। आप आखिर में बहुत फुल लेंथ की गेंदें फेंकने लगते हैं और वरुण के साथ भी ठीक यही हो रहा है।' उन्होंने कहा,'उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है।' (अनंत ज्ञान)

## गाएल मोनफिल्स ने बीएनपी परिबास से ली भावुक विदाई


**एजेंसी, इंडियन वेल्स**

कैलिफोर्निया में खेले जा रहे प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट बीएनपी परिबास ओपन में फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी गाएल मोनफिल्स ने भावुक विदाई ली। दूसरे दौर के मुकाबले में उन्हें कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम के खिलाफ 6-7(5), 6-3, 6-4 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही मोनफिल्स का इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सफर समाप्त हो गया। मैच के बाद स्टेडियम में मौजूद दर्शकों ने उन्हें खड़े होकर तालियों के साथ सम्मानित किया।

39 वर्षीय मोनफिल्स ने पहले ही संकेत दिया है कि यह उनका आखिरी सीजन हो सकता है। मुकाबले के बाद उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से जुड़ी यादें उनके लिए बेहद खास हैं। उन्होंने कहा, 'यह मेरे लिए अविश्वसनीय टूर्नामेंट रहा है। मैं थोड़ा भावुक हूं। आमतौर पर मैं उदास नहीं होता, लेकिन आज थोड़ा दुख जरूर महसूस हो रहा है।' मोनफिल्स ने बताया कि बचपन से उनका सपना बड़े टूर्नामेंटों में बड़ी भीड़ के सामने खेलने का था और इंडियन वेल्स ने उनकी सभी उम्मीदों को पूरा किया। अपने शानदार एथलेटिक अंदाज और मनोरंजक खेल शैली के लिए मशहूर मोनफिल्स ने अपने करियर में कुल 13 एटीपी टूर खिताब जीते। उनका सबसे हालिया खिताब पिछले साल ऑकलैंड में आया था, जो 2005 में पोलैंड में जीते गए उनके पहले खिताब के लगभग 20 साल बाद था। मोनफिल्स ने कहा कि इस साल उन्हें टूर्नामेंट में वाइल्डकार्ड मिलने के लिए वह आयोजकों के आभारी हैं और इंडियन वेल्स हमेशा उनके लिए खुशियों से भरी जगह रहा है। (अनंत ज्ञान)

## रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से खेलना संदिग्ध

**एजेंसी, रियाद।** अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है।



यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा, 'पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है।' उन्होंने कहा, 'उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे। उन्हें अपने निजी फिजियोथेरेपिस्ट से इलाज करवाना होगा। हमें उम्मीद है कि वह जल्द ही टीम में वापसी करेंगे।' पुर्तगाल विश्व कप की अपनी तैयारी के तहत 28 मार्च को मैक्सिको के खिलाफ मैक्सिको सिटी में और इसके बाद एक अप्रैल को अमेरिका के खिलाफ अटलांटा में मैत्री मैच खेलेगा। उन्होंने अल नासर की तरफ से इस सत्र में 22 लीग मैच में 21 गोल किए हैं। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य सेन ने चीन के ली शी फेंग को हराकर सेमीफाइनल में बनाई जगह

**एजेंसी, बर्मिंघम**




भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026 के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में चीन के ली शी फेंग को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। 24 वर्षीय लक्ष्य सेन ने शुक्रवार को खेले गए मुकाबले में शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और ली शी फेंग को सीधे गेमों में 21-13, 21-16 से हराया।

यह मैच 45 मिनट तक चला, जिसमें भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक और सटीक खेल का प्रदर्शन किया। पहले गेम में लक्ष्य सेन पूरी तरह हावी रहे। उन्होंने शुरुआत में बढ़त बना ली और लगातार छह अंक हासिल करते हुए आसानी से गेम अपने नाम कर लिया। दूसरा गेम अपेक्षाकृत कड़ा रहा, जिसमें दोनों खिलाड़ियों के बीच कई बार बढ़त बदलती रही। हालांकि, निर्णायक क्षणों में लक्ष्य सेन ने लगातार अंक जुटाकर बढ़त को मजबूत किया और अंततः मुकाबला अपने नाम कर लिया।

अब सेमीफाइनल में लक्ष्य सेन का सामना कनाडा के विक्टर लाई और जापान के कोटा वतनाबे के बीच होने वाले क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता खिलाड़ी के साथ होगा। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय पुरुष व्हीलचेयर टेनिस टीम ने चीनी ताइपे को हराकर जीता कांस्य पदक

**एजेंसी, बेंगलुरु**

भारतीय पुरुष व्हीलचेयर टेनिस टीम ने कोलंबो में आयोजित बीएनपी परिबास व्हीलचेयर वर्ल्ड टीम कप एशिया क्वालिफिकेशन इवेंट 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऐतिहासिक कांस्य पदक अपने नाम किया। भारत ने कांस्य पदक मुकाबले में चीनी ताइपे को 3-0 से हराकर पहली बार इस प्रतियोगिता में पदक जीता। यह टूर्नामेंट 2 से 6 मार्च के बीच खेला गया। अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ (आईटीएफ) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट एशिया से बीएनपी परिबास वर्ल्ड टीम कप के लिए क्वालीफिकेशन का रास्ता तय करता है और इसे व्हीलचेयर टेनिस का 'डेविस कप' भी माना जाता है। भारतीय पुरुष टीम में भारत के नंबर-1 खिलाड़ी शेखर वीरास्वामी (विश्व रैंकिंग 210), बसवराज कुंदर्गी (विश्व रैंकिंग 185) और तमिलनाडु के कार्तिक करुणाकरन (विश्व रैंकिंग 351) शामिल थे।

कांस्य पदक मुकाबले में कार्तिक करुणाकरन ने टांग चाओ-हान (विश्व रैंकिंग 84) को 6-1, 6-1 से हराया, जबकि शेखर वीरास्वामी ने वांग वेई-ह्सुआन (विश्व रैंकिंग 92) को 6-1, 6-2 से मात दी। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने चेंग हान-त्सुंग और टांग चाओ-हान को डबल्स में 6-1, 6-0 से हराकर भारत को कांस्य पदक दिलाया। भारतीय टीम के कोच और कप्तान पीटर विजय कुमार ने कहा, 'यह पहली बार है जब भारतीय पुरुष टीम ने तीसरा स्थान हासिल कर कांस्य पदक जीता है। खिलाड़ियों ने शानदार समन्वय और निरंतर सुधार का प्रदर्शन किया। (अनंत ज्ञान)

### शुरुआत में झटके, बाद में शानदार वापसी

**भारत** को अपने पहले मुकाबले में कोरिया गणराज्य के खिलाफ 0-3 से हार का सामना करना पड़ा। कोरिया के हान सुंगबोंग (विश्व रैंकिंग 46) ने कार्तिक करुणाकरन को 6-1, 6-1 से हराया, जबकि इम हो वोन (विश्व रैंकिंग 61) ने बसवराज कुंदर्गी को 6-1, 6-2 से मात दी। इसके बाद ली जिहवान और हान सुंगबोंग की जोड़ी ने डबल्स में 6-3, 6-2 से जीत दर्ज कर मुकाबला अपने नाम किया। दूसरे मुकाबले में मेजबान श्रीलंका ने भी भारत को 3-0 से हराया। लसांथा रणवीरा (विश्व रैंकिंग 63) ने शेखर वीरास्वामी को 6-2, 6-0 से पराजित किया, जबकि सुरेश धर्मसेना (विश्व रैंकिंग 78) ने बसवराज कुंदर्गी को 6-0, 6-0 से हराया। श्रीलंका की जोड़ी गामिनी दिसानायका और प्रसन्ना विजेसिरिंगे ने डबल्स में 6-3, 6-3 से जीत दर्ज की।

**शीतकालीन खेल** मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच शीतकालीन पैरालंपिक गेम्स शुरू

## 2014 के बाद परेड में रूस के ध्वज की वापसी

**एजेंसी, वेरोना**

मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के तनाव के बीच मिलान कोर्टिना शीतकालीन पैरालिंपिक खेल शुक्रवार को शुरू हो गए गया, जिसमें कुछ देशों ने वैश्विक खेल मंच पर रूसी ध्वज की वापसी के कारण उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किया। उद्घाटन समारोह में इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले राष्ट्रों की परेड में रूस के ध्वज की वापसी हुई।

यह 2014 के शीतकालीन खेलों के बाद पहला अवसर है, जब पैरालंपिक खेलों में रूस का ध्वज फहराया गया। इससे लॉस एंजिलिस में 2028 में होने वाले ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों से पहले रूस की ओलंपिक जगत में पूर्ण वापसी की संभावना बढ़ गई है। परेड के दौरान रूस के खिलाड़ी मंच पर आए तो कुछ दर्शकों ने उनकी हूटिंग की।




चमकीले लाल रंग की पोशाक पहने चार खिलाड़ियों ने रूस का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने एरिना डि वेरोना में परेड करते हुए दर्शकों का अभिवादन किया। रूस के 2022 में यूक्रेन पर हुए आक्रमण के बाद पहली बार किसी बड़ी वैश्विक खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने पर उसका राष्ट्रगान बजाया जा सकता है। रूस के खिलाड़ियों पर शुरू में सरकार प्रायोजित डोपिंग कार्यक्रम के कारण प्रतिबंध लगाया गया था जो आक्रमण के बाद भी जारी रहे। यूक्रेन के नाम की घोषणा होने पर तालियां बजीं, लेकिन समारोह का बहिष्कार करने के कारण उसके किसी भी खिलाड़ी ने परेड में हिस्सा नहीं लिया। अंतरराष्ट्रीय पैरालंपिक समिति के अनुसार छह अन्य देशों ने राजनीतिक कारणों से समारोह में भाग न लेने की योजना बनाई थी। इनमें चेक गणराज्य, एस्टोनिया, फिनलैंड, लातविया, पोलैंड और लिथुआनिया शामिल हैं।

रूस के करीबी सहयोगी बेलारूस के ध्वज की भी वापसी हुई है जिसके दो खिलाड़ियों ने खचाखच भरे एरेना डि वेरोना में परेड में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

### नहीं दिखा ईरान का ध्वज

**ईरान** का ध्वज परेड में नहीं था क्योंकि उसकी तरफ से भाग लेने वाले एकमात्र खिलाड़ी पैरा क्रॉस-कंट्री स्कीयर अबुलफजल खातिबी ने उद्घाटन समारोह से कुछ घंटे पहले ही अपना नाम वापस ले लिया था। वह अमेरिका और इसरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमलों के बाद मध्य पूर्व में चल रहे संघर्ष के कारण इटली नहीं पहुंच पाए।